खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 27 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**उप्र में युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी**
पेज 2



**एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को आठ मेडल**
खेल टाइम्स



**एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा**
सम्पादकीय




**ट्रम्प ने चार बार किया फोन, मोदी ने नहीं की मन की बात: जर्मन पत्रिका**
पेज 12

## दिल्ली दंगे: अदालत ने छह व्यक्तियों को बरी किया, पुलिस को फटकार लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में छह व्यक्तियों को बरी कर दिया, जबकि आरोपियों के अधिकारों को 'कुचलने' के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से दंगा और आगजनी में शामिल भीड़ का हिस्सा होने के छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने 25 अगस्त को 41 पृष्ठों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट है कि आरोपियों के खिलाफ झूठा मामला गढ़ा गया और अभियोजन पक्ष का गवाह हेड कांस्टेबल विकास, जो मामले का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी है, इन आरोपियों के खिलाफ गवाही के संबंध में पूरी तरह से अविश्वसनीय है।

## हत्या के इरादे से की गई घरेलू हिंसा बेहद गंभीर: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसले में कहा कि मर्डर करने के इरादे से की गई घरेलू हिंसा के अपराधों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और वैवाहिक संबंध ऐसे मामलों में अपराध को कम करने वाला कारक नहीं हो सकता है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी को जमानत दिए जाने से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। मृतका के भाई की ओर से की गई शिकायत पर केस दर्ज हुआ, जिसमें कहा गया था कि आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। जमानत याचिका से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सवर्णा कांता शर्मा ने कहा कि घरेलू हिंसा के अपराधों को, जिनमें हत्या किए जाने का भी इरादा हो, गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में वैवाहिक संबंध को अपराध को कम करने वाला कारक नहीं, बल्कि गंभीर बनाने वाला माना जाएगा। कोर्ट भारतीय दंड संहिता (आईपीसी, 1860) की धारा 307 और 506 तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25, 27, 54 और 59 के तहत दर्ज एक मामले में जमानत की मांग करने वाली एक आरोपी द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रहा था।

## श्रमिकों की मृत्यु के मामले में दिल्ली सरकार तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक इमारत ढहने की घटना में कथित तौर पर तीन श्रमिकों की मृत्यु के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव, नगर निगम के आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है जिनमें बताया गया था कि 20 अगस्त को यहां दरियागंज इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला भवन का एक हिस्सा गिरने से तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बच गए। सभी मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। खबरों के अनुसार इस दुर्घटना के समय लगभग 15 श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। भवन के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि यदि जानकारी सही है, तो यह मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

# सुरक्षित रखे गए फैसले सुनने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**नई दिल्ल।** उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालयों द्वारा फैसले सुनाने में की जा रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे बेहद चौंकाने वाला और आश्चर्यजनक रवैया बताया है।



न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ 2008 से लंबित एक आपराधिक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों को चुनौती देने वाली रवींद्र प्रताप शाही द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। इस अपील पर 24 दिसम्बर, 2021 को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया गया था, लेकिन कोई फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे मामले को दूसरी पीठ के समक्ष रखा गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि शीघ्र निपटारे के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उच्च न्यायालय ने कोई फैसला नहीं सुनाया।

# नौसेना में शामिल हुए आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि

**मुंबई, वार्ता**

- दोनों स्वदेशी युद्धपोत, दुश्मन के रडार में नहीं आएंगे
- ब्रह्मोस, बराक-8 जैसी मिसाइलों से लैस

**इंडियन नेवी** को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचे रहेंगे।

इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजरायल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस हैं। इनमें 76एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है। आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत



सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है। आईएनएस उदयगिरि में एडवांस स्टेल्थ फीचर्स हैं, जो इसे दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचाने में मदद करते हैं। दोनों युद्धपोत परियोजना 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। इनके आने से भारत की समुद्री रक्षा को बड़ी मजबूती मिली है।

## भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं

# शांति चाहिए, तो युद्ध को तैयार रहें: CDS

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति चाहिए, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं।

जनरल चौहान मध्य प्रदेश के डा. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। एक मज़बूत नागरिक-सैन्य एकीकरण के लिए, उन्होंने देश के लिए एक सुदर्शन चक्र (भारत का अपना लौह गुंबद) विकसित करने के महत्व और प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जो 'ढाल और तलवार', दोनों का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विविध क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। महान विचारक कौटिल्य का हवाला देते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है, हालांकि, -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: जनरल चौहान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था जिससे हमने कई सबक सीखे, इनमें से ज्यादातर पर काम चल रहा है, कुछ को लागू भी किया जा चुका है।

यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि हम यहां ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने नहीं आए हैं। हम यहां ऑपरेशन सिंदूर के परे की चीज़ों पर चर्चा करने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। हम एक शांति-पसंद राष्ट्र हैं, लेकिन गलत मत समझिए, हम सिर्फ अहिंसावादी नहीं हो सकते। मेरी सोच में बिना शक्ति के शांति सिर्फ एक आदर्शवाद है। मैं एक लैटिन उद्धरण कहना चाहता हूं, जिसका मतलब है अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस सेमिनार में हम सुदर्शन चक्र की चर्चा कर सकते हैं, यानी भारत का अपना आयरन डोम या गोल्डन डोम।



**कहा: सभी क्षेत्रों में निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रियाएं देना ही जंग में जीत की कुंजी**

# जमीयत की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मदरसे सील करने का मामला**

- राज्य सरकार को छह हफ्ते के भीतर जवाब दाख़िल करने का निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी
- मदरसे बंद करने की मुहिम, मुसलमानों को संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देने की एक बड़ी साजिश: अरशद मदनी

**नई दिल्ली/नैनीताल।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर 21 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन चीफ़ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने मदरसों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे।

अदालत ने यह भी कहा था कि जब तक अदालत की ओर से आगे कोई आदेश जारी नहीं होता, तब तक केंद्र या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अगर कोई नया नोटिस या आदेश जारी किया जाएगा, तो उस पर भी रोक लागू मानी जाएगी। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और उत्तराखंड आदि में मदरसों के खिलाफ अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही। इसी के विरोध में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 14 मई 2025 को जमीयत उलमा-ए-हिंद को उत्तराखंड हाईकोर्ट से अपील करने का निर्देश दिया था। इस पर अमल करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी इस याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2016 में रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य नहीं बताया गया है और न ही गैर -शेष पृष्ठ दो पर

# 5,590 करोड़ के अस्पताल निर्माण घोटाले में कसा शिकंजा

- ईडी ने 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में 'आप' के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंज़ूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकी।

## हाईकोर्ट ने योगी पर आधारित फिल्म की रिलीज को दी मंजूरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी के जीवन पर कथित रूप से आधारित एक फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मंज़ूरी दे दी है। साथ ही न्यायालय ने सीबीएफसी को निर्देश दिया है कि वह फिल्म 'अजेय' को बिना किसी कट या संशोधन के प्रमाणन प्रदान करे। खंडपीठ ने फिल्म देखने के बाद अपने आदेश में कहा था कि हमने फिल्म को उसके संदर्भ में देखा है और हमें नहीं लगता कि इसमें किसी भी चीज़ को दोबारा संपादित करने की ज़रूरत है।

# मोदी पर राहुल गांधी का तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी उनकी सुनियोजित योजना का हिस्सा है इसलिए मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति के समय मनमानी करते हैं और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। वहां विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती। साल 2023 में भाजपा ने नया कानून बनाया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस कानून को लेकर सवाल करते हुए कहा कि आखिर ऐसा कानून क्यों बनाया गया। इसका सीधा और सरल जवाब है कि 'वोट चोरी' करवाने के लिए ऐसा किया जाता है।



- कहा: मुख्य चुनाव आयोग के चयन में विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनते पीएम

### चोर की तरह वोट चोरी कर भाजपा खामोश: राहुल गांधी

**मधुबनी।** आठवें दिन राहुल गांधी का काफिला लगभग दो घंटे की देरी से मधुबनी पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने दल के झंडे लेकर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं हैरत में पड़ गया था कि अमित शाह ऐसा कैसे कह सकते हैं। हम नेता हैं, जनता क्या चाहती है और क्या सोचती है, ये वही तय करती है। इसलिए अमित शाह का यह बयान बेहद अजीब था।

# दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी: मोदी

**अहमदाबाद, वार्ता**

- प्रधानमंत्री ने मारुति की पहली ईवी कार को झंडी दिखाई
- गुजरात प्लांट से दुनिया के 100 देशों को निर्यात होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने 26 अगस्त को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है।

ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा। इस कार में 49 किलोवाट घंटा और 61किलोवाट घंटा के दो बैटरी पैक




ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक एसयूवी का प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है, जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा।

# वैष्णो देवी में अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड, छह की मौत

- 14 घायल, यात्रा रुकी, जम्मू में तवी नदी के पास सड़क धंसी, गाड़ियां गिरीं

**नई दिल्ली।** वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में छह लोग मारे गए, 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है।

हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने मजदूरों की मौत पर लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा गिरने से तीन मजदूरों की मौत की घटना संबंधी मीडिया की रिपोर्ट पर स्वत संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किए हैं। मीडिया के अनुसार 20 अगस्त की इस घटना में तीन मजदूरों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बचे। मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। आयोग ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने समाचार रिपोर्ट की विषयवस्तु की जांच की है और यदि यह सत्य है, तो मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। आयोग ने मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त और मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने एवं लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अशोक विहार थाने में तैनात आरोपी हेड कांस्टेबल राज कुमार मीणा के खिलाफ 25 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी हेड कांस्टेबल ने एक व्यक्ति से उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने के बदले तीन लाख रुपये रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद आरोपी हेड कांस्टेबल शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गया।

### लखनऊ में रोजगार महाकुंभ-2025 के शुभारंभ पर बोले सीएम योगी

# युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जायेगी और कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पायेगा।

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ के मौके पर उन्होंने कहा कि नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठायेगी। यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।



■ **कोई भी कंपनी या नियोक्ता नहीं कर सकेगा कर्मचारी का शोषण**

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है।

### अटल विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी पोर्टल शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अटल कमांड सेंटर आधारित ईआरपी प्रणाली के माध्यम से विद्यालयों के सभी क्रियाकलापों की डिजिटल निगरानी शुरू की गई है। इस प्रणाली के जरिये उपस्थिति प्रबंधन, शैक्षणिक निगरानी, स्टाफ प्रोफाइल सुनिश्वित की जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण जुड़ा होगा, जो जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करेगा। व्यय, बजट और बिलिंग की पारदर्शी जानकारी ईआरपी पर दर्ज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था।

# यूपी में पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, वार्ता**

■ **एमके बशाल, प्रशांत कुमार, उपेंद्र अग्रवाल को मिली नई जिम्मेदारी**

यूपी पुलिस में पांच सीनियर अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उनमें भारतीय पुलिस सेवा के एमके बशाल, जय नारायन सिंह, प्रशांत कुमार द्वितीय, उपेंद्र कुमार अग्रवाल और सतेंद्र कुमार शामिल हैं।

आईपीएस एमके बशाल, पुलिस महानिदेशक, उप्र पॉवर कारपोरेशन लि. की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, अब वो पुलिस महानिदेशक/महासमादेष्टा, होमगार्ड, उप्र, तैनात किए गए हैं। आईपीएस जय नारायन सिंह, आईपीएस आरआर 1994 अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, पीटीसी सीतापुर पद पर तैनात थे। अब वह अपर पुलिस महानिदेशक, उप्र पॉवर कार्पोरेशन लि. होंगे। वहीं आईपीएस प्रशान्त कुमार अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र पद पर थे, अब वो अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उप्र के साथ-साथ अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, उप्र का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसके साथ ही आईपीएस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल अब तक पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय थे, अब वह पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना, मुख्यालय, उप्र पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। साथ ही आईपीएस सतेन्द्र कुमार अब तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रतीक्षारत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पद पर तैनात थे,वह अब पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग आगरा में तैनात होंगे।


# उप राष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं संवैधानिकः सुदर्शन रेड्डी

**लखनऊ, वार्ता**

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्हें इंडिया गठबंधन की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है और गठबंधन में शामिल दलों का समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति का कार्यालय राजनैतिक नहीं बल्कि संवैधानिक है और वह संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ा है। जस्टिस रेड्डी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी संवैधानिक यात्रा 1971 में बार एसोसिएशन से शुरू हुई और वह आज भी संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश को विश्वास दिलाता हूं कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति मेरी यात्रा जारी रहेगी। यह संवैधानिक पद है और इस पद को सर्वपल्ली राधाकृष्णन डा. जाकिर हुसैन के आर नारायण, हामिद अंसारी ने इस पद को सुशोभित किया है। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने लोहिया और नेताजी से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष ने उन पर विश्वास करके उम्मीदवार बनाया है। इस दौरान संविधान संशोधन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि इसको लेकर जेपीसी गठित हो गई है।

### इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पहुंचे कांग्रेस कार्यालय, मांगा समर्थन



**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी मंगलवार को चुनाव में सांसदों के समर्थन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने उपस्थित सांसदों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन मांगा। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षक होंगे सम्मानित, सूची जारी

**लखनऊ।** पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार व राज्य पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शिक्षकों की सूची मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी कर दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव के स्तर से शिक्षकों की जारी सूची में मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर के प्रधानाचार्य राम प्रकाश गुप्त, आर्य महिला इंटर कॉलेज वाराणसी की छाया खरे, महर्षि दयानंद विद्यापीठ गाजियाबाद की कोमल त्यागी का चयन किया गया है। इसी तरह राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हाथी बरनी इंटर कॉलेज हाथी वाराणसी के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाठक, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य चमन जहां व अन्य का नाम शामिल है।

# बड़े सपने देखें और जिज्ञासु बनें: शुभांशु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) की कक्षाओं से लेकर अंतरिक्ष की विशालता तक की अपनी अविश्वसनीय यात्रा को बच्चों के साथ साझा किया।

उन्होंने छात्रों को बड़े सपने देखने एवं जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सीएमएस ने मुझे अनुशासन, धैर्य और कल्पनाशक्ति जैसे मूल्य दिए, जिन्होंने हर चुनौती में मेरा मार्गदर्शन किया। अपने विद्यालय लौटकर मैं बेहद प्रसन्न हूं। यही वे कक्षायें हैं, जहां मैंने शिक्षा पाई थी। शिक्षकों को नृत्य व आनंद मनाते देखना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव रहा। मंगलवार को सिटी मांटेसरी स्कूल की अलीगंज शाखा-1



■ **सीएमएस में बच्चों के साथ साझा किया अपनी यात्रा का अनुभव**

पहुचे शुभांशु ने स्कूल में शक्स कोर्टयार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कामना मिश्रा भी उनके साथ थी।

शुभांशु ने इसी शाखा से अपनी पढ़ाई की है। शुभांशु ने यहीं पर भविष्य के सपनों को संजोया था और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन सपनों को कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प से साकार किया। 'शक्स कोर्टयार्ड' अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें मेकरस्पेस, रोबोटिक्स लैब, स्टूडियोपॉड और एम्फीथियेटर शामिल हैं। यह जीवंत केन्द्र विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा प्रायोगिक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर शुभांशु ने सीएमएस छात्रों द्वारा निर्मित सामाजिक उपयोगिता के मॉडलों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने छात्रों से बातचीत की, उनके रचनात्मक मॉडलों एवं अभिनव डिजाइनों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगली बार जब वे आएंगे, तब तक इनमें से कई उपयोगी विचार वास्तविक रूप ले चुके होंगे और समाज को लाभ पहुंचा रहे होंगे। समारोह में बोलते हुए डा. भारती गांधी ने कहा कि हमें अपने ऐसे पूर्व छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने शिक्षा से ऊचाइयां छूई और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।



**सेंसेक्स** 81306.85
**निफ्टी** 24870.10



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113906
प्रति किलो



# शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 849 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए।

बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 258.52 अंक की लुढ़ककर 81,377.39 अंक पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। इसका उच्चतम स्तर 81,450.28 अंक रहा। अंतिम घंटे में बिकवाली ज्यादा होने से यह 80,685.98 अंक तक उतरकर अंत में 849.37 अंक (1.04 प्रतिशत) नीचे 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी.50 भी 68.25 अंक गिरकर 24,899.50 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 24,919.65 अंक और निचला स्तर 24,689.60 अंक रहा। कोराबार की



समाप्ति पर यह 255.70 अंक लुढ़ककर 24,712.05 अंक पर रहा। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाए गए 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। बिकवाली चौतरफा रही और एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, स्वास्थ्य, रियलिटी, आईटी, धातु, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक 0.41 प्रतिशत से 2.24 प्रतिशत तक टूट गये।

### आयात शुल्क की चिंता में प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे

**मुंबई।** अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत और आयात शुल्क लगाने के लिए जारी नोटिस के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 में एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमेरिकी प्रशासन ने सोमवार को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत (अगस्त की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत को मिलाकर) करने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आज बाजार खुलने पर शुरू से ही बिकवाली हावी रही। यह बिकवाली चौतरफा रही ।

### चांदी 1.17 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज चांदी की कीमत 392 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल इसका भाव 1,16,133 रुपए पर था। वहीं 24 कैरेट सोने का दाम 339 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,700 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,060 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,550 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,600 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 24,665 रुपए बढ़कर 1,00,827 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 30,805 रुपए बढ़कर 1,16,525 रुपए पर पहुंच गया है।

# गेहूं महंगा, दालों में घटबढ़, खाद्य तेलों में रही तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव स्थिर रहे, जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी में भी टिकाव रहा। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया, वहीं खाद्य तेलों में तेजी रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेंटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 22 रिंगिट फिसलकर 4,470 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54.29 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 3,839.45 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं दो रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती के साथ 2,838.27 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,293.31 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। सरसों तेल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी आठ रुपये चढ़ा। सूरजमुखी तेल में 19 रुपये और मूंगफली तेल में 60 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।


**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

**शीघ्र सम्पर्क करें-**

9837333111, 9917200010


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शांति चाहिए...** भारतीय युद्धों के समुचित विश्लेषण या रणनीति पर अकादमिक चर्चा पर बहुत कम साहित्य उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है। भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित होना होगा। सीडीएस ने आगे कहा कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं, विशेष रूप से युवा और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए जगह बनाना है, जो तकनीकी प्रगति से अवगत हैं।

**जमीयत की...** रजिस्टर्ड मदरसों को गैर-क़ानूनी कहा गया है। याचिका में इस तथ्य को भी उजागर किया गया है कि राइट टू एजुकेशन (संशोधन) एक्ट 2012 में स्पष्ट रूप से मदरसों, वैदिक पाठशालाओं और इस प्रकार के अन्य धार्मिक शिक्षण संस्थानों को इस कानून से छूट दी गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षिक संस्थान क़ायम करने और उन्हें चलाने का असीमित अधिकार मानते हुए, राज्य की दख़लंदाज़ी से सुरक्षा प्रदान की गई है। पिटीशन में यह भी कहा गया है कि उत्तराखंड में सिर्फ़ मदरसों को निशाना बनाना असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण और दुर्भावना पर आधारित कार्रवाई है। सरकारी वकील ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि इस मामले में जमीयत उलमा-ए-हिंद को याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि जिन मदरसों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वे मंगलवार को अदालत के सामने उपस्थित नहीं हैं। इस पर चीफ़ जस्टिस ने संजय हेगड़े से पूछा कि अदालत उनकी याचिका पर क्यों सुनवाई करे, क्योंकि वे सीधे तौर पर प्रभावित नहीं हैं। जिस पर संजय हेगड़े ने कहा कि यह मामला केवल मदरसों को बंद करने का नहीं है, बल्कि जिस तरह से सरकार मनमानी कार्रवाई कर रही है उसके खिलाफ कोई भी अदालत का रुख़ कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा मदरसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अल्पसंख्यकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों अनुच्छेद 14, 15, 19, 25, 26 और 30 का उल्लंघन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के कदम पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मज़लूमों को न्याय दिलाना और इंसानियत की बुनियाद पर बिना किसी भेदभाव के सेवा करना जमीयत उलमा-ए-हिंद का मिशन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद का गहरा रिश्ता मदरसों से है और हमारे सारे बुज़ुर्ग इसी से पढ़कर निकले हैं। असल में जमीयत उलमा-ए-हिंद, मदरसों की आवाज़ और उनका ज़ेहन है। सांप्रदायिक शक्तियां इस तारीख़ से अनजान हैं। यही मदरसों के उलमा थे, जिन्होंने तब आज़ादी का बिगुल फूंका जब पूरी क़ौम गहरी नींद में थी। मदरसों को हमारी (धड़कन) कहा जा सकता है और इन्हें गैर-क़ानूनी ठहराकर बंद करना हमारी जीवन रेखा को समाप्त करने की साज़िश है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मदरसों को गैर-क़ानूनी बताकर कार्रवाई करना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की भी तौहीन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद इस साज़िश के खिलाफ एक बार फिर अपनी क़ानूनी जंग शुरू कर चुकी है, क्योंकि मदरसों की हिफाज़त दरअसल दीन की हिफाज़त है। यह मुहिम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर एक गंभीर हमला है।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



CMYK



### सरकार की बर्खास्तगी के लिए सड़कों पर उतरे कांग्रेसी दिग्गज

# राजभवन कूच को निकले कांग्रेसी नेता गिरफ्तार, रिहा

▪ कानून व्यवस्था, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव व भ्रष्टाचार को बनाया मुद्दा ▪ वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे गूंजे ▪ पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की ▪ भाजपा सरकार के बेदखल होने तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा: माहरा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा बलात्कार व हत्या, आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में वोटों की डकैती जैसे मुद्दों का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को उत्तराखंड कांग्रेस ने राजभवन की ओर कूच किया, मगर पुलिस ने हाथीबड़कला पहुंचते ही कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया जिस पर कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा समेत अनेक नेता बैरिकेडिंग के ऊपर चढ़ गए और बहुत सारे नेता व कार्यकर्ता सड़क पर धरने में बैठ गए और काफी देर तक राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, पुलिस ने बड़ी संख्या में नेताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाईन ले जाकर छोड़ दिया।

मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, कांग्रेस विधायक फुरकान अहमद, हरीश धामी, ममता राकेश, भुवन कापड़ी, लखपत बुटोला, वीरेंद्र जाती, सुमित हृदयेश, रवि बहादुर आदि नेताओं के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से जुलूस के रूप में राजभवन की ओर कूच किया। प्रदेश सरकार की बर्खास्तगी की मांग करते हुए वोट चोर गद्दी छोड़, गुंडागर्दी की सरकार नहीं चलेगी, नहीं चलेगी व आपदा पीड़ितों को न्याय दो के नारे लगाते हुए कांग्रेसी जैसे ही हाथीबड़कला पहुंचे तो पुलिस ने उन्हे रोक दिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हिंसा बलात्कार व हत्या के मामलों की बाढ़ आई हुई है और अफसोसनाक बात यह है कि इन मामलों में अधिकांश में भाजपा सरकार व पार्टी के दायित्वधारियों, पदाधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में राज्य निर्वाचन आयोग के साथ मिल कर भाजपा सरकार व पार्टी ने वोटों की डकैती की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार की असफलताओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था व रोजगार जैसे सभी मुद्दों पर फिसड्डी साबित हुई है और इनको लगातार दो बार प्रदेश की जनता ने सरकार बनाने का बहुमत दिया किन्तु इन्होंने प्रदेश की जनता को निराशा के सिवाय कुछ नहीं दिया इसलिए इस सरकार को अब सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है और राज्यपाल से हमारी मांग है कि इस सरकार को तत्काल बर्खास्त करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक जोत सिंह गुंसोला, पूर्व विधायक हीरा सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक शूरवीर सिंह सजवान, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व विधायक राजकुमार, कांग्रेस नेता वीरेंद्र रावत, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास नेगी, हाजी राव शेर मौहम्मद, एससी विभाग अध्यक्ष मदन लाल, सेवा दल राज्य प्रमुख हेमा पुरोहित, एनएसयूआई अध्यक्ष विकास नेगी, श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल, बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जोशी, प्रधान सुलेमान अंसारी, लाल चंद शर्मा, मोहित उनियाल, राजेंद्र चौधरी, मुशर्रफ, गरिमा माहरा दसौनी, डॉ. प्रतिमा सिंह, सुजाता पॉल, शीश पाल सिंह बिष्ट, राजेंद्र भंडारी, गुल मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# जनहित पर सदन में सोने वालों का सियासी ड्रामा, सड़कों पर प्रदर्शन : भट्ट

### कांग्रेसी फ्लॉप शो में जनहित के मुद्दे और जनता दोनों नदारद : भाजपा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेसी प्रदर्शन को फ्लॉप बताते हुए कहा, उनके नेता जनहित के मुद्दों पर सदन में सोते हैं और प्रदेशाध्यक्ष बनने की होड़ में सड़कों पर उतरते हैं। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस प्रदर्शन को लगातार जनता द्वारा नकारे जाने की विपक्षी छटफटाहट बताया। कहा, दरअसल विकास की उपलब्धियां, ऐतिहासक फैसले, मुख्यमंत्री की जन नेता की छवि को पचाना उनके लिए संभव नहीं है।

विभिन्न बिंदुओं पर राजभवन घेराव को लेकर मीडिया के सवालों का जबाव देते हुए उन्होंने कहा, इस मुद्दोंविहीन और विचारहीन प्रदर्शन को जनता ने भी जीरो नंबर दिए हैं, क्योंकि नेताओं के जमघट से आम लोग पूरी तरह नदारद रहे। ये वोट चोरी, आपदा और कानून व्यवस्था का झूठा आरोप लगाकर भ्रम फैलाने की असफल को. शिश से अधिक कुछ नहीं था। वहीं आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय उनके नेताओं को सदन में सोते हुए प्रदेशवासियों ने देखा है। उन्होंने कहा, अपराधीयुक्त सरकार चलाने वाली कांग्रेस पार्टी को कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार ही नहीं है। हमारी सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति है और प्रदेश में अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कड़ाई से अमल हो रहा है। प्रदेश में छोटा हो या बड़ा, अब तक कोई भी प्रकरण ऐसा नहीं है जिसमें कठोरतम कार्रवाई नहीं की गई हो।

# ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए तेज होगा सरकार का अभियान

### एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को अधिक सशक्त बनाया जाए: मुख्यमंत्री धामी



▪ सीएम धामी ने अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रग्स फ्री उत्तराखंड अभियान को वृहद स्तर पर संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और अधिक सशक्त बनाया जाए। आवश्यकता अनुसार इसमें नए पदों का सृजन भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस'-1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आमजन इस पर शिकायत दर्ज करा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग मिलकर कार्यशालाओं का आयोजन करें तथा ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर उस पर अमल करें।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरुगेशन, ए.पी. अंशुमान, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते तथा अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे।

### बाहरी राज्य से ड्रग्स सप्लाई रोकें

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि बाहरी राज्यों से ड्रग्स की सप्लाई राज्य में न हो पाए। ड्रग्स की तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने पुलिस को रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बढ़ाएं: धामी

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवा. सियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया है। इस दिशा में प्रदेश में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके लिए शहरी विकास विभाग को नोडल विभाग के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# ऐतिहासिक फैसलों से बनी धामी की राष्ट्रीय नेता की छवि के कारण तकलीफ में हैं विरोधी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया, दरअसल कांग्रेस को असल दिक्कत, भाजपा सरकारों के विगत 8 वर्ष के सफल कार्यकाल और विशेषकर मुख्यमंत्री धामी द्वारा लिए गए ऐतिहासिक और साहसिक फैसलों से है। उनके नेताओं को हैरानी है कि लगातार 8 वर्षों से भाजपा की सरकारों में प्रदेश तेजी से आगे कैसे बढ़ रहा है। उन्हें वर्तमान सरकार की उपलब्धियों से आम लोगों के जीवन में आए बदलावों से हैरत है। अपने निर्णायक एवं ऐतिहासिक फैसलों और दूरदर्शी नेतृत्व से सीएम पुष्कर सिंह धामी की छवि राष्ट्रीय नेता की बनी है, यह तकलीफ कांग्रेस नेताओं को है। एक तरफ भाजपा संगठन गांव गांव, घर घर जनता का विश्वास जीतते हुए अपना विस्तार कर रही है, वहीं कांग्रेस लगातार हार से सिमटती जा रही है। ये वो असल लाईलाज दर्द है, जिसको छिपाने के लिए कांग्रेस नेता ऐसे फ्लॉप शो आयोजित करते रहते हैं। इन दिनों वहां प्रदेशाध्यक्ष बनने की रेस भी चल रही है, उनमें एकदूसरे से बढ़चढ़ कर झूठे और गैरजिम्मेदार बयानबाजी की होड़ लगी है।

# विधानसभा पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कई कार्यालयों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा देहरादून में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा सचिवालय, मंत्रीगणों के कक्षों तथा अन्य प्रशासनिक कार्यालयों का अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पारदर्शिता, त्वरित कार्य निष्पादन और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेख प्रबंधन, डिजिटलीकरण की स्थिति तथा आमजन व जनप्रतिनिधियों के कार्यों से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानक. ारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता को सुगम, पारदर्शी और त्वरित सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में विधानसभा के कार्यकलापों को भी तकनीकी दृष्टि से और अधिक सक्षम तथा आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य किए गए हैं।

निरीक्षण के अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, विधानसभा सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानसून से लोनिवि को 55438 लाख का नुकसान: महाराज



▪ 2600 से अधिक सड़कें हुई क्षतिग्रस्त, 2406 सड़कों को खोला ▪ पीएमजीएसवाई की 869 सड़कों में से 754 को आवागमन के लिए किया सुचारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारी बारिश भूस्खलन और बाढ़ के कारण प्रदेश में लोक निर्माण विभाग को 55438.16 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इस मानसून सीजन में अभी तक 2600 से अधिक सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं इनमें से अभी तक 2406 सड़कों को खोल कर यातायात बहाल किया गया है।

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि तेज बारिश व आपदा की वजह से कुछ जगहों पर संड़कें पूरी तरह बह गई हैं। 195 मार्ग अभी भी बंद हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोनिवि की बंद 1703 सड़कों में से 1624 को खोल दिया गया है और शेष 97 सड़कों को खोलने का काम युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि एनएच की 24 बंद सड़कों में से 23 खुल गई हैं। पीएमजीएसवाई की 869 सड़कों में से 754 को आवागमन के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है और शेष 115 सड़कों को खोलने का काम चल रहा है। जबकि बीआरओ और एनएचआईडीसीएल की सभी सड़कें इस समय पूरी तरह से खुली हुई हैं।

भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों पर जेसीबी की तैनाती की गई है, ताकि तत्काल प्रभाव से सड़कों को खोला जा सके। प्रदेश में मार्गों को सुलभ यातायात के लिये उपलब्ध रखे जाने के लिये कुल 684 मशीनें विभिन्न महत्वपूर्ण एवं मार्ग बन्द होने के सम्भावित स्थानों पर तैनात किये गये हैं।

### डॉ. बडोला व भार्गव का हुआ तबादला

**देहरादून।** उत्तराखंड में वन सेवा संवर्ग के दो अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार को जारी हुई तबादला और अतिरिक्त जिम्मेदारी वाली लिस्ट में डॉ बडोला को वन संरक्षक, पश्चिम वृत्त हल्द्वानी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उप सचिव हेमा पांडे की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अतिरिक्त प्रभार के लिए डॉ बडोला को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वेतन और भत्ते अनुमन्य नहीं होंगे। वहीं,डॉ विनय कुमार भार्गव, वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी का तबादला वन संरक्षक/निदेशक नंदा देवी बायोस्फियर रिजर्व गोपश्वर किया गया है।



# कम्प्यूटराइजेशन और डाटा अपडेशन में तेजी लाने के निर्देश

### 1 जनवरी 2026 से फिजिकल डाटा अपलोड होगा पूर्णतः बंद

▪ मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने की सहकारी विभाग की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव ने कहा कि एम-पैक्स का कंप्यूटराइजेशन और डेटा माइग्रेशन कार्य को 31 दिसंबर, 2025 तक पूर्ण कर लिया जाए। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सचिवालय में सहकारिता विभाग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 1 जनवरी 2026 से फिजिकल डाटा पूर्णतः बंद कर दिया जाए। कंप्यूटराइजेशन और डाटा अपडेशन समय से पूर्ण हो सके इसके लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि जनपदों में जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय सहकारिता अधिकारी एवं राज्य स्तर पर सचिव इसकी निगरानी करेंगे। कहा कि डाटा अपडेशन के लिए टाइमलाइन निर्धारित कर सभी को प्रसारित कर दी जाएँ।

मुख्य सचिव ने कहा कि अछूती ग्राम पंचायतों तक सहक. ारी संस्थाओं की पहुँच बढ़ाने के लिए नए एमपैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य समितियों का गठन किया जाए। साथ ही, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दूध उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार लाया जाए।

उन्होंने कहा कि डेयरी को एक स्थायी आजीविका के रूप में बढ़ावा देकर महिलाओं और ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि एमपैक्स के माध्यम से चलायी जा रही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों में कुल लेनदेन बहुत ही कम है। उन्होंने इसे बढ़ाये जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि दिसम्बर 2025 तक इसे 2 करोड़ मासिक तक पहुँचाये जाने के प्रयास किये जायें।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव एल फैनाई, सचिव डॉ. बी.वी. आर.सी. पुरुषोत्तम, सीजीएम नाबार्ड पंकज यादव, निबंधक सहकारिता मेहरबान सिंह बिष्ट एवं अपर सचिव हिमांशु खुराना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# गुलदार ने 25 बकरियों को बनाया निवाला, दहशत में लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़।** नगर पालिका चिन्यालीसौड़ के चुपल्या में गुलदार ने रात्रि को छानी में घुस कर 25 बकरियों को निवाला बना दिया जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

घटना सोमवार रात्रि को वार्ड संख्या 2 ग्राम चुपल्या निवासी जबरू लाल पुत्र स्यामू के बकरी शाला में कल रात गुलदार घुस गया। इस घटना में गुलदार ने उनकी 18 बकरियों को मौके पर मार डाला।और 7 बकरियों को उठा ले गया जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।बता दें कि जबरू लाल का मुख्य आजीविका का साधन बकरी पालन ही था, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

सोमवार देर रात को गुलदार ने जबरू की 18 बकरियों को बकरी. साला में मार दिया और 7 बकरियों को उठा कर ले गया। वार्ड 2 की सभासद विश्वनाथ देवी ने बताया कि सोमवार रात बहुत तेज बारिश हो रही थी वह जब सुबह बकरियों को खोलने के लिए गए तो पता चला कि 18 बकरियां वही मरी पड़ी है और 7 बकरियां वहां नहीं थी जिस पर गांव के लोग इकट्ठा हुए और उन्होंन ढूंढ की तो कुछ दूरी पर उन्हें 7 बकरियां मरी हुई मिली। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली, सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी, मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली ने तत्काल पीड़ित परिवार को ₹25000 देने की घोषणा की। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची जिसमें वन दरोगा राजकुमारी रुक्म सिंह व अबल सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की रेंजर जगमोहन सिंह गंगाडी ने बताया कि पीड़ित परिवार को पांच हजार प्रतिभा बकरी के हिसाब से 75000 प्रतिकार दिया जाएगा।

CMYK

# नौकरी को विदेश भेजने का झांसा देकर ठग लिया

## भेजा गया टूरिस्ट वीजा पर, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** आईटीआई थानांतर्गत ग्राम बांसखेडा कलां रायपुर निवासी सतनाम सिंह पुत्र बस्सन सिंह ने बाजपुर रोड स्थित गुरू तेग बहादुर साहिब जी इमिग्रेशन मार्केट के मालिकों पर उनके बेटे और बहू को विदेश भेजने के नाम पर 10 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल कर सतनाम सिंह ने बताया कि वह अपने पुत्र गुरदीप सिंह व उसकी पत्नी को हांगकांग भेजना चाहते थे। इस हेतु उन्होंने गुरू तेगबहादुर साहिब जी इमिग्रेशन के प्रोपराईटर सुखदेव सिंह व जोगा सिंह पुत्रगण हरदयाल सिंह से बात की। जिस पर उन्होंने कहा कि विदेश भेजने में 10 लाख रुपये खर्च होंगे और इनके वर्क वीजा के अनुसार वहां पर कार्य पर लगवाने की जिम्मेदारी हमारी होगी। सतनाम सिंह ने बताया कि उन्होंने उक्त दोनों व्यक्यिों की बात पर विश्वास कर उन्होंने अलग-अलग तारीख पर कुल 10 लाख रुपये सुखदेव व जोगा सिंह को दिये। सतनाम सिंह ने बताया कि 29 अगस्त 2024 को इन दोनों लोगों ने उनके पुत्र व उसकी पत्नी को हांगकांग भिजवा दिया। वहां जाकर उसके पुत्र व उसकी पत्नी ने वीजा दिखाया तो पता चला कि यह वीजा टूरिस्ट है। वर्क वीजा नहीं है। इस पर उन्होंने सुखदेव व जोगा सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारा काम वहां पर भिजवाना है, काम लगवाना नहीं और गाली-गलौच कर अपने कार्यालय से भगा दिया। इसके बाद उन्होंने मजबूर होकर 06 सितंबर 2024 को अपने खर्चे से टिकट कराकर अपने पुत्र गुरदीप सिंह व उसकी पत्नी पिंकी को वापस बुला लिया। सतनाम सिंह ने बताया कि उसके बाद उन्होंने व उनके पुत्र ने कई बार सुखदेव सिंह व जोगा सिंह से बात की लेकिन इन लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और रुपये वापस करने से मना कर दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सुखदेव सिंह व जोगा सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध फड़ों के खिलाफ खोला मोर्चा

**बागेश्वर।** श्री बागनाथ फड़ व्यवसाय कल्याण समिति ने नगर में अवैध फड़ व बिना पंजीकरण के दुकानें लगाए जाने का विरोध किया। समिति से जुड़े लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ऐसे फड़ व्यवसायों को जल्द हटाने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन को चेतवानी दी है। मंगलवार को समिति से जुड़े दर्जनों व्यापारी नगर पालिका परिसर में पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए नगर में बिना पंजीकरण के व अवैध तरीके से दुकान चला रहे व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि अवैध रूप से नगर में फड़ डाले बैठे बाहर से व्यापारियों ने अतिक्रमण, नगर में गंदगी फैला रहे हैं। उन्होंने शीघ्र ऐसे व्यापारियों को नगर से हटाया जाए। इस सम्बन्ध में उन्होंने ईओ को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि यदि शीघ्र बाहरी व्यापारियों को नहीं हटाया गया तो उग्र आंदोलन होगा। किशन राम, भीम कुमार, दीप चंद्र जोशी, पुष्कर चंद्र, रेखा देवी, लीला देवी, किशन कुमार, हरीश सिंह, दीवान सिंह, हेमंत राम मौजूद थे।

# बस और बाइक में भिड़ंत हादसे में तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कालाढूंगी रामनगर मुख्य मार्ग में रामनगर से हल्द्वानी जा रही प्राइवेट बस संख्या यूके 04ए 7987 से नयागांव से रामनगर की ओर जा रही बाइक संख्या यूके 18एफ 8195 की कमोला बैंक के सामने आमने सामने की जबरजस्त भिड़ंत हो गई। भिड़त में बाइक पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों द्वारा कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद तीनों घायलों को हल्द्वानी रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे कालाढूंगी थाना प्रभारी विजय मेहता ने बताया बरहेनी क्षेत्र के कुछ लोग मोटेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा करने आए थे उन्हीं में से उदय सिंह पुत्र कुंदन सिंह भूड़पूरी, बाजपुर, निहारिका पुत्री धरम सिंह, भूड़ गांव, राधिका पुत्री सुरेश बाइक पर सवार होकर रामनगर मार्ग में घूमने जा रहे थे तभी सामने से आ रही बस से इनकी बाइक टकरा गई जिसमें उदय, व निहारिका की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं विजय मेहता ने परिवहन नियमों का पालन करने की बात कही।



## एक नजर

### अल्मोड़ा के मयंक का ओटीए में चयन



**अल्मोड़ा।** नगर के दुगालखोला निवासी मयंक लोहनी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में घोषित एसएससी (एनसीसी) स्पेशल एंट्री कोर्स की मेरिट सूची में मयंक ने ऑल इंडिया तीसरी रैंक हासिल कर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्हें अब चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद मयंक भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त होंगे। चयन के बाद स्थानीय लोगों ने मयंक को बधाई देते हुए हर्ष जताया। मयंक की प्रारंभिक शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा से हुई है। इसके बाद उन्होंने सोबन सिंह जीना विवि अल्मोड़ा से बीएससी की डिग्री प्राप्त की। मयंक के पिता नीरज लोहनी भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति है। वहीं, माता चंचल लोहनी ग्रहणी है।

### कुंवर सिंह कार्की के निधन पर शोक

**अल्मोड़ा।** पूर्व सेवानिवृत्त प्रभारी अभियंत्रण दुग्ध डेयरी पाताल देवी अल्मोड़ा कुंवर सिंह कार्की का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। लंबे समय से अस्वस्थ होने के चलते उनका बरेली स्थिति निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीते सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर विभिन्न संगठनों ने दो मिनट का मौन रख मृतक आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। शोक जताने वालों में दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान सरसों भूपेंद्र सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह कार्की, पूरन सिंह कार्की, बबीता, कविता, पुष्पा समेत आदि ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की।

### पावर लिफ्टिंग में वंश और भविष्य ने जीता स्वर्ण

**अल्मोड़ा।** राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में द्वाराहाट के वंश गुसाई और भविष्य अधिकारी ने स्वर्ण पदक जीता है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उत्तराखंड खेल निदेशालय दिशा निर्देश पर उत्तराखंड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा रुड़की में आयोजित प्रतियोगिता की सब जूनियर वर्ग के 59 किलो भार वर्ग में वंश ने तीन राउंड में 420 किलो का वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब रहे। वहीं, सब जूनियर वर्ग में द्वाराहाट की भविष्य अधिकारी द्वारा 74 किलो भार वर्ग में 537.5 किलो का वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ी अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम में शामिल होंगे। वंश के पिता राजेंद्र गुसाई व्यवसायी और भविष्य के पिता सरकारी सेवा में सेवारत हैं। दोनों खिलाड़ियों ने बताया कि वह बिना कोच के नगर में स्थित एक जिम में लगातार अभ्यास करते थे। खिलाड़ियों के चयन पर उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी, विधायक मदन सिंह बिष्ट ने खुशी जताई।

### कुमाऊंनी गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**अल्मोड़ा।** ग्रीन हिल्स ट्रस्ट द्वारा अल्मोड़ा लिट्रेचर फेस्टिवल के अंतर्गत मंगलवार को नगर के एक होटल सभागार में बच्चों की कुमाऊंनी गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान प्रतियोगिता में 80 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजकों ने बताया कि बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिता पांच वर्गो में संपन्न हुई। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी नवीन बिष्ट ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। कहा कि विलुप्त होती जा रही संस्कृति के संरक्षण में यह कार्यक्रम मील के पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अपनी संस्कृति के विषय में बहुत कुछ जानने को मिल रहा है। यहां डा. वसुधा पंत, दीपा गुप्ता, राजेश बिष्ट, मनोज गुप्ता, दीपक जोशी, भूषण पांडे, आदित्य बोरा आदि मौजूद रहे।

### एक सितम्बर से आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह विवि कर्मचारी संघ की ओर से एसएसजे परिसर में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। कर्मचारियों ने कहा कि विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया की कार्रवाई लंबे समय से लंबित है। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कहा कि कई बार मांग के बाद भी अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे अब हड़ताल की राह पकड़नी पड़ रही है। कर्मचारियों ने एक स्वर में एक सितंबर से आंदोलन के पहले चरण में दो घंटे कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी। अध्यक्ष देवेंद्र सिंह धामी, राजेश कुमार पांडेय, अंशुमन पंत, जयवीर सिंह नेगी, केवलानंद पाठक मौजूद रहे।

### 'बारानी' कृषि परियोजना पर कार्यशाला

**अल्मोड़ा।** डीएम आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जलवायु अनुकूल बाराही कृषि परियोजन के संबंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में परियोजना का उद्देश्यों पर चर्चा हुई। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक कृषि प्रणाली में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाए। जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उपनिदेशक जलागम प्रबंधन अल्मोड़ा अजय कुमार ने बताया कि इस परियोजना के उद्देश्यों में ग्रीन हाउस गैसों के न्यूनीकरण के लिए सक्षम व सुदृढ़ उत्पादन प्रणाली विकसित करना, विज्ञान आधारित अवधारणा से सुदृढ़ जलागम का विकास करना, कृषि व्यवसाय तथा उद्यमिता के माध्यम से आय बढ़ाना, फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करना समेत अनेक जनकल्याणकारी उद्देश्य निहित हैं। कहा कि यह परियोजना जनपद अल्मोड़ा के तीन ब्लॉकों में कार्यरत है, जिसने विकासखंड हवालबाग, द्वाराहाट और ताड़ीखेत शामिल हैं।

# न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर 10 वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना कुण्डा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट की तामील हेतु की गई कार्रवाई के दौरान धारा 147 भादवि एवं 7 क्रिमिनल लॉ (संशोधन अधिनियम) से संबंधित कुल 10 वारंटियों/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गिरफ्तार वारण्टी/अभियुक्तों में नेत्रपाल पुत्र जगदीश, संजीत उर्फ शंकर पुत्र गोकल सिंह, गोकल सिंह पुत्र कुन्दन सिंह, रवि कुमार पुत्र नन्हे सिंह, मेहन्दी हसन पुत्र अली हसन, नवासे अली पुत्र नवाब अली, कपूरी पत्नी नेत्रपाल, सविता पत्नी प्रेमपाल सिंह, किरन पत्नी महेन्द्र, मिथलेश पत्नी गोकल सिंह निवासीगण ग्राम सरबरखेड़ा, थाना कुण्डा, जनपद ऊधम सिंह नगर शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, उपनिरीक्षक अरविन्द बहुगुणा, जगदीश तिवारी, अर्जुन सिंह व नवीन जोशी, अपर उपनिरीक्षक दीपक चौहान व राक. ेश सिंह बोहरा, कां. नरेश चौहान, संजय कुमार, मनोज बोरा, सुमित पंवार, मनोज जोशी, धर्मेन्द्र भारती, मनोज कुमार, हेमन्त कुमार, कृपाल सिंह महिला कां. नीतू जोशी शामिल रहे। थाना प्रभारी हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों की तामिली प्राथमिकता से की जा रही है।

## चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** घर के बाहर अपने दो मित्रों के साथ खड़े तीन लोगों को एक बोलेरो चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के 7 दिन बाद एक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पुत्र की तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खड़कपुर देवीपुरा अंतर्गत वैशाली कालोनी निवासी कमल किशोर ने आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 15 अगस्त 2025 को 8 बजे उसके पिता हरप्रसाद अपने घर के बाहर खेड़े थे उनके साथ उनके मित्र बीरबल सिंह व असलम थी थे कि तभी सेठी पेट्रोल पम्प वाली दिशा की ओर से बुलेरो संख्या यूके-18आर-7458 के चालक उसके घर के सामने उसने उसके पिता व उनके दोनों दोस्तों को टक्कर मारते हुए से फरार हो गया।

# बागेश्वर में नेत्रदान पखवाड़ा स्कूली बच्चों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल पनौरागूंठ में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट के ऑप्टोमेट्रिस्ट विजय कुमार सिंह ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

विजय कुमार सिंह ने बताया कि नेत्रदान कैसे लोगों की दृष्टि बहाल करने में मदद कर सकता है। उन्होंने स्कूली बच्चों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें इसके महत्व को समझाया। विजय कुमार सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहन सामग्री के रूप में रजिस्टर और पेन वितरित किए। इस पहल की सराहना करते हुए, विद्यालय परिवार ने विजय कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। वहीं विद्यालय परिवार ने विजय कुमार सिंह के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी नेत्रदान के महत्व को समझने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाल चंद्र जोशी, शिक्षक लक्ष्मण नाथ गोस्वामी, ममता मेहता, लीला बड़ती, दया पांडे, हेमा कपकोटी, कला कपकोटी, भावना और अन्य कर्मचारी शामिल थे।



## अल्मोड़ा में डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** डीडीए समाप्त नहीं होने पर सर्वदलीय संघर्ष समिति ने नारा. जगी जताई। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। डीडीए को पहाड़ की भौगोलिक स्थिति के खिलाफ बताया। अल्मोड़ा में मंगलवार को चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में समिति ने साप्ताहिक प्रदर्शन किया। समिति ने कहा कि डीडीए के कारण पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को समस्याएं झेलनी पड़ रही है। सात साल से अधिक समय से समिति डीडीए को हटाने की मांग कर रही है, लेकिन अब तक सरकार ने डीडीए हटाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए डीडीए की नियमावली उचित नहीं है।

# भ्रष्टाचार की शिकायत, जान को खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग में कई वर्षों से भ्रष्टाचार और अनि. मितताओं के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्राम सभा पतलिया के ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी और मुख्यमंत्री को पत्र भिजवाए और इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर उचित कार्रवाई करवाने की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा में विकासखंड कोटाबाग में बहुत सारी निमितताएं हैं जिनकी उचित जांच होकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों द्वारा पूर्व प्रधान और प्रधान पति पर आरोप लगाते हुए यह कहा गया कि उनके द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है और साथी उनके द्वारा बहुत सारे भ्रष्टाचार किए गए हैं। शिकायतकर्ता आईटीआई कार्यकर्ता कमल बोहरा ने अपने आप को धमकी और जान से का खतरा बताते हुए चौकी इंचार्ज कोटाबाग को भी पत्र दिया है। साथ ही उनके द्वारा विकासखंड कोटाबाग में ग्राम सभा पतलीया में कई वर्षों से भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है और कई लोग इसमें लिप्त हैं साथी उन्होंने अगर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पूर्व प्रधान मदन लो. हनी, कमल बोहरा, ग्राम पंचायत सदस्य कैलाश रिखाड़ी, भोला बिष्ट, समाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र बो. हरा, गणेश रिखाडी, पूरन अधिक. ारी, गोपाल बिष्ट, विनोद पांडे, विनोद जोशी, खेम सिंह जखवाल, अर्जुन बिष्ट, जयपाल, मोनू बुढलाकोटी, पंकज बुढलाकोटी, पप्पू कत्यूरा, निर्मल अधिकारी, गणेश कबडाल आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



# आपदाओं को लेकर रणनीति बनाने की जरूरतः रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव आनंद रावत ने भाजपा सरकार पर आपदा प्रभावितों को मिलने वाली सहायता राशि के मानकों को बदलने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस महासचिव आनंद रावत ने गिरीताल रोड स्थित प्रदेश सचिव कांग्रेस शिवम शर्मा के कार्यालय पर पत्राक. ारों से वार्ता करते हुए कहा कि वर्ष 2013 उत्तराखंड में भीषण आपदा आई थी, जिसमें केदार घाटी, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जनपद के अनेक क्षेत्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। उस समय केंद्र और राज्य दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस सरकार ने उस समय आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए जो मापदंड तय किए थे, वही मापदंड वर्तमान समय में भी लागू होने चाहिए। चाहे वह धराली का मामला हो या किसी अन्य स्थान का, आपदा प्रभावित व्यक्ति अपना नुकसान आंककर प्रशासन को देता था और उसी आधार पर उसे मुआवजा मिलता था। लेकिन वर्तमान सरकार ने उस मानक को बदल दिया है और केवल 5-5 लाख रुपये देकर पल्ला झाड़ लेती है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि भाजपा को 27 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। कांग्रेस की ओर से लगातार यह मांग उठाई जा रही है कि प्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह दानवीर कौन हैं। भाजपा को चाहिए कि वह दानदाताओं की पूरी सूची सार्वजनिक करे।

# दो दिन में हो शिकायतों का निस्तारण हो

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा, डीएम ने अफसरों को निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर लंबित शिकायतों, विशेषकर 36 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएमजेएसवाई विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण आगामी दो दिनों में सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए। उन्होंने जल निगम को तीन दिनों के भीतर सभी शिकायतों का समाधान करने तथा खनन विभाग को आज ही सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, दवाओं की उपलब्धता तथा शिक्षा विभाग, नगर पालिका, वन विभाग की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। शिक्षा विभाग को भी लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।श्रम प्रवर्तन अधिकारी की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी निरीक्षण किया और सभी विभागों को शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, डैशबोर्ड के प्रभावी विश्लेषण, सटीक डाटाबेस तैयार करने तथा आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं हो पा रहा है तो समाधान का सत्यापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, डीडीओ संगीता आर्या, जिला परियोजना निर्देशक शिल्पी पंत, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी एवं ललित मोहन तिवारी, तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## मूंगा रेशम की बारीकियां समझने की जरूरत

**बागेश्वर।** केंद्रीय रेशम बोर्ड के सभागार बागेश्वर में जनपद के किसानों के साथ मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत रेशम एवं मूंगा रेशम को अपनाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वरोगार के साधनों को बड़ाकर आत्मनिर्भर बन सकते है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किशन सिंह मलड़ा ने विभाग व सभी किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा मूंगा रेशम की बारीकियां समझने की जरूरत है। कार्यक्रम में केंद्रीय वैज्ञानिक सहदेव चौहान कहा कि अन्य राज्यों की अपेक्षा उत्तराखंड में रेशम एवं मूंगा रेशम की खेती यहाँ की आबोहवा को बेहतर बनाएगी। प्रभारी निरीक्षक वृजेश रतुड़ी ने जनपद बागेश्वर में मूंगा रेशम की खेती पर 35 प्रति उत्पादन में सफलता के बारे में समझाया।

# विवि के खिलाफ धरने पर बैठे छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** छह सूत्रीय मांगों को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता एक बार फिर मुखर हो गए हैं। नाराज छात्रों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस आशय का एक ज्ञापन कैंपस निदेशक को भी सौंपा। मंगलवार को एनएसयूआई छात्र-छात्राओं ने सागर जोशी के नेतृत्व अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर बीडी पांडे कैंपस परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। वक्ताओं ने कहा कि वह लंबे समय से छात्र-छात्राओं के हितों के लिए अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, साथ ही निदेशक के माध्यम से कुलपति को कई ज्ञापन भेज चुके हैं। छात्र हितों के लिए आज तक उनकी मांग पूरी नहीं हो पाई है, जिससे परिसर के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कैंपस में शिक्षकों की नियुक्ति, स्थायी निदेशक की नियुक्ति, महिला कबड्डी और हैंडबॉल प्रतियोगिता कराना, सफाई कर्मचारी की नियुक्ति सहित प्रथम सेमेस्टर में बीए, बीएससी और बीकॉम में सीट बढ़ाने की मांग उनके द्वारा की जा रही हैं, लेकिन आज तक उनकी इन मांगों पर अमल तक नहीं किया गया है। छात्र हितों को देखते हुए अब मजबूर होकर उनके द्वारा अनिश्चितक. ालीन धरना दिया जा रहा है, कहा जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस मौके पर ललित कुमार, प्रेम दानू, कैलाश नाथ, प्रीति, अनीता, हिमांशु कोरंगा, महेश, पंकज पपोला, सचिन पांडे, सागर सिंह भाकुनी, कमल खेतवाल और भानु कोरंगा आदि मौजूद रहे।



# समाजसेवी उमेश तिवारी ने भरवाए सड़क के गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** वर्षा से सड़क में हुए गड्ढों को ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी के पति सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व प्रधान उमेश तिवारी ने भरवाया। सोमवार को कोटाबाग ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख पति उमापति तिवारी उर्फ उमेश तिवारी ने पातलिया दून पब्लिक स्कूल के सामने व नया पांडे गांव के मुख्य मार्ग में पिछले दिनों हुए तेज वर्षा से सड़क में हुए गड्ढे से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसको देखते हुए उमेश तिवारी ने लोकनिर्माण से वार्ता कर सड़क के गड्ढों को भरे जाने की मांग की वहीं कुछ गड्ढों को अपने निजी खर्च से गड्ढों को भरा भी गया। इस दौरान उमेश तिवारी ने कहा कि कोटाबाग क्षेत्र की हर सड़क को गड्ढा मुक्त किए जाने का उनके द्वारा संकल्प लिया गया है वहीं उन्होंने लोकनिर्माण विभाग से कोटाबाग कालाढूंगी मुख्य मार्ग को गड्ढा मुक्त करने की मांग की। इस दौरान उमेश तिवारी द्वारा किए जा रहे कार्यों की गांव वासियों ने सराहना की।



# 'नमस्ते' का लाभ उठाएं सफाईकर्मी: मकवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री), भगवत प्रसाद मकवाना ने नगर निगम सभागार में आयोजित सफाई कर्मचारियों की बैठक में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचे। उपाध्यक्ष ने बैठक में एमएस एक्ट 2013 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाथ से मैला ढोने की अमानवीय प्रथा को केन्द्र सरकार ने इस एक्ट के माध्यम से समाप्त कर दिया है, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा हाथ से मैला ढोने के लिए किसी को नियोजित करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि इस एक्ट के तहत सफाई कर्मचारियों की मृत्यु पर सरकार द्वारा 30 लाख रुपये की धन. राशि तथा अपंग होने पर 20 लाख रुपये तक की धनराशि दी जाती है। उपाध्यक्ष ने नगर निगम, जल संस्थान और सभी नगर पालिकाओं को निर्देश दिये कि सभी सफाई कर्मचारियों का बीमा अवश्य कराया जाए तथा सीवर टैंक और नालियों की सफाई के दौरान उन्हें पीपीई किट प्रदान की जाए। उपाध्यक्ष ने सभी संस्थानों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके यहां कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों का पंजीकरण केन्द्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी के अभाव में सफाई कर्मचारी उनका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी धरातल पर कार्य करें। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों के पुनर्वास हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 20 लाख रुपये की धनराशि दी जाती है, लेकिन जनपद में अब तक यह राशि किसी को भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस संदर्भ में सफाई कर्मचारियों के निवास पर कैम्प लगाकर जानकारी दी जाए ताकि लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उपाध्यक्ष ने नगर निगम, नगर पालिका तथा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये कि सफाई कर्मचारियों के आयुष्मान एवं गोल्डन कार्ड अवश्य बनाये जाएं। उपाध्यक्ष ने नैनीताल बैंक के जीएम दीपक पंत को निर्देश दिया कि जनपद में लम्बे समय से सेवाएं दे रहे सफाई कर्मचारियों को नियमानुसार नियमित. ीकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिशासी अधिकारी (ईओ) नैनीताल की अनुपस्थिति पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और एक दिन का वेतन काटने के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया। बैठक में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह रावत, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, डा. जेएस तितियाल, जनसम्पर्क अधिकारी आलोक उप्रेती सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।



# मुंशी हरिप्रसाद टम्टा को याद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** प्रसिद्ध समाज सेवक सामाजिक क्रांति के अग्रदूत मुंशी हरी प्रसाद टम्टा को उनकी 138 वीं जयंती पर याद किया गया। चौघानपाटा स्थित उनकी मूर्ति पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने उन्हें पहाड़ का सजग प्रहरी बताया। मंगलवार को हुए कार्यक्रम केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि समाजसेवी मुंशी हरि प्रसाद टम्टा ने समाज के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। इन्ही कार्यो के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता है। कहा कि वर्तमान पीढ़ी को उनके आदर्शों से सीख लेनी चाहिए। क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि मुंशी हरी प्रसाद टम्टा ने अपने जीवनकाल में हर वर्ग को आगे बढ़ाने और गरीब बेसहारा लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने का काम किया। समाज सेवा में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर यहां मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, महेश चन्द्र आर्या, दयाशंकर टम्टा, महेश प्रसाद टम्टा, सावन टम्टा, दीपेश टम्टा, रवि रौतेला, धर्मेंद्र बिष्ट, विनीत बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, बिट्टू कर्नाटक, त्रिलोचन जोशी, पंकज जोशी, मनोज सनवाल, राजेंद्र बिष्ट, सरस्वती रोड़िया आदि मौजूद रहे।



# सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

## बिलासपुर से लौटते वक्त देर रात रामपुर रोड में बेलबाबा के पास हादसा, दो गंभीर घायल, बनभूलपुरा में शोक की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिलासपुर से ऑल्टो कार से लौट रहा हल्द्वानी के बनभूलपुरा का एक परिवार रामपुर रोड स्थित टांडा के जंगल में स्कॉर्पियो से टक्कर के भीषण हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में एक युवत व दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो लोग घायल हैं, जिन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लोगों की मौत से बनभूलपुरा में शोक की लहर दौड़ गयी है। शव जब मोर्चरी लगाए गए तो भी वहां पर बनभूलपुरा के सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दिया गया। देर शाम हादसे में मारे गए तीनों लोगों को असर की नमाज़ के बाद बरेली रोड स्थित कब्रिस्तान में



सुपुर्देखाक किया गया। जानकारी के मुताबिक वनभूलपुरा के लाइन नंबर-17 निवासी 30 वर्षीय जाहिद पुत्र अब्दुल गनी की मां रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। जो कि कैंसर की बीमारी से ग्रसित हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार रात करीब दस बजे जाहिद अपने सगे भाई 32 वर्षीय साजिद, सास शाहजहां (60), नानी अफसरी (75) और रिश्ते की बहन मुस्कान (15) के साथ अपनी मां से मिलने रुद्रपुर को रवाना हुए। यहां बीमार मां से मुलाकात करने के बाद परिवार उन्हें इलाज के लिए शीघ्र एम्स ऋषिकेश शिफ्ट करने का फैसला कर आया। देर रात दो बजे पूरा परिवार ऑल्टो कार से वापस हल्द्वानी लौट रहा था। इसी दौरान बेलबाल मंदिर रामपुर रोड से दो किमी पहले एक तीव्र मोड़ के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी कार को भीषण टक्कर मार दी। इस घटना में



साजिद, शाहजहां और बुजुर्ग अफसरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुस्कान और जाहिद घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मुस्कान को इलाज के बाद डिस्टार्च कर दिया गया है जबकि जाहिद का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद स्कॉर्पियो सवार मौके से फरार हो गए। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि स्कॉर्पियो से फरार एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की तफ्तीश की जा रही है।

### अज्ञात स्कॉर्पियो चालक पर मुकदमा

मृतक साजिद के भाई खालिद ने घटना के बाद कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(इ) और 281 के तहत लापरवाही से वाहन चलाने के जुर्म में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे में ऑल्टो कार के बुरी तरह परखच्चे उड़ गए जबकि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में हताहत परिवार पेशे से कारोबारी है।

### परिवार में कोहराम, लोगों की आंखें नम

बनभूलपुरा के एक परिवार ने एक साथ तीन लोगों को खो दिया। इस सड़क हादसे ने परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। युवा कारोबारी साजिद की



मौत से बनभूलपुरा के लोग गमज़दा हैं। लोगों को जैसे ही हादसे के बारे में पता चला तो साजिद और मारे गए अन्य रिश्तेदारों के घरों में रंज जताने वालों का तांता लगना शुरू हो गया। बनभूलपुरा में इन मौतों को लेकर दिनभर हलचल रही। मोर्चरी में भी लोगों का तांता लग गया। और शाम को असर की नमाज़ के बाद जब तीन जनाज़ों को एक साथ उठाया गया तो लोगों की आंखें नम हो गयीं।

# बहन के घर आया युवक नहर में गिरा

## लापता: खोजबीन में लगी रही एनडीआरफ व पुलिस टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक नहर में गिर गया। स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची काठगोदाम पुलिस व एनडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुट गई। देर शाम खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मुरादाबाद के कांठ का रहने वाला रवि कुमार उर्फ मोनू (40) इन्द्रानगर काठगोदाम स्थित अपनी बहन मंजू लता और जीजा प्रदीप के साथ रह रहा था। बताया जा रहा कि रवि के माता-पिता का पहले



ही देहांत हो चुका है और मंजू लता उसकी इकलौती बहन है। मंगलवार दोपहर कॉलटैक्स के पास अंदर की ओर नहर में वह खड़ा था। कुछ देर बाद उसके नहर में गिरने की स्थानीय लोगों ने सूचना दी। युवक के नहर में गिरते ही वहां पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मोनू की चप्पल भी पुलिस को वहीं से बरामद हुई हैं। सूचना पर मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन नहर में पानी का बहाव तेज होने पर उन्होंने तुरंत गौलाबैराज के कर्मचारियों से पानी को बंद कराया। जिसके बाद काठगोदाम पुलिस व एनडीआरएफ की टीम व स्थानीय लोग भी मोनू की तलाश कर रहे हैं लेकिन देर शाम तक उसकी तलाश के लिए सभी नहरों को भी छान लिया लेकिन मोनू का कोई सुराग नहीं लगा। बता दें कि कॉलटैक्स से लेकर यह नहर मुखानी तक कवर है। जिस कारण पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि नहर में युवक के गिरने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम व एनडीआरएफ की टीम सर्च अभियान चलाये हुए है लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल पाया।

### साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस के साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइबर टीम ने मंगलवार को आईटीबीपी के जवानों को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया। सीओ साइबर सुमित पांडे के पर्यवेक्षण तथा निरीक्षक साइबर सेल प्रभारी हरपाल सिंह के नेतृत्व में जनपद की साइबर सेल टीम में नियुक्त हेड कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह, संदीप कुंवर और परमदीप ने आईटीबीपी बटालियन लालकुआं मे जाकर जवानों को सोशल मीडिया में साइबर टेररिज्म, हनी ट्रैप, ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, सिम स्वेप, इ-सिम धोखाधड़ी आदि तमाम विषयों की विस्तार से जानकारी दी। सभी को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही अपने साथियों और परिजनों को भी जागरूक करने की अपील की गई।

# लोहे की रॉड और डंडों से युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** थाना काठगोदाम क्षेत्र में आपसी रंजिश और दबंगई का मामला सामने आया है। बीते 9 अगस्त की शाम को कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ और उसके सिर में गहरी चोट आने के कारण डाक्टरों ने उसे सुशीला तिवारी अस्पताल से रेफर कर बरेली भेज दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर काठगोदाम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी कौनने खान पुत्र स्व. अनीस अहमद खान निवासी केमू स्टेशन, रेलवे बाजार हल्द्वानी ने दी तहरीर में बताया कि उसका भाई सोहेल खान कार से अपने दोस्त के साथ नैनीताल रोड स्थित रॉक ऑन रेस्टोरेंट जा रहा था। तभी नारीमन चौराहे के पास काठगोदाम निवासी शारिक उसकी कार के सामने आकर फोटो लेने लगा और अपने साथियों को बुला लिया। पूछने पर आरोपियों ने गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित भाई ने खतरा भांपकर कार मोड़ी लेकिन शारिक, समीर, यासिन और अयान अपनी स्कूटियों से पीछा करने लगे। घेराबंदी कर उन्होंने कार पर पत्थर और डंडों से हमला किया। फिर लोहे की रॉड से पीटते हुए सोहेल को बाहर निकाल कर बेरहमी से पीटा। सोहेल के सिर में गंभीर चोट आई और उसे बेस अस्पताल में भतह्र कराया गया, जहां सिर में 10 टांके लगे। बाद में सुशीला तिवारी अस्पताल में सीटी स्कैन में सिर में ब्लड क्लॉट पाया गया। वर्तमान में उसका इलाज बरेली में चल रहा है। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# योजनाबद्ध हों पाठ्य कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विवि सभागार में मंगलवार को विश्वविद्यालय में संचालित सभी कार्यक्रमों की अध्ययन सामग्री गुणवत्ता, लेखन, निर्माण व वितरण को लेकर संबंधित सभी विद्याशाखा व विभागों निदेशक/समन्वयक व शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में सभी विषय समन्वयकों व निदेशकों से अपने-अपने विषयों व कार्यक्रमों की शेष अध्ययन सामग्री को तैयार कर मुद्रण के लिए देने को कहा गया। प्रत्येक विभाग व निदेशालय को उन्होंने कहा कि वे अपने विभागों में किस तरह से रोजगार-स्वरोजगार व जनपयोगी कार्यक्रमों का संचालन शुरू कर सकते हैं, उस पर विचार करें। कुलपति प्रो. लोहनी ने कहा कि सभी विभाग व निदेशालय अपना एक वर्ष का अकादमिक कैलेण्डर तैयार करें, जिससे वे सालभर अपने अकादमिक कार्यक्रमों का सम्पादन योजनाबद्ध ढंग से सम्पन्न कर सकें। बैठक में निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत, निदेशक शोध एवं नवाचार निदेशालय प्रो. गिरीजा पाण्डेय मौजूद रहे।

# ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की स्थापना की गई। यह आयोजन रोटरी क्लब रुद्रपुर में आयोजित हुआ, जहां फाउंडेशन के संस्थापक ममता पांडेय और दीपक पांडे ने समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य को साझा किया। दीपक पांडे ने बताया कि उनके जन्मदिन पर ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की स्थापना की है। इस अवसर पर दीपक पांडे और ममता पांडे ने नेत्रदान का संकल्प लिया, और लोगों से ऑर्गन डोनेशन के लिए प्रेरित होने की अपील की। इसके साथ ही रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें पार्षद सौरभ बहेड़ मौजूद रहे। शिविर




में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया। जिसमें बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, पल्स, ईसीजी और नेत्र परीक्षण किया गया। इस मौके पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, किच्छा विधायक तिलक राज बहेड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, एसपी मित्तल, संदीप चावला, रोटरी क्लब अध्यक्ष अमित सिंगला, सीए जय प्रकाश अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, समाजसेवी हरविंदर चुग, रामवीर यादव, अनुग्रह अग्निहोत्री, विजय गुप्ता, सुमित पांडे, हेम पांडे, दीपशिखा फुलारा, हरीश पांडे, ऋषिका सिंह, शिवानी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# चरस के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्कूटी से चरस की तस्कर कर रहे एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 497 ग्राम चरस बरामद हुई। जानकारी के अनुसार कोतवाल राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में टीपीनगर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय के पास वाहन चैकिंग के दौरान एक स्कूटी आती दिखाई दी जिसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 497 चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पकड़े गए चरस तस्कर ने अपना नाम प्रकाश सिंह नैनवाल पुत्र महेंद्र सिंह नैनवाल निवासी धौलखेड़ा बरेली रोड बताया। पुलिस ने चरस तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए तस्कर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# वार्डो में जनसुविधा शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर आयुक्त ऋचा सिंह की अध्यक्षता में वार्ड 41 एवं 42 में मंगलवार को जन सुविधा शिविर लगाया गया, जिसमे बिजली, पानी, सिंचाई, पूर्ति विभाग तथा नगर निगम से संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। शिविर में स्थानीय पार्षदों और लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। शिविर में मुख्य रूप से विद्युत पोल लगाए जाने, झुके विद्युत पोलों को ठीक कराए जाने, राशन कार्ड से नाम हटाए जाने एवं पृथक से अलग राशन कार्ड बनाए जाने, विभिन्न स्थानों में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने, सड़क मरम्मत किए जाने सहित अन्य समस्याएं प्रमुखता से रखी। इसके साथ ही शिविर में विभिन्न विभागों ने जनता को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने की साथ ही मौके पर विभिन्न प्रमाण पत्र भी बनाए और योजनाओं के आवेदन भी प्राप्त किए। दोनों वार्डों में आयोजित शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत कुल 36 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। विद्युत विभाग से सम्बंधित प्राप्त 4 शिकायतों का समाधान किया गया। पूर्ति विभाग से सम्बंधित 7 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें राशन कार्ड से नाम हटाकर प्रथक से राशन कार्ड बनाए जाने व बीपीएल राशन कार्ड बनाए जाने संबंधित थी। इसके अलावा शिविर में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के अंतर्गत विवाह पंजीकरण के लिए 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि बुधवार को वार्ड 39 में कालाढूंगी विधायक के आवास में तथा वार्ड संख्या 40 का शिविर रामलीला मैदान ऊंचापुल में लगाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वह इन शिविरों में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

# रायबहादुर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के प्रथम समाज सुधारक, बहुभाषाविद्, शिक्षाविद् और समाज को एकजुट करने वाले रायबहादुर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की 139वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को हल्द्वानी तिकोनिया स्थित मुंशी हरिप्रसाद टम्टा पार्क में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरआर लोहिया ने की, जबकि मंच संचालन का दायित्व गंगा प्रसाद ने निभाया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में रायबहादुर टम्टा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें युगप्रवर्तक बताया।



वक्ताओं ने याद किया कि जब बहुजन समाज को अपनी बात कहने में संकोच होता था, तब टम्टा जी ने रानीखेत, गढ़वाल और दूरदराज के क्षेत्रों से 7,400 लोगों को पैदल एकत्रित कर घर-घर जाकर जनजागरण किया। इसके परिणामस्वरूप समाज को 'हरिनगर' नामक क्षेत्र में 3000 एकड़ भूमि भी दिलवाई। कार्यक्रम में जीआर टम्टा, हरि प्रसाद, सुमित्रा प्रसाद, नफीस अहमद खान, इंद्रालाल, हरीश सिनोली, सुंदरलाल बौद्ध, आरपी गंगोला, सुमन टम्टा, कृष्णावती, मीना रोशन, तुलसी देवी, राजन्ति, जीवन चंद आर्य, जीतराम, महेश चंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

### वंचितों के मसीहा थे मुंशी हरिप्रसाद टम्टा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामगढ़ ब्लॉक के हरीनगर गांव में समाज के सच्चे सेवक और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोचन द्वारा की गई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चन्द्र (जीतू) ने कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा द्वारा वंचित समाज के लिए किए



गए अभूतपूर्व कार्यों के कारण ही उन्हें उत्तराखंड का बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा के अथक प्रयासों से 1930-40 के दशक में ब्रिटिश सरकार द्वारा कुमाऊं और गढ़वाल के भूमिहीन शिल्पकारों को लगभग 30,000 एकड़ कृषि भूमि वितरित की गई। प्रकाश चन्द्र 'प्रेम पथिक' ने मुंशी टम्टा जी की जीवनी और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भुवन चंद्र, गणेश आर्या, नवीन आर्या, प्रधान गीता देवी, ऋषभ आर्या, संदीप रत्न थे।

# 525 कुर्सी-मेज सेट वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देववाणी परोपकार मिशन हरिद्वार द्वारा मंगलवार को खटीमा के राणा थारु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीपुर बिछुआ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर ओएनजीसी के सीएसआर फंड से 525 कुर्सी-मेज सेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में खटीमा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अब तक जमीन पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे, उन्हें अब सम्मानजनक वातावरण में अध्ययन का अवसर मिलेगा। श्री जोशी ने ओएनजीसी और देववाणी परोपकार मिशन का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मील का



पत्थर साबित होगी। देववाणी परोपकार मिशन के अध्यक्ष ईश्वर सुयाल ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत तीन विद्यालयों को फर्नीचर प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत दी गई। जिसमें उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में देववाणी परोपकार मिशन के अध्यक्ष ईश्वर सुयाल, डा. योगेश जोशी, प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह पोखरिया, सुखदेव सिंह, उमेश चंद्र सक्सेना, गोविंद गिरी, सुनील कापड़ी, मुकेश चंद्र आर्य, चंदन चौहान, राजेंद्र भट्ट, बिना उपाध्याय, सीमा राणा, पूनम सकलानी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वैश्य महासभा का गणेश महोत्सव आज से

## पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से निर्मित गणेशजी रहेंगे आकर्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वैश्य महासभा के तत्वावधान में आगामी 27 अगस्त से 2 सितंबर 2025 तक श्री गणेश महोत्सव भव्य रूप से मनाया जायेगा। इस वर्ष जहां पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से निर्मित गणेश जी की मूर्ति आकर्षण का केंद्र रहेगी, वही महोत्सव के आयोजन में जर्मन हैंगर टेंट लगाया जा रहा है जो कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेगा।

रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल ने बताया कि श्री गणेश महोत्सव का आयोजन 27 अगस्त से 2 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। प्रतिदिन प्रात: 8 बजे पूजन एवं आरती होगी, नित्य प्रति शाम 5 बजे से प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और



रात्रि 8.30 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैश्य महासभा हल्द्वानी ने आज से 22 वर्ष पूर्व 2004 में उत्तराखंड में प्रथम गणेश महोत्सव का आयोजन प्रारंभ किया गया था।

कहा कि केवल वैश्य महासभा द्वारा ही गणेश जी की मूर्ति का निर्माण मिट्टी से किया जाता है जो विसर्जन में शीघ्र खुल जाती है और पर्यावरण के अनुकूल होता है। साथ ही इस बार के आयोजन में क्षेत्र में प्रथम बार श्री गणेश महोत्सव आयोजन में जर्मन हैंगर टेंट लगाया जा रहा है। महामंत्री तनुज गुप्ता ने बताया कि 30 अगस्त शनिवार को प्रात: 11 बजे दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता, 31 अक्टूबर को रन फार गणेशा एवं इसी दिन प्रात चित्रकला प्रतियोगिता होगी। 1 सितंबर को विश्व विख्यात भजन सम्राट प्रमोद त्रिपाठी जयपुर वालों के द्वारा भजन संध्या की जाएगी। गणेश महोत्सव का समापन 2 अगस्त को विशाल भंडारे के बाद विशाल शोभायात्रा और रानीबाग में मूर्ति विसर्जन के साथ होगा। वार्ता के दौरान राजेंद्र अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार, श्रीकांत खंडेलवाल, बिंदेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भगवान सहाय अग्रवाल, नीरज प्रभात गर्ग, अरविंद जायसवाल, यश गुप्ता, मंजू वार्ष्णेय, भोलानाथ केसरवानी, स्नेहलता गुप्ता, अतुल जायसवाल, सुरेश केसरवानी, संदीप गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अशोक वार्ष्णेय, किशन लाल गुप्ता, हीरालाल साहू, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### गोरखा समुदाय ने मनाया हरितारिका तीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोरख सेवा समिति की और से महापर्व हरितालिका तीज का आयोजन नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र थापा की अध्यक्षता में नवाबी रोड स्थित बैंकट हॉल में किया गया। मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट एवं दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। रामनगर के गोरखा सभा केंद्र के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। लकी ड्रा के द्वारा हरितालिका तीज क्वीन 2025 दीपिका थापा चुनी गयी। इस मौके पर ग्राम प्रधान रानीबाग कलावती थापा, पान सिंह ऐरी, गज बहादुर थापा, भीम सिंह राणा, सुनील थापा, नारायण थापा, प्रकाश शाही, मधु थापा, प्रेम थापा, विमला थापा, अमिता सिंह, तारा नगरकोटी, कोमल थापा, शैली थापा, दुर्गा राणा, आशा शाही सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एमबीपीजी में पुस्तक वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकालय से पाठ्यपुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को पहले दिन बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को पुस्तकें दी गईं। पुस्तकें प्राप्त करने के लिए सुबह से ही छात्र-छात्राओं की भीड़ कॉलेज पुस्तकालय में जुटने लगी। छात्रों ने समय से किताबें मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की और कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्रशासन के



अनुसार, अगले चरणों में बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को भी निर्धारित तिथियों के अनुसार पुस्तकें वितरित की जाएंगी। यह प्रक्रिया कॉलेज द्वारा चरणबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से की जा रही है, ताकि भीड़ से बचा जा सके और हर विद्यार्थी को उचित समय पर पुस्तकें मिल सकें। कॉलेज पुस्तकालय से प्राप्त इन निशुल्क या नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक सहायता करना है, विशेषकर उन छात्रों के लिए जो बाजार से महंगी किताबें खरीदने में असमर्थ होते हैं। कॉलेज प्राचार्य और पुस्तकालय प्रभारी ने छात्रों से अपील की है कि वे निर्धारित समय और अनुशासन का पालन करते हुए पुस्तकें प्राप्त करें और उन्हें सत्रांत में सही अवस्था में लौटाना सुनिश्चित करें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बाजार में प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** बाजार में सड़क किनारे फंड, ठेला, सामान आदि लगा कर अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों के खिलाफ उप जिलाधिकारी तुषार सैनी के नेतृत्व में राजस्व, नगर पालि. का व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया गया। प्रशासन के अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

प्रशासन द्वारा खटीमा नगर में मुख्य खड़ंजा रोड, थारू इंटर कॉलेज के आगे आजाद मार्केट, सितारगंज रोड में सड़क किनारे किए अतिक्रमण को हटाया गया।इस दौरान अतिक्रमणकारियों के सामान जप्त कर सख्त चेतावनी जारी की गई। साथ ही सड़क किनारे लगाए गए फंड, ठेला प्रचार बोर्ड आदि नगर पालिका कर्मियों द्वारा हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया।प्रशासन की लंबे समय बाद अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। वहीं कार्यवाही के दौरान खटीमा के उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि आज प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान में अतिक्रमण कारियों के अतिक्रमण को हटाकर चेतावनी जारी की है। यह अभियान समय- समय पर प्रशासन द्वारा चलाया जाएगा।वहीं आगे अगर सड़क किनारे कोई अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके खिलाफ चालानी व वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर खटीमा तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, उपनिरीक्षक खटीमा कोतवाली विजय बोहरा, खुशबुद्दीन खान, विजय कुमार सहित राजस्व व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# इंसानियत फिर हुई शर्मसार

**■ गोशाला में बछिया से दुष्कर्म करता युवक दबोचा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मासूम बालिकाओं के साथ जहां दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं, वहीं अब एक ऐसा शर्मनाक मामला सामने आया है जिसे जानकर हर किसी का सिर शर्म से झुक गसा। श्मशानघाट रोड, शि. वनगर ट्रांजिट कैम्प में हुई इस घटना में एक युवक द्वारा गोशाला में घुसकर बछिया से दुष्कर्म किया गया। परिजनों ने युवक को मौके पर ही पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर उसके विरुद्ध तहरीर भी सौंप दी।

घटना की जानकारी मिलते ही गौरक्षा दल के कई कार्यकर्ता ट्रांजिट कैम्प थाने आ गए और उन्होंने पकड़े गए आरोपी का एनकाउंटर कर देने की मांग की।

सर्वेश कुमार पुत्र मुक्तियार सिंह निवासी शिवनगर श्मशान घाट के पास वार्ड 2 ट्रांजिट कैम्प ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें अपनी गौशाला में अज्ञात व्यक्ति द्वारा पालतू गौवंश से दुष्कर्म किए जाने का संदेह हो रहा था। उनकी दो बछिया की भी मौत हो गई। इसके बाद से परिवार सतर्क रहने लगा था। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त की मध्य रात्रि पत्नी गीता देवी ने देखा कि एक युवक उनकी गौशाला मे घुसकर गाय की बछिया के साथ दुष्कर्म करने लगा। यह बात जब पत्नी ने उसे आकर बताई तो वह अपने बेटे और रिश्तेदार तुरंत गौशाला पहुंचे और उस युवक को मौके पर पकड़ लिया। पकड़े व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पता अनिल सागर पुत्र मंगल सेन निवासी मिलक, रामपुर उत्तर प्रदेश हाल पता आजादनगर वार्ड 7 ट्रांजिट कैम्प बताया। आरोपी युवक को परिजनों के साथ ही गौ रक्षा दल के गोविन्द शर्मा, अंकित व गौ रक्षा दल के अन्य सदस्य भी पकड़कर थाने लाये। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

# नवीन बोरा छठी बार बने देवभूमि श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** देवभूमि श्री रामलीला कमेटी मयूर बिहार अमाऊं की बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा नेता नवीन बोरा को लगातार छठी बार अध्यक्ष चुना गया। बैठक में रामलीला के मंचन और तालीम शुरू करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष बोरा ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों के अतिरिक्त बाहर के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति उत्थान हेतु विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित जाएंगे। सचिव किरन चंद ने रामलीला मंचन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कोषाध्यक्ष केशव दत्त जोशी ने गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कैलाश चंद, दीवान सिंह, मोहन सिंह, पूरन कन्याल, जगत सिंह भंडारी, सुरेश जीना, अमर सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल के खिलाड़ियों ने चमकाया नाम



शाह टाइम्स संवाददाता

**जिले में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर गर्व**

**रुद्रपुर।** चतुर्थ जिला पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन रुद्रपुर शहर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल और ड्रैगन वारियर मार्शल आर्ट्स अकैडमी की संयुक्त टीम ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 8 स्वर्ण, 13 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर जिले में तृतीय स्थान हासिल किया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कोच हितेश कुमार, टीम मैनेजर कुन्दन नाथ गोस्वामी और विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विद्यालय और अकैदमी के संयुक्त प्रयासों का भी प्रतीक है।

# पुलिस ने दस वारंटियों को पकड़ा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी काशीपुर के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कुण्डा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कुण्डा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट की तामील हेतु की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नेत्रपाल पुत्र जगदीश, संजीत उर्फ शंकर पुत्र गोकल सिंह, गोकल सिंह पुत्र कुन्दन सिंह,रवि कुमार पुत्र नन्हे सिंह, मेहन्दी हसन पुत्र अली हसन, नवासे अली पुत्र नवाब अली,कपूरी पत्नी नेत्रपाल,सविता पत्नी प्रेमपाल सिंह,किरन पत्नी महेन्द्र, मिथलेश पत्नी गोकल सिंह निवासीगण ग्राम सरबरखेड़ा, थाना कुण्डा, जनपद ऊधम सिंह नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, उ. नि. अरविन्द बहुगुणा, जगदीश तिवारी, अर्जुन सिंह, नवीन जोशी, अपर उ.नि. दीपक चौहान, राकेश सिंह बोहरा, का. नरेश चौहान, संजय कुमार, मनोज बोरा, सुमित पंवार, मनोज जोशी, धर्मेन्द्र भारती, मनोज कुमार, हेमन्त कुमार, कृपाल सिंह,म.का. नीतू जोशी आदि शामिल रहे।

# किसान कार मॉर्टिफिकेशन का धर्म गुरुओं ने किया शुभारंभ

**■ चारों धर्मों के धर्म गुरुओं ने मोहम्मद जुनैद को दिया आशीर्वाद**



शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** किसान कार मॉर्टिफिकेशन के नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन चारों धर्मों के धर्म गुरुओं द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रतिष्ठान के मुस्लिम स्वामी द्वारा अपने नवीन प्रतिष्ठान किसान कार मॉर्टिफिकेशन का शुभारंभ चारों धर्मों के धर्म गुरुओं से कराते हुए क्षेत्र में धार्मिक एकता की मिसाल कायम की है।

नगर के बरेली रोड स्थित सुनहरी मस्जिद मार्केट में किसान कार मॉर्टिफिकेशन के युवा शिक्षित स्वामी मोहम्मद जुनैद ने अपने नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन प्राचीन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रह्मानंद शर्मा, आवास विकास स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्य ग्रंथी सरदार अंग्रेज सिंह बाबा, सेंट पीटर स्कूल के पास्टर राजीव, पूर्व सभासद एवं प्रमुख समाजसेवी नजाकत खान द्वारा विधिवत तरीके से फीता काटकर कराया। सभी ने युवा प्रतिष्ठान स्वामी मोहम्मद जुनैद को आशीर्वाद दिया। नगर एवं क्षेत्र में पहला ऐसा मौका है जब किसी नवीन प्रतिष्ठान का चारों धर्मों के धर्म गुरुओं द्वारा संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया है।

गौरतलब यह है कि नवीन प्रतिष्ठान का स्वामी मोहम्मद जुनैद मुस्लिम समाज से है तथा युवा शिक्षित हैं ने नयी परंपरा डालकर जहां समाज को नया सन्देश तथा नई दिशा देते हुए समाज को तोड़ने एवं समाज को जाति धर्म में बांटने एवं धार्मिक एकता को चोट पहुंचाने वालों को करारा जबाब दिया है। सभी अतिथियों ने युवक की सोच की भूरि भूरि प्रशंसा की। न

वीन प्रतिष्ठान किसान कार मॉर्टिफिकेशन के उद्घाटन के मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह, व्यापारी एवं कांग्रेसी नेता गुलशन सिन्धी,वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन अजय पाल यादव, भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, व्यापार मंडल महामंत्री नितिन फुटेला, एन यू खान,सुनीता कश्यप, वरिष्ठ सर्जन डा. ब्रज किशोर, अशोक मित्रा, बंटी पपनेजा, नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के निर्मल सिंह हंसपाल, जीशान पठान,लियाकत अंसारी, दुर्गेश गुप्ता,हाफिज मोहम्मद ताहिर, के अलावा हाजी अब्दुल मजीद,इसरार अली, जाहिर रिजवी, फैज अहमद फैजी, इजहार रिजवी, अमन, शुऐब, अली रजा, वरिष्ठ पत्रकार सुरजीत सिंह कामरा, अब्दुल अजीज मुन्ना, रंजीत सिंह मानकिया, विकास दावड़ा,मनीष सिडाना,शिव कुमार मित्तल, हाजी लईक कुरैशी,अच्छन खां,शाकिर हुसैन,पूर्व सभासद शकील अहमद, इकबाल कुरैशी, डॉ सैय्यद मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद मियां, पूर्व प्रधान मोहम्मद अहमद मलिक,पूर्व बीडीसी हाजी मोहम्मद राशिद अंसारी, संजय यादव, विक्की खुराना, शाहनवाज शानू मलिक, शफीक अहमद मुनीम,अनवार सैफी आदि थे।

वहीं नवीन प्रतिष्ठान किसान कार मॉर्टिफिकेशन के युवा शिक्षित स्वामी मोहम्मद जुनैद ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर सभी प्रकार की कारों की डेकोरेशन दिल्ली एवं मुरादाबाद के प्रशिक्षित मैकेनिकों द्वारा की जाएगा तथा स्पेयर पार्ट्स दिल्ली के रेटों में उपलब्ध है। प्रतिष्ठान स्वामी मोहम्मद जुनेद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिष्ठा का शुभारंभ चारों धर्म के धर्म गुरुओं से कराकर समाज में आपसी भाईचारा एकता के वातावरण को बढ़ावा देना है।

# भाजपा नेता इंतजार हुसैन ने कामिल की मां के निधन पर किया शोक व्यक्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को खटीमा प्रवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता व जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल खान की वालिदा के इंतकाल पर उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा शो. काकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मुलाकात पर प्रशासक कामिल खान के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की गई। इस मौके पर एडवोकेट अमानत हुसैन, जफर खान, हफीजुर्रहमान, यसपाल, शादाब हुसैन, इशितयाक अहमद,आरिफ, शानू खान, अल्लादीन सैफी, सलीम अहमद, कासिम खान तथा मो.आसिफ सहित कई लोग मौजूद थे।

# माउंटेनियर मनोज कुमार ने एलब्रश चोटी पर तिरंगा फहराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** आरएलएसएम डिग्री कॉलेज किशनपुर जसपुर के बीएड संकाय में कार्यरत सहायक प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी एल ब्रश (ऊंचाई 5642 मीटर)पर सफलतापूर्वक आरोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।



प्राप्त जानकारी अनुसार माउंटेनियर रवि कुमार फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी एलब्रश पर संस्था के सचिव/सहायक प्रोफेसर मनोज कुमार ने 24 अगस्त सुबह 8:00 यूरोप महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट एलब्रश जिसकी ऊंचाई 5642 मीटर है सफलता पूर्वक आरोहण कर भारत की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया मनोज कुमार ने बताया 20 अगस्त को आजऊ पहुचे 21 अगस्त को चेगेट चोटी जिसकी ऊंचाई 3739 मीटर है पर सफलतापूर्वक आरोहण किया 22 अगस्त को बेस कैंप पहुचे वहां लगभग 4900मीटर हाइट गेन की फिर वापस बेस कैंप आ गए 23 अगस्त की रात को लगभग रात 11:30 बजे बेस कैंप से चलना प्रारंभ किया मौसम बहुत ठंडा था -13 तापमान था बर्फीली हवाएं 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही थी प्रतिकूल मौसम विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए मनोज कुमार ने 24 अगस्त को सुबह 8:00 बजे सफलतापूर्वक आरोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया।

इस अभियान की शुरुआत मनोज कुमार ने अपने मार्गदर्शक,पथ प्रदर्शक, अमित कुमार घोष, आईएएस, प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सरकार से लखनऊ में फ्लैग ऑफ कराके आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व में मनोज कुमार ने पिछले वर्ष 2024 अगस्त माह में हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले में स्थित युनाम चोटी पर 15 अगस्त को सफलतापूर्वक आरोहण कर तिरंगा लहराया था 25 अगस्त को कांग यास्ते 2 एवं 30 अगस्त को कांग यास्ते 1 पर सफलतापूर्वक आरोहण किया था। 15 दिन में तीन चोटियों पर सफलतापूर्वक आरोहण करने वाले उत्तर प्रदेश के प्रथम पर्वतारोही बने थे।

ज्ञात हो कि सहायक प्रोफेसर मनोज कुमार मुरादाबाद के स्थाई निवासी हैं और माउंटेनियर रवि कुमार फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सचिव भी हैं। उनकी सफलता पर संस्था के सचिव ई. विनय कुमार चौहान, एचओडी रवि कुमार, प्राचार्य डा. भुवनेश कुमारी व शिक्षकों ने बधाई दी।

# सीमांत खटीमा से 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर साइकिल से रवाना हुआ युवक

**■ आठ माह में लगभग 19000 किलोमीटर की यात्रा तय करेगा सुमित**

**■ नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर शुरू की है यात्रा**



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सीमांत खटीमा के खालीमहुवट झनकईया निवासी 19 वर्षीय युवक सुमित राजभर पुत्र विश्वनाथ राजभर अपने घर से भारत भ्रमण के लिए साइकिल से रवाना हुआ। रवानगी के दौरान युवक के माता-पिता, परिजन एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अपना आशीर्वाद और शुभकामना देकर युवक को रवाना किया।

श्रद्धालु युवक भारत भ्रमण के दौरान देश के विभिन्न जगह सोमनाथ, नागेश्वर (गुजरात), ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर (मध्य प्रदेश), मल्लिकार्जुन (आंध्र प्रदेश), केदारनाथ (उत्तराखंड), भीमाशंकर, त्रंबक. ेश्वर, घृणेश्वर (महाराष्ट्र), बैद्यनाथ (झारखंड), रामेश्वरम (तमिलनाडु) तथा काशी विश्वनाथ (उत्तर प्रदेश) पर स्थित ज्योतिर्लिंग का दर्शन करेगा। पूरी यात्रा में युवक को लगभग 7 से 8 महीने लगेंगे तथा कुल लगभग 19000 किलोमीटर की यात्रा होगी। श्रद्धालु युवक सबसे पहले उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ तथा अंत में उत्तराखंड के केदारनाथ पहुंचकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेगा। युवक के अनुसार इस यात्रा के दौरान वह लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेगा। वहीं यात्रा पर निकले युवक ने बताया कि वह खटीमा हेमवती नंदन बहुगुणा राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए का छात्र है तथा अपनी पढ़ाई ड्रॉप कर यात्रा पर निकला है। उसने बताया कि 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने, नशे के खिलाफ आम जनता को जागरूक करने, राष्ट्र के प्रति आम जनता में देशभक्ति एवं देश प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से वह साइकिल से भारत भ्रमण पर निकला है। वहीं उसके पिता विश्वनाथ राजभर एवं माता गीता गोयल ने आशीर्वाद, प्यार और मंगल कामना के साथ अपने पुत्र को यात्रा पर रवाना किया। यात्रा शुभारंभ के दौरान नंदलाल, रामनरेश, राहुल कुमार, रवि मेहता, ऋषभ, सौरभ, अरविंद कुमार कनौजिया, अंकित, उज्जवल, रतिन हलदार, तेतरी देवी तथा नेहा देवी साहित्य क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्ति एवं उसके परिजन मौजूद रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** विकासखंड के दूरस्थ गांव बग्गा 54 में मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी रुद्रपुर के आदेश के क्रम में नागरिक अस्पताल सीएमएस डॉक्टर केसी पंत व डॉक्टर वीपी सिंह के निर्देश पर बग्गा 54 के प्राइमरी स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दौरान शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बी तथा चंदन लैब के द्वारा निशुल्क जांच, आशा कार्यकत्रियों, एएनएम तथा सीएचओ के द्वारा नि:शुल्क शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। वही शिविर में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा टीवी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा नि:शुल्क टीकाकरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप, डॉक्टर शैलजा पांडे, विजेता पांडे, एसटीएस संजीव, कमल जोशी सीसी कॉर्डिनेट, एएनएम लीला लुंठी, निर्मला, शांति, रिंकू, धनु, सुल्तान तथा सीएचओ विनीता आदि मौजूद रहे।

# यूपी सिंचाई विभाग पर राजस्व ग्राम खेलड़िया को मनमानी नोटिस भेजने का आरोप



शाह टाइम्स संवाददाता

**■ ग्रामीणों में खलबली व आक्रोश, सीएम को भेजा ज्ञापन**

**खटीमा।** इंडो नेपाल सीमा तथा यूपी उत्तराखंड की सीमा पर स्थित राजस्व ग्राम खेलड़िया के ग्रामीणों को शारदा सागर बांध की भूमि पर अवैध कब्जा दिखाकर कार्यालय जिलेदार द्वितीय खंड खटीमा, शारदा सागर खंड पीलीभीत द्वारा नोटिस जारी कर शारदा सागर बांध की भूमि खाली करने की चेतावनी दी गई है। अन्यथा की स्थिति में बलपूर्वक कब्जा हटाने पर खर्च्च वसूली की भी चेतावनी दी गई है। जबकि विगत 70 वर्षों से ग्रामीण यहां बसे हुए हैं तथा उनकी जमीन वर्ग-4, रजिस्ट्री व पट्टा भू अभिलेख में दर्ज है। वहीं सरकार को प्रतिवर्ष लगान भी जमा करते आ रहे हैं। इसके साथ ही गांव के अधिकांश पात्र किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत भारत सरकार द्वारा पेंशन भी दी जा रही है। नोटिस में दी गई चेतावनी से ग्रामीणों में खलबली मची हुई है तथा यूपी सिंचाई विभाग के प्रति आक्रोश भी है।

ग्रामीणों के अनुसार अभी तक उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग तथा उत्तराखंड के संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कोई भी संयुक्त सर्वे नहीं किया गया है और ना ही सीमांकन किया गया है। इसके बावजूद भी उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा विगत लगभग 70 वर्षों से काबिज राजस्व ग्राम खेलड़िया के ग्रामीणों को नोटिस भेजकर डराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं आक्रोशित सैकड़ो ग्रामीणों ने खटीमा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा तथा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की इस मनमाना और अनुचित कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दिया कि यदि यूपी सिंचाई विभाग नहीं मानेगा तो व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि खेलड़िया की जमीन वर्ष 14 फरवरी 1977 में राजस्व विभाग को ट्रांसफर हो गई थी जब कि यूपी सिंचाई विभाग अपनी जमीन बता कर शारदा सागर बांध की भूमि खाली करने हेतु नोटिस जारी कर रहा है जो कि निराधार और गलत है। ग्रामीणों ने बताया कि वह उत्तराखंड के स्थाई निवासी हैं तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा उनको सभी सरकारी सुविधाएं जैसे सड़क, पेयजल, बिजली, सरकारी आवास, आंगनवाड़ी, सरकारी स्कूल, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र आदि प्राप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यूपी सिंचाई विभाग शारदा सागर बांध की भूमि को खाली करने हेतु नोटिस दिया है जबकि हम लोग राजस्व ग्राम खेलड़िया के निवासी हैं। वहीं उनके द्वारा जारी नोटिस में खसरा संख्या का कहीं भी हवाला नहीं दिया गया है। मनमाना तरीके से नोटिस जारी कर शारदा सागर बांध की जमीन खाली करने की चेतावनी दी गई है जो कि सरासर गलत और निराधार है। वहीं एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि यूपी सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग व वन विभाग की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया जाएगा और जांच के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

इस दौरान मनोज शाही,लालता प्रसाद, रामायण राम, महेश जोशी, सहदेव, शंकर दत्त जोशी, देवेंद्र प्रसाद, दीनानाथ, अवधेश प्रसाद, राम जनम, धर्म देव, कन्हैया लाल, राजन कुमार, नकुल प्रसाद, मोहन लाल, राम भरोसे, हरीश चंद्र, उमेश कुमार, रामचंद्र सत्येंद्र कुमार, राहुल कुमार, संजय कुमार, अनिल कुमार, सतीश पासवान, हित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी सच्ची सेवा: मंजीत सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह 'राजू' ने अपने चकरपुर रोड स्थित कैम्प कार्यालय में विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धामी सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े आम नागरिक तक पारदर्शी व प्रभावी तरीके से पहुँचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनसेवा ही हमारी प्राथमिकता है, जनता के हितों की रक्षा और योजनाओं की निष्पक्ष क्रियान्विति सुनिश्चित करना ही सरकार का संकल्प है। धामी सरकार की हर योजना का लक्ष्य जनता का उत्थान और हर घर तक सम्मान है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी सच्ची सेवा है। विकास तभी सार्थक है, जब उसका लाभ आम नागरिक तक पहुंचे। पारदर्शिता, प्रतिबध्दता और जन भागीदारी ही हमारी कार्यसंस्कृति है। जनता के हक और अधिकार की सुरक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में बाजपुर एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा, बाजपुर तहसीलदार अक्षय भट्ट, खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, मण्डी समिति सचिव कैलाश शर्मा, अधिशासी अधिकारी मनोज दास, चिकित्सा अधीक्षक डा. पीडी गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत विवेक काण्डपाल, जेई सिंचाई गोविन्द सिंह सहित अन्य समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सिलेंडर लीक होने से घर में आग लगी, हजारों का सामान स्वाहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** वार्ड नंबर-1 स्थित रूद्रा इन्कलेव कॉलोनी में सोमवार रात सिलेंडर लीक होने से घर में आग लग गई। अचानक लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में हजारों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे रूद्रा इन्क्लेव स्थित एक घर में सिलेण्डर लीक होने से अचानक आग भड़क गयी। सूचना मिलते ही एफएसओ के आदेश पर फायर यूनिट तुरंत घटनास्थल के पर पहुंची। मौके तब तक सिलेंडर से आग लगने के बाद लपटें अन्य सामान में भी फैल चुकी थीं। फायर यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एमएफई से पंपिंग कर एक हौज की सहायता से आग को नियंत्रित कर लिया। अग्निशमन कार्य में शामिल टीम में चन्द्र प्रकाश,नरेश कुमार,नवल प्रभात,सुरेश,नीमा,गंगोत्री, सीमा धामी आदि शामिल रहे।

# पर्वतारोहण अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में माउंट मुकुट पर एक पर्वतारोहण अभियान को लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, उत्तर भारत क्षेत्र ने आज 26 अगस्त, 2025 को बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पंचशूल ब्रिगेड पिथौरागढ़ के आधीन में 12वीं बटालियन जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के 15 जवानों वाला यह अभियान दल सितंबर 2025 के मध्य में माउंट मुकुट (7045 मीटर) पर चढ़ने का प्रयास करेगा। ध्वजारोहण समारोह उत्तर भारत क्षेत्र मुख्यालय में आयोजित किया गया, जहाँ जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) ने टीम के सदस्यों से बात. चीत की और उन्हें सुरक्षित एवं स्वस्थ अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम ने पहले कुमाऊं क्षेत्र में किट-अप, फिटनेस प्रशिक्षण और एक विशेष प्रशिक्षण कैप्सूल लिया था। अब वे माउंट मुकुट पर चढ़ाई शुरू करने के लिए माना की ओर बढ़ेंगे। यह अभियान भारतीय सेना के जवानों के कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण है और हिमालय में एक अडिग चोटी पर विजय प्राप्त करने के उनके अदम्य साहस को दर्शाता है। यह साहस, सहनशक्ति और सूर्य एवं हिम के योद्धाओं के आदर्शों को बनाए रखने की यात्रा है।

# छात्र की आंख में घोंपा पैन, परिजनों ने घेरी कोतवाली, किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** छात्र के आंख में पेन घोपने के मामले में कोतवाली में छात्र के परिजनों ने जबरदस्त हंगामा किया। स्कूल प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज न होने से परिजन आक्रोशित दिखे।

मंगलवार को आंख में पेन घोपने के मामले में छात्र के परिजन कोतवाली पहुंचे और कोतवाली का घेराव कर जबरदस्त हंगामा किया। परिजनों संघ सैकडो लोग समर्थन में पहुं. चने से काफी भीड़ एकत्र हो गई। छात्र के परिजन स्कूल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। उनका कहना था कि स्कूल ने घटना होने के बाद उन्हें सूचित नहीं किया और बच्चे को लेकर इधर उधर भागते रहे। उन्हें



जब सूचना दी गई जब यहां इलाज के लिए डॉक्टरों ने मना कर दिया और बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। छात्र की मां ममता देवी का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने हल्द्वानी इलाज के दौरान उन्हें छोड़ दिया था। स्कूल प्रबंधन ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया है। बच्चे के इलाज के लिए कई बार स्कूल जाने पर भी उचित इलाज नहीं कराया गया।

इधर स्कूल प्रबंधन ने आरोप को नकारते हुए कहा कि उनके द्वारा एम्स सहित बड़े अस्पतालों में बच्चे को उचित इलाज कराया गया। गहमागहमी के बीच विभिन्न संभ्रांत लोगों की उपस्थिति और कोतवाली में बाजार चौकी इंचार्ज पंकज महर, एसआई दोनों पक्ष के लोगों के समझौते को लेकर घंटों वार्ता हुई, जिसमें तय हुआ कि लिखित में समझौता जिसके तहत छात्र का काठमांडू में इलाज, आंख सही नहीं होने पर डोनेड की गई आंख में इलाज का खर्च वहन करने और छात्र की पूरी शिक्षा खर्च स्कूल उठाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान मंजीत सिंह, कांग्रेस नेता नरेंद्र आर्य, राहुल सिंह,राम किशन, बंटी राणा, कृष्णा देवी, ओमप्रकाश, ज्ञान सिंह, ओमप्रकाश, राम सिंह, स्मिता राणा, मिथलेश, वीरेंद्र सिंह, महानंद सिंह मौजूद रहे।

# जेसीज पब्लिक स्कूल में इंटरस्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल के आडिटोरियम में 7वीं इंटरस्कूल बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह चैम्पियनशिप जिला बैडमिंटन एसोसिएशन से संबद्ध है।



खेल दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य हाकी के जादूगर मेजर धयानचंद को सादर नमन करने के उद्देश्य से किया जाता है। चार दिवसीय यह चैम्पियनशिप 26 से 29 अगस्त 2025 तक चलेगी। यह टूर्नामेंट 14 वर्ष तथा 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं तथा 19 वर्ष के आयु वर्ग में केवल बालक वर्ग के लिए है। खिलाड़ी एकल एवं युगल दोनों ही प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में ऊधमसिंहनगर, नैनीताल एवं रामपुर जिले के 27 विभिन्न स्कूलों एवं खेल एकेडमी के लगभग 317 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहें हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन 14 वर्ष एवं 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिक. ाओं ने एकल और युगल तथा 19 वर्ष आयु वर्ग के बालकों ने एकल एवं युगल मैचों में प्रतिभाग किया। सभी मैच नाकआउट प्रतियोगिता के आधार पर खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन 76 खिलाड़ियों ने विभिन्न मैच खेले। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पंत एवं प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने चैम्पियनशिप के आरंभ में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धान किया एवं खेल विभाग को टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में ऊर्जा के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबन्धान समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर का आभार व्यक्त किया, जिनके सफल निर्देशन में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इस टूर्नामेंट में खिलाड़ी पूरे उत्साह से प्रतिभाग कर रहे हैं। स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट में शिक्षकों, खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों, विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों, सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस चैम्पियनशिप में जनपद ऊधमसिंहनगर बैडमिंटन एसोसिएशन का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।

# पोर्टल पर लंबित शिकायतों पर जिलाधिकारी सख्त

■ अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी नेसीएम हेल्पलाइन पोर्टल 1905 पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार लंबित शिकायतों की जानकारी लेकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री स्वयं पोर्टल की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए किया कि शिकायतों का निस्तारण तय समयावधि में सुनिश्चित किया जाए, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर उनकी संतुष्टि के बाद ही शिकायत को क्लोज करें, विभाग एक सूची तैयार करें जिसमें कॉल किए गए शिकायतकर्ताओं का रिस्पॉन्स दर्ज हो तथा लंबित (36 दिन से अधिक) शिकायतों के निस्तारण की स्थिति भी अंकित की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य प्रशास. निक अधिकारी महिमन जोशी को इन शिकायतों का एनालिसिस कर विभागवार एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ की 36 दिन से लम्बित शिकायतों के विभागों के अधिकारियों को फटकार लगायी। बैठक में सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को गड्ढामुक्त सड़कें सुनिश्चित करने एवं वॉशआउट सड़कों की त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए गए। साथ ही, जल संस्थान व जल निगम को पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों की अगली समीक्षा बैठक में विभागीय प्रगति, खर्च एवं समिति की बैठकों की स्थिति पर भी चर्चा होगी। समस्त विभागों को निस्तारण और संतुष्टि के बाद भी शिकायतें आने पर उन शिकायतों की एक रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि सबसे अधिक आने वाली शिकायतों पर ध्यान दें और उन पर त्वरित निस्तारण करें। सभी अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं को व्यक्तिगत कॉल अवश्य करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी आशीष जोशी, वैभव कांडपाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एस. नबियाल, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कविता भगत, सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्य सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं को लेकर मंत्री पशुपालन ने ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मंत्री पशुपालन, दुग्ध, मत्स्य सौरभ बहुगुणा ने वीसी के माध्यम से तहसील सितारगंज के अन्तर्गत वन क्षेत्रों में बसे गांवों को सरकार द्वारा दिए जा रहे सभी योजनाओं का लाभ मिले। इस हेतु राजस्व, वन को अक्टूबर तक संयुक्त निरीक्षण कर डिटेल सर्वे, गूगल मैपिंग के साथ राजस्व ग्राम बनाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

मंत्री श्री बहुगुणा ने कहा कि ग्राम गोठा, बरुआबाग, अरविन्द नगर, तिलियापुर आनन्द नगर, बसगर, ग्राम ढोढा जो राजस्व गांव से लगे वन भूमि में बसे व जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी वन भूमि में बसे गांवो को वन भूमि श्रेणी से परिवर्तन कर राजस्व भूमि में दर्ज करने का डिटेल सर्वे प्रस्ताव आगामी 31 अक्टूबर तक शासन को भेजने के निर्देश दिये ताकि उस प्रस्ताव को शासन के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेजा जा सकें। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि शीघ्र वन, राजस्व, सिंचाई, पंचायतीराज की टीम बनाकर डिटेल संयुक्त सर्वे व गूगल मैपिंग कराकर प्रस्ताव माह अक्टूबर तक भेजा जाएगा।

वीसी में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी रविन्द्र जुआठा, गौरव पाण्डेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, एसीएमओ डा. हरेन्द्र मलिक, अधिशासी अभियंता सिंचाई आनंद सिंह नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, ईओ नगर पालिका प्रतिभा कोहली आदि मौजूद थे।

# सामुदायिक भवन की साफ-सफाई को लेकर करणी सेना आंदोलित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** करणी सेना ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका रामनगर ने सामुदायिक भवन को कूड़े का अड्डा बना दिया है। करणी सेना युवा शक्ति उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने बताया कि बीते एक जुलाई को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई थी कि सामुदायिक भवन का रंग रोगन कर रामनगर के लोगों को दे दिया जाए।कहा कि सामुदायिक भवन में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम होते रहे हैं।

पूर्व में इस भवन में निर्धन कन्याओं का विवाह कम रुपयो में हो जाता था।उन्होंने कहा कि करणी सेना ने सामुदायिक भवन से कूड़ा करकट हटाने की मांग की थी।उस समय एसडीएम और नगर पालिका प्रशासन से एक महीने का समय मांगा गया था, लेकिन अभी तक



किसी भी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है।

मंगलवार को करणी सेना युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी के नेतृत्व में करणी सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका में पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पालिका के मुख्य द्वार पर हनुमान चालीसा का पाठ कर अधिकारियों से आग्रह किया गया कि जल्द से जल्द साम. ुदायिक भवन को सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के लिए समाज को सौप दिया जाए यदि 15 दिन के भीतर सामुदायिक भवन से कूड़ा नहीं हटता है तो करणी सेना नगर पालिका के मुख्य द्वार पर तालाबंदी करने का काम करेगी। प्रदर्शन के बाद तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद आर्य से भी संबंधित विषय पर बातचीत की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी,प्रदेश संगठन महामंत्री हरीश प्रकाश,प्रदेश मिडिया प्रभारी दीपू आर्य,प्रदेश सह मंत्री अश्विनी कश्यप,जिला अध्यक्ष कल्पना वर्मा,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा,जिला उपाध्यक्ष नमन अग्रवाल,जिला संगठन मंत्री किशन लाल,जिला मंत्री अंकित जोशी,जिला मंत्री विकास अंजान, जिला प्रवक्ता लाखन, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष सागर चौधरी, तहसील अध्यक्ष शंकर,विधानसभा अध्यक्ष करन, विधानसभा संगठन हिमांशु आर्य, मुख्य सलाहकार पवन सैनी, सह ऑडिटर भारत सेनी, कालाढूंगी विधानसभा अध्यक्ष रेबादर गरजोला,संगठन महामंत्री रामसिंह,महामंत्री आनंद भट्ट,कंचन बधानी,उमेश चंद्र सती,शिवचरण रावत आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने बांटे डस्टबिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका वार्ड नंबर एक पम्पापुरी से कूड़ा निस्तारण के लिए जन सहयोग अभियान की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष अकरम और सभासद नवीन सुनेजा द्वारा वार्ड कूड़े के दो डस्टबिन हरा गीले कुडे नीला सूखा कूड़ा वार्ड वासियों को निशुल्क वितरित किए गए। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया गया कि पालिका द्वारा वार्ड एक से जन सहयोग अभियान की शुरुआत कूड़ा निस्तारण की शुरुआत मंगलवार से की गई है। इसी के तहत 50 परिवारों को निशुल्क डस्टबिन वितरित किये गये है। इन परिवारों का कूड़ा एकत्र करने के प्रतिदिन क्षेत्र में ई रिक्शा के साथ एक सुपर वाईजर आएगा। जिसमे एक हफ्ते मे केवल गिला कूड़ा एकत्र होगा केवल तीन दिन सूखा कूड़ा रविवार,बुधवार और शुक्रवार को सूखा कूड़ा लिया जायेगा। यह अभियान सभी जगह चलाया जा रहा है।वार्ड वासियो ने पूरा सहयोग किया।इस दौरान नगरपालिका स्वास्थ केंद्र डोर टू डोर कूड़ा के सुपर वाइजर संदीप मिश्रा, अनूप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सम्मन

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू.डि. ) महोदय, रामपुर**

विविध उत्तराधिकार वाद संख्या-115 सन् 2025

स्वालेहा पुत्री स्व. जमील निवासी वार्ड नं.-24 तहसील स्वार, जिला रामपुर।..............वादिनी

**बनाम**

1. श्रीमती शमीम पुत्री स्व. जमील पत्नी बब्बू निवासी मुंडिया पिस्तौर, वार्ड नं.-5 तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)।
2. शबनम पुत्री स्व. जमील पत्नी इमरान निवासी मौहल्ला रसूलपुर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
3. गुलशन जहां पुत्री स्व. जमील पत्नी अबरार अहमद निवासी ग्राम भूवरा मुस्तेहकम, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
4. शबाना पुत्री स्व. जमील पत्नी गुफरान निवासी ग्राम खुशहालपुर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
5. तबस्सुम बी पुत्री स्व. जमील पत्नी मौ. हासिम निवासी मौहल्ला रसूलपुर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
6. आम जनता।........................ प्रतिवादीगण

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि वादिनी स्वालेहा पुत्री स्व. जमील निवासी वार्ड नं.-24 तहसील स्वार, जिला रामपुर के द्वारा सिविल जज (क.ख.) रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया है कि स्व. सलाउद्दीन पुत्र स्व. जमील निवासी वार्ड नं.-24 मौहल्ला काशीपुर, तहसील व थाना स्वार, जिला रामपुर जिनका स्वर्गवास दिनांक 03.12.2024 को हो चुका है। उनके नाम बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा स्वार, जिला रामपुर की खाता सं. -15718100013904 में जमा धनराशि 2,41,915.37 रुपये एवं पंजाब नेशनल बैंक शाखा स्वार, रामपुर के खाता सं.-98100010052957 में जमा धनराशि 79,328.52 रुपये एवं यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा स्वार, जिला रामपुर के खाता सं.-87230194520332 में जमा धनराशि 5000/- रुपये मय ब्याज सहित जमा हैं जिनको प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक 02/09/25 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें तारीख गुजरने के बाद फिर किसी भी आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और निर्णय / आद. श पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 19 माह 08 सन् 2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) रामपुर**

## आरटीओ ने सर्प विशेषज्ञ चंद्रसैन को वितरित किए सांप पकड़ने के उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के आबादी क्षेत्रों में आ रहे सांपों के रेस्क्यू को लेकर एआरटीओ संदीप वर्मा ने द स्नैक सोसायटी को चार सांप पकड़ने की छड़ी वितरित की है। उपकरण नहीं होने के चलते रेस्क्यू करने के दौरान सोसायटी के सदस्यों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। द स्नैक सोसायटी के अध्यक्ष व सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप ने बताया कि रामनगर में हर दिन एक से दो सांप निकलने की सूचना मिलती है। ऐसे में बिना उपकरण के जहरीले सांपों को हाथों से पकड़ने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन रिशु तिवारी,किशन कश्यप,अर्जुन कश्यप, विक्की कश्यप,अनुज कश्यप. देवेंद्र, गणेश आदि लोग मौजूद रहे।

## कुत्ते और सांप के काटने के टीके हैं उपलब्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेकी की दीवार के संयोजक व राजस्व उप निरीक्षक ताराचंद घिल्डियाल ने कहा कि मई, जून, जुलाई और अगस्त माह में गर्मी अधिक और उसके बाद बरसात में मौसम के कारण सांप और कुत्ते बेहद उग्र व्यवहार करते हैं और सांप काटते हैं। उन्होंने बताया कि सांप और कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटनाएं बहुत बढ़ जाती है। कहा कि हरिद्वार में कुत्ते के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। कहा कि सरकारी अस्पताल में दोनों के टीके उपलब हैं। कहा कि कुत्ते और सांप के काटने पर किसी भी अंधविश्वास से बचते हुए सीधे अस्पताल में जाकर वैक्सीन लगवाएं। एंटी रेबीज कुत्ते काटने पर और एंटी वेनम सर्पदंश के लिए लगाया जाता है। उन्होंने प्रशासन से आवारा कुत्तों और पशुओं को पकड़ने की मांग की है।

## कालोनी को उजाड़ने जाने की भय से जिला सहायक निबंधक को घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पिछले 55 वर्षों से स्थापित टीवीएस कालोनी को उजाड़ने की साजिश से भयभीत दर्जनों लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में विकास भवन पहुंचकर जिला सहायक निबंधक हरीश चन्द्र खण्डूरी और तराई विकास संघ के सचिव नवल शर्मा का घेराव कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के साथ व जामा मस्जिद के सामने पिछले 55 वर्षों से स्थाई रूप से निवास कर रहे नागरिकों को टीवीएस खाली करने के नोटिस देना घोर अन्याय है। इस अवस्था में निर्धन व्यक्ति अपने परिवार सहित कहां जाएं यह विचारणीय प्रश्न है।

## एक नजर

## डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इंद्रा चौक पर आज मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। एक ओवरलोडेड डंपर ने बाइक सवार व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी।

जानकारी के मुताबिक श्याम टॉकिज निवासी 50 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह एसपी सोलमेंट कंपनी में काम करते थे। आज मंगलवार दोपहर को वह लंच करने घर आए थे। जब वापसी में वह कंपनी की तरफ जा रहे थे, तभी इंद्रा चौक पर एक ओवरलोडेड डंपर ने उनकी बाइक को बुरी तरह कुचल दिया। बताया जाता है कि वह बाइक पर पीछे बैठे थे और डंपर के नीचे आ गए। हादसा इतना भयानक था कि शव के चीथड़े उड़ गए। इस दौरान मौके का मंजर देख हर कोई सहम गया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर सूचना पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शहर में बेधड़क चल रहे ओवडलोडेड वाहनों पर सवाल उठाए और शासन-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

## पुलिस ने स्मैक व अवैध तंमचा के साथ एक नशा तस्कर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार को अवैध तंमचा व कारतूसों एवं भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान सुनखरी रोड पर आम के बगीचे के पास से एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार किया है। जिसकी तलाशी लेने पर कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, तीन कारतूस, एक खोखा कारतूस के साथ ही 103.69 ग्राम स्मैक बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अपना नाम जसवन्त सिंह उर्फ जस्सी पुत्र हरदीप सिंह निवासी टुकड़ी थाना नानकमत्ता बताया है ,जिसके बताया की वह स्मैक सलीम निवासी बहेड़ी से लाता है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 109 वीएन एस व शस्त्र अधिनियम की 3/25 तथा धारा 8/21/60 नारकोटिक एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

## धरचूला-तवाघाट मार्ग में बोल्डर आने से बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** धारचूला-तवाघाट मार्ग पर मंगलवार को अचानक मलवा और बोल्डर गिरने से मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और कई लोग सड़क के दोनों ओर फंस...। धारचूला-तवाघाट मार्ग मलवा आने से बाधित हो गया है। मंगलवार को मार्ग में एकाएक पहाड़ी से मलवा व बोल्डर आने से मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। जिस कारण आवाजाही करने वाले यात्रियों के साथ ही लोग सड़क के दोनों और फंस गए है। जिस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** राम निवास सरस्वती अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर, नगला में संभाग की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया।

मंगलवार को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना, उमेश अग्रवाल ,द्वारा किया गया। विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने मंगल वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुति की। इसके उपरांत सम्मान समारोह में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 502 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया।संभाग में उधम सिंह नगर और नैनीताल जिले के 11 संकुलों के 71 विद्यालयों ने भाग लिया। दमदार प्रदर्शन करते हुए खटीमा संकुल ने चौंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, ऊँची कूद और लंबी कूद जैसी खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरी दत्त जुकरिया एवं प्रबंधक ज्ञानेंद्र तिवारी ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण अंदाज में प्रकाश परगाई और प्रकाश डिक्टिया ने संयुक्त रूप से किया।

## दुग्ध संघ सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर दुग्ध संघ कार्यालय में एक सचिव प्रक्षिण सत्र का शुभारम किया गया, जिसमें खटीमा एवं नानकमत्ता ब्लाक के दुग्ध समिति के सचिवों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नौ सितंबर तक दो सप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम दिन नानकमत्ता-खटीमा ब्लाक के सचिवों द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। इस सत्र का उद्घाटन ऊधमसिंह नगर दुध संघ के प्रधान प्रबन्धक राजेश मेहता, समाजसेवी प्रताप सिंह ज्वाला, संतोष कुमार जोशी, प्रशिक्षक पुष्पा पाण्डे, कोआर्डिनेटर मनोहर सिंह क्वैराली आदि आदि उपर्जित रहे। इस मौके पर आकला देवी, सुशीला, शर्मिला, राधा देवी, राधिका चन्द, सपना चन्द, आरती राना, कमलावती, नीरज, महेश कापडी, उदय सिंह, सचिन सिंह, वासुदेव, सुजीत सिंह, सपना चन्द, सोधन सिंह, प्रिंस कुमार, कवित्रा राना, पुष्पा पाण्डे आदि मौजूद थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा के 5 वें प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 55 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अता उर रहमान एवं द्वारा गणमान्य नागरिकों द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा के 5 वें प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बहेड़ी के विधायक अताउर रहमान के अलावा कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, संदीप चीमा, शोएब अहमद ,अजय पाल यादव, संजीव खन्ना, अब्दुल रशीद जक्कू, नासिर हुसैन ,मदन मदन आदि सम्मानित गणमान्य नागरिकों द्वारा शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हाई स्कूल के 26, इंटरमीडिएट के 26, और नीट परीक्षा उतरन करने वाली 3 छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिभा सम्मान पाने वालों में आरुषि, अभिलाषा जीना, आराध्या अग्रवाल, अरुण, अजरा अंसारी, दीपक मठपाल ,गुरनूर कौर, हिमांशी सिंघल, कृतिका, इकरा नाज ,लता गोस्वामी, महफूज, मनजोत कौर, मुस्कान, निम्मी, साहिब प्रीत कौर, रिमझिम अरोरा, पल्लवी अधिकारी ,आन्या सिंह ,आन्या घई, अब्रीक अहमद, अरुणिमा अब्राहम , आशीष साहू, भूमिका वोरा, देवांश रस्तोगी, दुर्गेश कुमार, हीर आयलानी, कविता रावत ,कायनात फातिमा ,माही विष्ट, माहिरा, मसीरा, मानस अरोरा ,नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जुनैद अंसारी, मुहम्मद अर्श, हिमांशी आयलानी थे।

# निष्पक्ष चुनाव निर्देशिका पेश करे चुनाव आयोग

## नैनीताल प्रकरण को लेकर उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में सुनवाई आज भी होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में 14 अगस्त वीरवार को नैनीताल जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में टेम्परिंग अथवा ओवरराइटिंग की शिकायत को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद राज्य चुनाव आयोग से बुधवार (आज) को चुनाव आयोग के द्वारा जारी निष्पक्ष चुनाव निर्देश पुस्तिका को पेश करने को कहा है। मामले में अब बुधवार (आज) भी कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी। बता दें मंगलवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामथ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश विपुल जैन व एक अन्य में कहा था कि राज्य चुनाव आयोग राज्य में एक निष्पक्ष चुनाव कराएगी अगर इसमें किसी भी प्रत्याशी को आपत्ति होगी तो चुनाव आयोग को शिकायत दर्ज करेगी। चुनाव आयोग ही इस पर निर्णय लेगा लेकिन जिलाधिकारी ने इस पर निर्णय नहीं लिया जो कि नियमों के विरुद्ध है, इसलिए राज्य चुनाव आयोग के नियमों को तलब किया जाए और उनके द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गए थे उनको भी पेश किया जाए जबकि रिपोलिंग कराने का अधिकार जिलाधिकारी को नहीं है। यह अधिकार राज्य चुनाव आयोग के पास है। जिलाधिकारी ने पहले कोर्ट में रिपोलिंग करने संबंधित बयान दिया बाद में रात को वोट की गिनती करके विजयी घोषित कर दिया। जिस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पुस्तिका को कोर्ट में बुधवार (आज) पेश करने को कहा है। वहीं मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट की खंडपीठ ने कहा याचिका में विवादित बिंदुओं पर निर्णय हेतु चुनाव आयोग को भेजा जाए, जिसपर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी आरोप लगाए हैं इसलिए उनका मामला न्यायालय उच्च न्याय में ही सुना जाए। मामले के अनुसार जिला पंचायत सदस्य पूनम बिष्ट ने 20 अगस्त बुधवार को उच्च न्यायालय में पुनर्मतदान की मांग को लेकर दायर याचिका कर कहा है कि एक मतपत्र में छेड़छाड़ हुई है। उसके क्रमांक 1 में ओवरराइटिंग कर उसे क्रमांक 2 लिख दिया गया जिससे मतपत्र अमान्य घोषित कर दिया गया।



### बिना बोर्ड की अनुमति 'मदरसा' नहीं लिख सकते: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों को जिला प्रशासन के द्वारा 14 अप्रैल 2025 को नोटिस देकर सीलड किए जाने के मामले में मदरसों की तरफ से दायर करीब तीन दर्जन से अधिक याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने निर्देश दिए हैं कि बिना मदरसे बोर्ड की अनुमति के चल रहे मदरसे अपने नाम के ऊपर मदरसा न लिखें क्योंकि वे मदरसा बोर्ड में रजिस्टर्ड नहीं हैं। इसके बाद भी बिना रजिस्टर्ड के कोई मदरसा अपने नाम के ऊपर मदरसा लिखता है तो जिला प्रशासन कार्यवाही कर सकता है। कोर्ट ने आगे यह भी कहा है कि जो मदरसे सील कर दिये गए थे वे खोले जाएं। लेकिन वे अपना एक शपथ पत्र शील्ड करने वाली अथॉरिटी को इस आशय से देंगे कि वे इसमें कोई शिक्षण संबंधित कार्य नहीं करेंगे इनमें क्या खोला जाएगा उस पर निर्णय राज्य सरकार निर्णय लेगी। मंगलवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर मदरसों की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा मदरसों को चलाने के लिए मदरसा बोर्ड में रजिस्ट्रेशन करने के लिए आवेदन किया गया है। जिसकी अनुमति अभी तक उन्हें नहीं मिली। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि प्रदेश में अभी तक 614 मदरसे मदरसा बोर्ड में पंजीकृत हैं। बाकी जो शील्ड किये गए वे बिना अनुमति के चल रहे हैं। उनमें कई तरह की अनियमिताएं देखी गयी। जिसका संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने कहा कि इनको अनशील्ड किया जाय। अगर ये अपने नाम के ऊपर मदरसा लिखते हैं तो उसके खिलाफ शील्ड करने वाले अधिक. री कार्यवाही नियमों के तहत करें। हालांकि ये उनमें मजहब से जुड़े धार्मिक कार्य कर सकते हैं। मामले के अनुसार मदरसा अबु बकर सिद्दीकी, मदरसा जिनन्त उल कुरान, मदरसा दारुल उल इस्लामिया सहित 33 से अधिक शील्ड मदरसों ने उच्च न्यायलय में याचिकाएं दायर कर कहा है कि जिला प्रशासन ने बिना नियमों का पालन करते हुए प्रदेश में करीब तीन दर्जन से अधिक मदरसों को 14 अप्रैल 2025 को शील्ड कर दिया। जबकि मदरसों में शिक्षण संस्थान चल रहे थे। इसका विरोध करते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि ये मदरसे अवैध रूप से चल रहे थे। इनका पंजीकरण मदरसे बोर्ड में नहीं हुआ है। इनमें शिक्षण व धार्मिक अनुष्ठान व नमाज भी हो रही है। ये सभी किसी व्यक्ति विशेष या अन्य के द्वारा संचालित हो रही हैं। इसलिए इन्हें शील्ड किया गया। जो मदरसे पंजीकृत थे उनको प्रशासन ने शील्ड नहीं किया। उनको सरकार की तरफ से मिलने वाला अनुदान मिल रहा है। अवैध को नहीं।

### महोत्सव में पशुबलि के मामले पर सुनवाई आज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर में आयोजित होने वाली श्री नन्दा सुनन्दा मेले के दौरान बलि देने के लिए अस्थायी पशुबलि स्थल निर्धारित करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई हेतु बुधवार (आज) की तिथि नियत की है। बता दें कि मामले को मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हेतु मेंशन किया लेकिन कोर्ट ने उसकी सुनवाई के लिए बुधवार (आज) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार नैनीताल निवासी पवन जाटव ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नन्दा सुनन्दा का मेला नैनीताल में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस मेले का अपना आप में एक ऐतिहासिक महत्व है जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है। देवी को खुश करने के लिए बलि देते आये हैं लेकिन कुछ समय से मंदिर परिसर के आसपास व खुले में बलि देने पर रोक लग जाने के कारण श्रद्धालुओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई संगठन इसका विरोध भी करते आये हैं। जिसकी वजह से कानून व्यवस्था में भी अव्यवस्थित हो जाती है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि यह मेला हजारों लोगों की आस्था का प्रतीक है, जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण हो चुकी है अगर वे नियमों के तहत बलि देना चाहते हैं तो उन्हें एक अस्थायी बलि स्थल मल्लीताल लकड़ी टाल की भूमि पर बनाया जाए, यहां बनने से श्रद्धालु अन्य जगह पर बलि न दे सकें। यहां पर अस्थायी बलि स्थल होने से सभी को सुविधा होगी। मेले के दौरान कानून व पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी इसलिए होने वाले मेले के दौरान एक अस्थायी बलि स्थल यहां पर बनाया जाय। इसके लिए उनके द्वारा प्रशासन को भी अनुमति पत्र दिया गया है लेकिन वहाँ से अभी तक अनुमति उन्हें नहीं मिल पाई है।

### रोड चौड़ीकरण: सरकार व नगर निगम स्थित से अवगत कराए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के वॉकवे मॉल के पास रोड का चौड़ीकरण नहीं करने पर हेमंत गोनिया के प्रार्थना पत्र पर स्वत: संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ सरकार व नगर निगम से स्थिति से अवगत कराने को कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई खण्डपीठ ने 1 सितंबर (सोमवार) की तिथि नियत की है। बता दें कि हेमंत गोनिया ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि हल्द्वानी शहर नगर निगम बन चुका है और शहर की आबादी भी बढ़ी है, आबादी बढ़ने से शहर में ट्रैफिक भी बहुत बढ़ गया है। विगत समय में सरकार ने तीनपानी से काठगोदाम तक सड़क का चौड़ीकरण किया गया। इसकी जद में आयी दुकाने, मॉल तथा सरकारी बिल्डिंग व दीवारों को हटाया गया लेकिन प्रशासन ने वॉकवे मॉल के पास सड़क का चौड़ीकरण नहीं किया ऊपर से मॉल स्वामी को सरकारी भूमि पर से रास्ता दे दिया जबकि इस जगह पर सरकार व सिंचाई विभाग की भूमि है, उस पर भी लोगो ने अतिक्रमण किया गया है। प्रार्थना पत्र में कहा है कि जब तीन पानी से काठगोदाम तक सड़क का चौड़ीकरण किया गया तो यहां पर क्यों नहीं? इसलिए यहां पर भी सड़क चौड़ी की जाए और सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण हटाया जाय। इस संबंध में उनके द्वारा प्रार्थना पत्र जिला प्रशासन को दिया लेकिन उस पर आज तक कोई विचार नहीं किया गया।

### जनहित याचिका निस्तारित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पंचायत पिरान कलियर की भूमि को नगर पंचायत को वापस किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने जिलाधिकारी व एसएसपी की रिपोर्ट के आधार पर जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया है। जिला अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिस भूमि को नगर पंचायत अपने कार्यालय खोलने के लिए मांग रही है उस भूमि को थाना बनाने के लिए दे दिया और नगर पंचायत के कार्यालय के लिए दूसरी भूमि दे दी है। एसएसपी ने कहा कि उनका क्षेत्र ज्यादा है। उनके पास 27 गाँव हैं। उनमें कानून व्यवस्था बनाने के लिए उन्हें यह भूमि दी जाय। नगर पंचायत के पास 4 गाँव हैं इसलिए उनको दूसरी जगह दी जाय। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद खण्डपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित कर दी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार पिरान कलियर निवासी याशीन ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि 2014-15 में पिरान कलियर की नगर पंचायत का गठन हुआ था। जिसके बाद उस वक्त आबादी के बीच सरकारी भूमि को सरकार के द्वारा 2018 में पुलिस प्रशासन को उक्त भूमि आबंटित करते हुए 3 साल में थाना बनाने को कहा, लेकिन समयावधि बीत जाने के बाद भी वहां आज तक थाना नहीं बनाया गया। याचिका में कहा गया है कि नगर पंचायत पिरान कलियर स्थित सरकारी भूमि नगर पंचायत को दे दी जाए ताकि नगर पंचायत इस भूमि का उपयोग जनता के हितों के लिए कर सके क्यों कि अभी तक नगर पंचायत के पास अभी तक अपना कोई कार्यालय खोलने के लिए कोई सरकारी जमीन मुहैया नहीं है।

# नैनीताल में बुजुर्ग महिला 'डिजिटल अरेस्ट'

## 10 दिन में साइबर ठगों ने जाल बिछाया, एक करोड़ 47 लाख का चूना लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर की मल्लीताल निवासी बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 1.47 करोड़ की रकम ठग ली। साइबर ठगों ने 10 दिनों में एक कमरे में ऐसा सेटअप तैयार किया कि महिला जीवनभर की पूंजी गवां बैठी। बुजुर्ग होने के कारण बैंक कर्मियों को घर बुलाकर उसने अपने 3 खातों से ठगों के पांच खातों में यह रकम डलवाई। एक बैंक कर्मी को शक होने व महिला के रिश्तेदारों को बताने के बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ। बता दें कि महिला पूर्व में रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति रह चुकी हैं। कोतवाली पहुंचकर महिला ने पुलिस से गुहार लगाते तो उन्होंने ऑनलाइन शिकायत भेजने के साथ ही महिला को साइबर थाना भेजा गया है। कोतवाली पुलिस से मिली सूचना के मुताबिक मल्लीताल निवासी प्रो.बीना साह पूर्व में रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में कुलपति रह चुकी हैं। वर्तमान में वह नैनीताल में मल्लीताल गार्डन हाउस क्षेत्र में अकेले रहती हैं। बीते 14 अगस्त वीरवार को महिला को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को आरबीआई का बड़ा अधिकारी बताकर महिला के बैंक खाते में हवाला का गैरकानूनी रुप से 7 से 8 करोड़ रुपये आने की बात कही। इस बीच उसने महाराष्ट्र पुलिस अधिकारी को वीडियोकॉल पर लेते हुए महिला को डिजिटल अरेस्ट किये जाने की जानकारी दी। यह सुन महिला के होश उड़ गए। बैंक अधिकारी ने महिला को उसके खातों की रिफाइनरी करने की बात कही साथ ही बताया कि उसे सारी रकम दिये जा रहे बैंक खातों में डालनी होगी। जांच में यदि हवाला से रकम आने की शिकायत की पुष्टि नहीं हुई तो जांच के बाद उसे वापस कर दी जाएगी। जब तक जांच नहीं होती उसे डिजिटल अरेस्ट ही रखा जाएगा। ठगों ने यह बात किसी भी व्यक्ति व क्षेत्रीय पुलिस को भी बताने से मना कर दिया। गिरफ्तारी के डर से महिला अपने खातों से दिये गए खातों रकम का हस्तांतरण करती रही। 1.47 करोड़ की रकम गवाने के बाद भी जब और मांग होती रही व हस्तांतरण कर रहे बैंक कर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने महिला के रिश्तेदारों को यह बात बताई। रिश्तेदारों में भी एक पूर्व बैंक कर्मी ने बैंक स्तर से ऐसी किसी जांच का प्रावधान नहीं होने की बात बताई तो महिला को ठगी का अहसास हुआ। रिश्तेदारों के साथ तत्काल महिला शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची। मामले में कोतवाली के एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले की शिकायत 1930 पर कर बैंक खाते होल्ड करवा दिये गए हैं। एक करोड़ से अधिक का मामला होने के कारण महिला को साइबर थाना भेजा गया है। साइबर थाना इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### रुद्रप्रयाग मुख्य में बाजार में बद्रीनाथ हाईवे पर सफर करना हुआ मुश्किल

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार के एक किमी के दायरे में बद्रीनाथ हाईवे पर सफर करना मुश्किल भरा हो रहा है। मुख्य बाजार में हाईवे पर जगह-जगह बड़े-बड़े गडढे बने हुये हैं। इन गडढों में वाहन हिचक. ले खाकर आवाजाही कर रहे हैं। जबकि दुपहिया वाहन चालकों के लिये दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। बरसात का पानी इन गडढों में जमा होने से परेशानी अत्यधिक बढ़ रही है। रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार हनुमान मंदिर के निकट, डाटपुल और जिला चिकित्सालय के ठीक सामने ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े-बड़े गडढे पड़े हुये हैं।

### गगन को लीडरशिप अवार्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड के युवा उद्यमी एवं प्लांट ऑर्बिट के संस्थापक गगन त्रिपाठी को उनके अभिनव कार्य, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और कृषि क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तराखंड सरकार के कृषि एवं कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी द्वारा सुर रहबर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष समारोह में होटल अकेता देहरादून में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कई गणमान्य अतिथि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और युवा उद्यमी उपस्थित रहे। गगन त्रिपाठी ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं है बल्कि मेरी पूरी टीमए किसानों और उन सभी पौध प्रेमियों का है जिन्होंने प्लांट ऑर्बिट के इस मिशन को सफल बनाने में सहयोग दिया। हमारा प्रयास है कि भारत में किसानों को नई दिशा मिले, पौधों के क्षेत्र में नवाचार हो और हरित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। प्लांट ऑर्बिट वर्तमान में देशभर के किसानों के सहयोग से अधिक किस्मों के सयुलेंट्स और पौधों को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी का उद्देश्य न केवल पौधों और सयुलेंट्स की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति करना है बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और भारत के हरित उद्यमशीलता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना भी है।



# वरिष्ठ नागरिकों ने रखी समस्याएं, हुआ समाधान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल कलब सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान आदि के संबंध में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उत्तराखंड वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के उपाध्यक्ष शांति मेहरा, नवीन लाल वर्मा, विधायक नैनीताल सरिता आर्या समेत वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण सहित अन्य संगठन के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में वरिष्ठ जनों की विभिन्न समस्याओं आदि के संबंध में चर्चा करते हुए वरिष्ठ जनों के कल्याण आदि के संबन्ध में सुझाव लिए गए। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान दिलाए जाने की बात रखी। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में भी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान आदि के संबन्ध में विकास खंडवार परिषद की बैठक कराने के साथ ही समाज कल्याण एवं चिकित्सा विभाग द्वारा कैंप लगाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने नैनीताल नगर में वरिष्ठ जनों के आवाजाही के लिए फुटपाथ, पार्कों का निर्माण एवं नियमित साफ सफाई के साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस प्रशासन से रात्रि गस्त करने की मांग रखी जिस पर ईओ नगर पालिका, लो. नि.वि. और पुलिस विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं वयवंधन कार्ड को लेकर निशुल्क चिकित्सा उपचार किए जाने और रेमजे अस्पताल में विभिन्न प्रकार के चिकित्सा उपकरण लगाने व चिकित्सकों की तैनाती की बात कही जिससे वरिष्ठ नागरिकों को इलाज के लिए भटकना ना पड़े। उन्होंने बीट पुलिसिंग और समाज कल्याण विभाग के माध्यम से समय-समय पर वरिष्ठ नागरिकों विशेष रूप में जो वरिष्ठ नागरिक अकेले रहते हैं उनके बारे में समय समय पर जानकारी व उनकी कुशल लेने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त नगर में निराश्रित पशुओं से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा किए जाने सहित आवारा कुत्तों व बंदरों आदि की समस्या का निदान करने का भी अनुरोध किया। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए मॉर्निंग वॉक और साइकिल ट्रैक सहित जगह-जगह बैठने के लिए बैंचों की व्यवस्था व मनोरंजन व कलब व पार्कों में निर्माण के लिए स्मृति वाटिका की व्यवस्था किए जाने हेतु पार्क बनाए जाने की मांग की। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के दिन वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने की प्रथम एवं परंपरा को निरंतर किए जाने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, महामंत्री डीके पांडे, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन नैनीताल की अध्यक्ष मंजू बिष्ट, जनहित संस्था के जगमो. हन बिष्ट, पीडी पांडे, एस पी यातायात डा जगदीश चंद्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक, ईई लोनिवि रत्नेश सक्सेना तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम आदि मौजूद रहे।



# नंदा देवी महोत्सव कल से, तैयारियां पूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीरवार यानी 28 अगस्त से शुरु होने जा रहे नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव की कामयाबी के लिए महोत्सव की आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया गया है। इसी को लेकर सभा के पदाधिका. रियों ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता पर महोत्सव की तैयारियों को लेकर तैयारियों पर विस्तार से बताया। इस दौरान सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 28 अगस्त को सभा प्रांगण में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य जनों की मौजूदगी में होगा। कहा कि उसके बाद कदली वृक्ष लाने के लिए सभा परिवार की टीम ज्योलिकोट स्थित चोपड़ा गांव को रवाना होगी। 29 अगस्त को नगर भ्रमण के बाद कदली वृक्ष की शाम को 5.30 बजे मां नैना देवी मंदिर परिसर में पूजा अर्चना होगी, वहीं 30 अगस्त को कदली वृक्ष से विधिवत मां नंदा व सुनंदा की मूर्ति निर्माण किया जाएगा। इसी दिन अपराह्न एक बजे से सभा प्रांगण में स्कूली बच्चों की कवीज प्रतियोगिता व लोक गीत प्रतियोगिता होगी जबकि 31 अगस्त (अष्टमी) को ब्रह्ममुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा मां नंदा व सुनंदा की प्रतिमाओं को भक्तों के दर्शन के लिए स्थापित कर दिया जाएगा। बताया कि 31 अगस्त से लेकर 4 सितंबर तक शाम 6.30 बजे से पंचआरती, प्रसाद वितरण व रात्रि में देवी पूजन व देवी भोग आयोजित होगा। बवाड़ी के मुताबिक सितंबर नवमी को सुबह 10 बजे सप्तमी पाठ, व हवन के बाद एक बजे से कन्या पूजन होगा, दो सितंबर को दो बजे से सुंदरकांड, तीन को दिन में एक बजे से सीएमएस मैदान में विशाल भंडारा जबकि 4 अगस्त को अपराह्न दो बजे से नंदा चालीसा व भजन होंगे जबकि 5 सितंबर को सुबह देवी पूजन के बाद 12 बजे दोपहर में मां नयना देवी मंदिर परिसर से मां नंदा व सुनंदा की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी व दिनभर नगर भ्रमण के बाद्द शाम को गोलू देवता मंदिर के समीप से डोले का नैनी झील में विसर्जन कर दिया जाएगा। बवाड़ी के मुताबिक अबकी बार 31 अगस्त से लेकर 4 सितंबर तक हर रोज सायं 6.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम राम सेवक प्रांगण व तल्लीताल गांधी चौक में डा.मोहित सनवाल के नेतृत्व में होंगे। इसके साथ ही अबकी बार डोलाभ्रमण के दौरान पिथौरागढ़ के कलाकारों की ओर से लखिया भूत का विशेष मंचन किया जाएगा। वार्ता में सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने कहा कि अबकी बार मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों की लोग सैल्फी नहीं ले सकेंगे। कहा कि इसके लिए लोगों से विशेष गुजारिश भी की जाएगी, महोत्सव पर ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी कैमरे से पूरी नजर रखी जाएगी। वार्ता में राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह समेत विमल चौधरी, देवेंद्र लाल साह, घनश्याम लाल साह, गिरीश जोशी, हरीश सिंह राणा, कमलेश ढौंडियाल, मुकुल जोशी, भुवन बिष्ट, मोहित लाल साह, मिथलेश पाण्डेय, अशोक साह, भीम सिंह कार्की, अतुल साह, कैलाश बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# पुराने छात्रों ने कुलपति से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल के कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्रों के शिष्टमंडल ने मंगलवार को कुमाऊं विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पूर्व छात्रों ने प्रो. रावत के कार्यभार ग्रहण से लेकर अब तक उनके द्वारा कुमाऊं विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। मुलाकात के बाद पूर्व छात्रों ने मीडिया को बताया कि नैनीताल में पटवाडांगर में कुमाऊं विश्वविद्यालय को 26.4 एकड़ भूमि मिली जिसमें कुलपति प्रो.रावत के प्रयासों से छात्र छात्राओं को शिक्षा स्तर में बढ़ावा मिलेगा। कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय को देश भर में शोध के क्षेत्र में (एनआरएफ पीएआईआर) के लिए भी 100 करोड़ रुपए मिले हैं और इंडिया टुडे के सर्वे में भारत के विश्व. विद्यालयों में कुमाऊं विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 27वां स्थान मिला है आंत. रिक शोध में प्रोत्साहन हेतु विश्व. विद्यालय की बचत से शिक्षकों को 1.50 करोड़ की अनुदान राशि दी गई। प्रोफेसर रावत द्वारा पार्किन्स जैसी गंभीर बीमारी की दवा के लिए अमेरिका और कनाडा में शोध किया जा रहा है, जल्द ही फेस 1 के परीक्षण के बाद फेस 2 की भी तैयारी है। पूर्व छात्रों के मुताबिक कुलपति प्रो. रावत के प्रयासों से कुमाऊं विश्वविद्यालय देश भर में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। इन सभी कामयाबियों को लेकर मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों (उनकी ओर से) द्वारा प्रो. डीएस रावत को बुके देकर धन्यवाद किया गया। पूर्व छात्रों में डा. महेंद्र सिंह राणा, कार्य परिषद सदस्य अरविंद सिंह पडियार समेत डा. मोहित रौतेला, डा. दीपक मेलक. नी, गोपाल सिंह रावत, आनंद सिंह बिष्ट तथा संतोष कुमार शामिल रहे।



## एक नजर

### यूथ कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

**धारी।** रामगढ़ क्षेत्र के मौना में कांग्रेस युवा मोर्चा ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। कांग्रेस कानून व्यवस्था को लेकर एक तरफ राजभवन में कूच कर रही है, वहीं रामगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो प्रदर्शन व नारेबाजी से कांग्रेसियों में उग्र माहौल बना हुआ है। मंगलवार को मौना में कांग्रेसियों ने पंचायत चुनावों में हुई धांधली का आरोप सरकार पर लगाया। कांग्रेसियों ने प्रदेश सकार का पुतला फूंक कर विरोध जताया। कांग्रेसियों का आरोप है बिगड़ती कानून व्यवस्था, गिरता पर्यटन, खराब सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य का प्रदेश सरकार उपेक्षा कर रही है। बीते दिनों पंचायत चुनावों में जनप्रतिनिधियों का अपहरण किया गया जिसमें अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। वहीं सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार सहित क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर कमलेश रैक्वाल, विजय नयाल, युवराज बिष्ट, त्रिलोक भण्डारी, बच्ची जीना, गौरव जीना आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

### गाड़ी पर टिप्पणी करने पर मारपीट

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में वाहन को लेकर टिप्पणी करने पर दो पक्षों में विवाद व मारपीट हो गई। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां घंटों दोनों पक्षों में झड़प चलती रही। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात मल्लीताल निवासी दो युवक रिक्शा स्टेंड के समीप सड़क किनारे वाहन पार्क कर चाय पी रहे थे। इस बीच वहां से गुजर रहे दो युवकों ने उनके वाहन को डिब्बा कह दिया। यह सुन दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मामला बढ़ा तो दोनों पक्ष शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां दोनों में देर रात तक झड़प चलती रही। पुलिस ने सख्ती दिखाकर मेडिकल परीक्षण करवाया तो दोनों पक्ष शांत हुए। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मारपीट कर शांतिभंग करने पर मल्लीताल निवासी सोनू बिष्ट, दिव्यांशु जोशी, सुखाताल निवासी ऋषभ बिष्ट व रुकुट कंपाउंड निवासी राहुल प्रजा. पति के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

### वेतन नहीं दिया, कुक को धमकाया

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के होटल में कार्यरत कुक ने होटल संच. लक पर एक माह का वेतन न देने और धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। अल्मोड़ा निवासी दीप चन्द्र ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह मल्लीताल एक होटल में कुक का काम करता है। बीते दिनों उनको किसी काम से घर जाना पड़ा। वापस आने पर होटल संचालक की ओर से एक माह का वेतन देने से मना कर दिया गया। जब दोबारा वेतन की मांग की गई तो होटल संचालक की ओर से धमकाया जा रहा है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के बागजाला जंगल के पास एक कार की टक्कर से चोरगलिया निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी कार चालक भारतीय सेना का जवान है। मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक कुशाल सिंह मोटरसाइकिल से हल्द्वानी से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में चोरगलिया निवासी परिचित हरीश सिंह बिष्ट से मिलने पर उन्होंने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर बातचीत शुरू की। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने कुशल सिंह को टक्कर मार दी। हादसे में कुशल सिंह का एक हाथ और एक पैर टूट गया, वहीं उनकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार चालक ने खुद को राहुल भंडारी नामक सेना का जवान बताया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत कृष्णा अस्पताल हल्द्वानी लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया गया। पीड़ित के बड़े भाई बहादुर सिंह, निवासी ग्राम धरमपुर (चोरग. लिया) ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

### नशे के इंजेक्शनों के साथ तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस ने एक नश इंजेक्शन तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 22 नशे के इंजेक्शन बरामद किए है। तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना प्रभारी सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई जगवीर सिंह मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी गौला पार्किंग के पास खड़ी गाड़ियों की आड़ में नशे के इंजेक्शन बेचते हुए सिकंदर पुत्र साबिर निवासी चैनल गेट इन्द्रानगर बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया है।

### यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

**हल्द्वानी।** नियमों का उल्लंघन करने वाले 141 वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस चालानी कार्रवाई की। क्षेत्राधिकारी यातायात नितिन लोहनी के नेतृत्व में यातायात पुलिस और सीपीयू की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मंगल पड़ाव से नैनीताल रोड और हाइडल तिराहा तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे, फुटपाथ, नो पार्किंग जोन में अनाधिकृत तरीके से खड़े 59 वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 82 वाहनों कुल 141 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

# शूटिंग में आठवें दिन भारत को आठ पदक

**एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप**

- **महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता**
- **तीन गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते, 28 गोल्ड 10 सिल्वर व 12 ब्रॉन्ज के साथ टॉप पर भारत**



**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा। जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता। नाम्या ने 30 हिट्स के साथ सिल्वर और तेजस्विनी ने 27 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, पायल, तेजस्विनी और रिया शिरीष ठट्टे (554 अंक) ने मिलकर 1700 अंकों के साथ टीम सिल्वर मेडल जीता, जिसमें कोरिया ने गोल्ड हासिल किया। इससे पहले नाम्या ने 581 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तेजस्विनी 577 अंकों के साथ दूसरे और पायल 569 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं। पुरुष ट्रैप में भवनीश को सिल्वर पुरुष ट्रैप में भारत के भवनीश मेंदिरत्ता ने 118 अंकों (25, 24, 23, 22, 24) के साथ क्वालिफिकेशन में चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओ. लिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट चीन के क्वि यिंग से हुआ।

# मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

- **संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफील्ड यूनाटेड किंगडम भेजा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है।

यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है।

यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है। इसके बाद टीम चैंपियनशिप से पहले की तैयारियों के अंतिम चरण के लिए 2 सितम्बर को लिवरपूल रवाना होगी। पुरुष टीम का मार्गदर्शन कोच धर्मेंद्र यादव, तोरक खरप्राण, जय सिंह पाटिल और अभिषेक साह कर रहे हैं, जबकि महिला टीम चंद्रलाल, मोहम्मद ऐतसामुद्दीन, गीता चानू और राडिया देवी की देखरेख में है।

**खेल विशेष**

## वाडा ने 280 रूसी एथलीटों पर प्रतिबंध लगाए

**मॉस्को, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि उसने मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला के डेटाबेस के आधार पर 280 रूसी एथलीटों के खिलाफ दोषी करार दिया है। इस बीच, वाडा की ऑपरेशन एलआईएमएस जांच, जो 2019 में मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला से वाडा खुफिया और जांच द्वारा प्राप्त आंकड़ों और नमूनों पर आधारित थी, के नतीजे लगातार मिल रहे हैं। 280 मामलों में सफलतापूर्वक दोषसिद्धि हुई है, और सभी मामलों की आगे की जांच के बाद और भी मामलों में दोषसिद्धि होने की उम्मीद है। एक बयान में कहा गया है कि फैसलों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि 29 अन्य मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है, और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के 13 मामलों की जांच चल रही है।

## आगामी एशिया कप के लिए नवोदित ओमान ने टीम की घोषणा की

**मस्कट, वार्ता।** ओमान अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाली नवीनतम टीम बन गई है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाक, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और विंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं। कुल चार नए चेहरे सुफियान, ज़िक्रिया, फैसल व नदीम खान, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा।

# यूएस ओपन के दूसरे राउंड में अल्काराज

- **दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने अपने सभी 20 सर्विस पांइट जीते और केवल 3 मिस किए**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने दूसरे यूएस ओपन खिताब की अपनी तलाश की शुरुआत आत्मविश्वास से की और आज आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हरा दिया।

नए हेयर स्टाइल के साथ न्यूयॉर्क पहुंचे स्पेनिश स्टार ने एटीपी टूर के सबसे मजबूत सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपनी एकाग्रता और सटीकता का परिचय दिया। शुरुआती सेट में, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया, अपने सभी 20 सर्विस पॉइंट जीते और केवल तीन बार पहली सर्विस मिस की। अपनी तेज सर्विस के बावजूद, ओपेल्का को उस दौर में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को परेशान करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। अमे. रिकी खिलाड़ी ने अगले दो सेटों में अपना स्तर बढ़ाया और तीन ब्रेक-पॉइंट के मौके बनाए, लेकिन अल्काराज के लचीलेपन और समय पर शॉट लगाने से यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी चूक न हो। तीसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर एक महत्वपूर्ण पासिंग शॉट ने निर्णायक ब्रेक का रास्ता तैयार कर दिया, जिसने ओपेल्का की किस्मत को पूरी तरह से तय कर दिया। सीधे सेटों में मिली जीत का मतलब था कि अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में अपना बेदाग रिकॉर्ड 19-0 तक पहुंचा दिया। पिछले साल के यूएस ओपन में डचमैन बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से दूसरे दौर में मिली चैंकाने वाली हार को छोड़कर, अल्काराज 2022 में न्यूयॉर्क में ट्रॉफी जीतने के बाद से लगातार हर बड़े टूर्नामेंट के कम से कम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इस सीजन में टूर पर सबसे ज्यादा जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

अब उनके नाम टूर में सबसे ज्यादा 55 जीत और 2025 में छह खिताब हैं, जिनमें रोटर्डम और सिनसिनाटी में हार्ड-कोर्ट खिताब भी शामिल हैं।

# भारत एशिया कप जीतेगा: सहवाग



**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा।

एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में, वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा कि हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे। भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी-20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी-20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे। हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि टी-20 प्रारूप में, यह एशिया कप हमारे 2026 के टी-20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से, भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता। टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी-20 चयनकर्ता है।

# मुचोवा ने वीनस को हराया



- **कैरोलिना मुचोवा ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** ग्यारहवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने अनुभवी वीनस विलियम्स की कड़ी चुनौती को पार करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले दो संस्करणों में सेमीफाइनलिस्ट रहीं मुचोवा को फ्लशिंग मीडोज में रिकॉर्ड 25वें एकल अभियान में भाग ले रही 45 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल करने में दो घंटे लगे। दो बार की चैंपियन विलियम्स ने दूसरे सेट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई, लेकिन निर्णायक सेट में वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं क्योंकि चेक खिलाड़ी ने अंतिम सात में से छह गेम जीतकर नियंत्रण हासिल कर लिया। विलियम्स ने पहली बार 1997 में यूएस ओपन खेला था, 2000 और 2001 में खिताब जीते और 2017 में फाइनल में पहुंचीं। सोमवार का मुकाबला इस आयोजन में उनका 101वां एकल मैच था, जिसमें उनके नाम 79 जीत दर्ज हैं। इस बीच, नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबा. कना ने अमेरिकी वाइल्डकार्ड जूलियट पारेजा को 6-3, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## हार के बाद क्वितोवा ने संन्यास लिया

**वाशिंगटन।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद सोमवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। 35 वर्षीय चेक खिलाड़ी, जिन्होंने विंबलडन से पहले घोषणा की थी कि न्यूयॉर्क उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, फ्रांस की डायने पैरी से 6-1, 6-0 से हार गईं। क्वितोवा ने खुलासा किया कि उन्हें तीन हफ्ते पहले कोविड-19 हुआ था और उन्हें अपनी फिटनेस से जूझना पड़ रहा था। क्वितोवा ने 31 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं, जिनमें 2011 और 2014 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम खिताब शामिल हैं। वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं, आठ शीर्ष-10 सीजन (2011-15, 2018-20) में जगह बनाई और 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

# रुब्लेव, रूड और टियाफो यूएस ओपन के दूसरे दौर में

- **रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पाइंट प्रत्येक सेट में एक का उपयोग किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रूस के आंद्रेई रुब्लेव, नॉर्वे के कैस्पर रूड और घरेलू प्रबल दावेदार फ्रांसेस टियाफो ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव, जो यहां चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने अपने पहले मैच में क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पॉइंट-प्रत्येक सेट में एक-का उपयोग किया और दो घंटे तक चले मुकाबले को फोरहैंड वॉली विनर के साथ समाप्त किया। यूएस ओपन में अब तक 25 जीत हासिल कर चुके 27 वर्षीय रुब्लेव अगले दौर में अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी ट्रिस्टन बॉयर से भिड़ेंगे। पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड, जो न्यूयॉर्क में 2022 के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे, ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ऑफनर को 6-1, 6-2, 7-6(5) से आसानी से हरा दिया।

नॉर्वेजियन खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि ऑफनर ने 43 अनफोर्स्ड एरर कीं, और रूड ने तीसरे सेट के कड़े टाईब्रेक में जीत हासिल की। बाएं घुटने की चोट के बाद वापसी करने वाले रूड का सामना दूसरे राउंड में बेल्जियम के राफेल कॉलिग्नन से होगा। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने न्यूयॉर्क में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में जापान के योशिहितो निशिओका को 6-3, 7-6(6), 6-3 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी ने 19 ऐस लगाए और दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक सेट पॉइंट बचाकर लगातार आठवें साल कम से कम दूसरे राउंड में पहुंचने का अपना सिलसिला जारी रखा।

## नेमार ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अग्रस्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया। ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्नेमार (टीम में) नहीं हैं क्योंकि पिछले हफ्ते उन्हें कोई समस्या हुई थी। लेकिन हमें नेमार को परखने की ज़रूरत नहीं है।

# फिडे विश्व कप-2025 गोवा में होगा

- **दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** फिडे शतरंज विश्व कप 2025 गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे। यह नॉकआउट टूर्नामेंट 206 खिलाड़ियों को एक साथ लाता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में 20,00,000 अमेरिकी डॉलर और तीन प्रतिष्ठित स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हर राउंड जीतो या घर जाओ वाला है, जिससे यह विश्व कप कैलेंडर के सबसे नाटकीय टूर्नामेंटों में से एक बन गया है। यह 8 राउंड का नॉकआउट प्रारूप होगा और शीर्ष 50 वरीयता प्राप्त टीमें दूसरे राउंड से प्रवेश करेंगी।

इसमें दो क्लासिकल मैच होंगे, अगर रैपिड और ब्लिट्ज प्लेऑफ बराबरी पर रहे तो शीर्ष तीन टीमें 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुनने के कारण के बारे में, फिडे ने आज एक विज्ञप्ति में कहा कि गोवा के शानदार समुद्र तट, जीवंत संस्कृति और गर्मजोशी भरा आतिथ्य इसे इस वैश्विक मुक. ाबले के लिए एक रोमांचक पृष्ठभूमि बनाते हैं। खिलाड़ी और प्रशंसक विश्व स्तरीय शतरंज का अनुभव करेंगे, साथ ही एक ऐसे गंतव्य का भी, जो अपनी ऊर्जा और आकर्षण के लिए प्रसिद्ध है।

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कारपोरेट आईडेन्टीटी नं0 : U40109UR2001SGC025867/2358, विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून, दूरभाष: 91-135-2763672-76, फैक्स: 91-135-2760289

**ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित निम्निलिखित ई-निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 के०वी० एक्स एल पी ई एल्यूमिनियम केबिल 3x50Sq.mm | सी सी पी-I/11/2025-2026 | 8.9.2025 को 17:00 बजे तक | 9.9.2025 के 15:45 बजे |
| 2 | कम्प्यूटरीकृत राजस्व रसीद बुक | सी सी पी-I/12/2025-2026 | 8.9.2025 को 17:00 बजे तक | 9.9.2025 के 16:00 बजे |

अन्य नियम व शर्त मूल ई-निविदा के अनुसार रहेगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

No.:- 486/EE(CM)/UPCL/A-2 Date:- 26.08.2025

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स संख्या: 0135-2760911 पर दें।)

1

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग नैनीताल।**
Email:- eecdntl.pwduk@gov.in, eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांक: 1829/15 ए०सी०　　　　दिनांक: 25.08.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड के ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदाऐं दिनांक 11.09.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.09.2025 से 10.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वान्ह से 5:00 बजे सायं तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 11.09.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।
1. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 रामनगर 2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला कार्यालय नैनीताल के विभिन्न अनुभागों (ई0आर0के0 जे0ए0, शस्त्र, नाजरात) में रिकार्ड रखने हेतु फाल्स स्लैब, रैक इत्यादि बनाने का कार्य। | 1000+ 18 % GST | 30000.00 | 02 माह | 45 दिन | भवन कार्यों में पंजीकृत 'डी'' एवं उच्चतर |
| 2. | लक्ष्मीखान तल्ला रामगढ़ नथुवाखान ओड़ाखान प्यूड़ा क्वारब मोटर मार्ग (मुख्य जिला मार्ग-11) के किमी0 7 से 11 एवं 17 से 20 में पैंच मरम्मत का कार्य। | 1500+ 18 % GST | 54000.00 | 01 माह | 45 दिन | मार्ग कार्यो में पंजीकृत 'डी'' एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 11.09.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
ठेकेदार द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किया जायेगा।

# कलियर पुलिस ने दबोचे दो नशा तस्कर

## बरेली से उर्स मेले में परासेने को लाई जा रही थी छह लाख की स्मैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर उर्स में नशे की सप्लाई को रोकते हुए पुलिस ने छह लाख रुपये की स्मैक बरामद की है। जबकि दो बरेली के तस्कर भी गिरफ्तार हैं। जबकि स्मैक के धंधे से जुड़े दो और लोगों के नाम पते और फोन नंबर भी पुलिस को पता चले है।

रुड़की कोतवाली में प्रेसवार्ता कर एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल

**❖उर्स मेले के दौरान नशा कारोबारियों पर कलियर पुलिस की रहेगी पैनी नजर**

हुए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया ने बताया कि बीती रात कलियर पुलिस और सीआईयू को सूचना मिली कि बरेली के दो स्मैक तस्कर कलियर उर्स में नशा



लेकर आ रहे हैं। जिसके बाद इमरान निवासी गाँव मेवा सरपापुर पोस्ट मढी सुकडिया थाना फरीदपुर जिला बरेली और तस्लीम खान निवासी गाँव कोहनी थाना बुत्ता पोस्ट केसरपुर जिला बरेली उत्तर प्रदेश से 129 ग्राम स्मैक बरामद की है। जिसकी बाजार कीमत करीब छह लाख आंकी है। पुलिस टीम में थाना पिरान कलियर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक बबलू चौहान, उप निरीक्षक पुष्कर सिंह चौहान, कांस्टेबल प्रवेज अली, प्रकाश मनराल, सुनील चौहान, भादूराम, राजेन्द्र सिंह और सीआईयू (रुड़की) प्रभारी अंकुर शर्मा, हेड कांस्टेबल चमन, मनमोहन भण्डारी, अश्वनी यादव, कांस्टेबल अजय काला और महिपाल शामिल रहे।

ऑपरेशन कालनेमि के तहत चल रहा अभियान

# कलियर उर्स में दो बांग्लादेशी समेत 13 ढोंगी बाबा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर उर्स में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पुलिस ने दो बांग्लादेशी समेत 13 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेशी नागरिकों को कोर्ट की पेशी के बाद जेल भेज दिया गया। जबकि अन्य ढोंगी बाबाओं के चालान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश पर प्रदेश में ऑपरेशन कालनेमी के तहत ढोंगी बाबाओं को पुलिस बेनकाब कर रही है। मंगलवार को एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने रुड़की कोतवाली में प्रेसवार्ता कर बताया कि कलियर में सालाना उर्स शुरू हो चुका है। जहां पर अनगिनत जायरीनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ढोंगी बाबाओं पर नकेल कसी जा रही है। पुलिस ने मोहम्मद उज्जल निवासी मासिमपुर थाना द्वारा बाजार जनपद सुनमगंज बांग्लादेश को गिरफ्तार किया। जो बाबा मोहन के नाम से कलियर में रह रहा था। यह मार्च 2020 में भी कलियर क्षेत्र से गिरफ्तार हो चुका है। जबकि मोहम्मद युसूफ उर्फ इसुफ निवासी बांग्लादेश को भी गिरफ्तार किया है। जो शंकर बाबा के नाम से रह रहा था। उत्तर प्रदेश, अजमेर, बिजनौर, बाराबंकी, हापुड़, हरियाणा, उज्जैन और रुड़की निवासी समेत अन्य 11 ढोंगी बाबाओं को भी पकड़ा है।

# कलियर उर्स के लिए जायरीनों को 10 मेला स्पेशल ट्रेनों की मिली सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** यदि आप विश्व प्रसिद्ध साबिर पाक के सालाना उर्स में आना चाहते हैं तो आपको ट्रेन का सस्ता और आसान सफर मिल सकता है। 10 सितंबर तक मुरादाबाद, वाराणसी, अमृतसर, बिहार, जम्मू, कोलकाता, हावड़ा और बिहार आदि स्टेशन से पिरान कलियर के लिए 10 मेला स्पेशल ट्रेन रुड़की रेलवे स्टेशन तक आएगी।

साबिर पाक के सालाना उर्स का आगाज हो चुका है। मेहंदी डोरी की रस्म के बाद अब जायरीनों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। साबिर पाक में आस्था रखने वाले जायरीन सालाना उर्फ में जियारत को दरगाहों पर आते हैं। करीब पंद्रह दिनों तक कलियर मार्ग पर आवागमन भी बढ़ जाएगा। जायरीन प्राइवेट, निजी वाहन से कलियर पहुंचने लगे हैं। बढ़ी संख्या में दूर दराज के जायरीन उर्स में शिरकत कर पिरान कलियर में साबिर पाक की दरगाह पर हाजिरी लगाने आते हैं। ऐसे में रेलवे ने भी जायरीनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दस मेला स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया है। स्टेशन अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि 2 अगस्त से 10 सितंबर तक रुड़की-मुरादाबाद के बीच अनरिजर्व्ड मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जबकि 24 अगस्त से 10 सितंबर तक जनसेवा, जननायक, जनसाधारण, बेगमपुरा, कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस, जम्मू तवी, हिमगिरी एक्सप्रेस, बरौनी जंक्शन जम्मू तवी और कोलकाता-एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है।

# पति समेत पांच लोगों के पर दहेज का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया है। अपर उप निरीक्षक ललित मुकदमे की जांच कर रही है।

गंगनहर कोतवाली को क्षेत्रीय निवासी महिला ने बताया कि सुशील कुमार निवासी अक्षरधाम कॉलोनी फेस 2 कोटा बोरखेरा कोटा शहर राजस्थान से 7 दिसंबर 2022 को परिवार ने विवाह कराया था। विवाह में परिवार ने अपनी हैसियत के मुताबिक काफी दान दहेज और नगद कैश दिया था। आरोप है की शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज लाने का ताना देते रहे। कुछ समय बाद पांच लाख और सोने के जेवरात मांगे जाने लगे। विरोध करने पर ससुराल पक्ष मारपीट कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने काफी जेवरात और घरेलू सामान भी चोरी किया है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि सुशील कुमार, संगीता, सुषमा, गौतम निवासी अक्षरधाम कॉलोनी कोटा राजस्थान समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोर के लापता होने पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर अब्दाल शाह बस्ती से घर से एक किशोर के लापता होने के मामले में पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। यूपी के मकबरा केसरगंज निवासी मोहम्मद नूर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दरगाह अब्दाल शाह बस्ती में किराए के मकान में रहते हैं।वहां से उनका 9 साल का पुत्र फैजान 17 अगस्त की शाम से लापता है।उन्होने अपने पुत्र को आसपास तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नही चल पाया हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पुत्र को तलाश करने की मांग की।

# घर में घुसकर नकदी व जेवरात पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला चीना में सोमवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है जिसमें 15 हजार रुपये की नकदी व कुछ जरूरी दस्तावेजो पर हाथ साफ कर दिया है। चोर घर की छत से दाखिल हुए और चोरी की घटना को अंजाम दिया मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तहरीर के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला चीना निवासी अभिनव राठी पुत्र सुनील कुमार 25 अगस्त की रात परिवार के साथ घर में सो रहे थे तभी अज्ञात चोर घर में घुस गए और 15 हजार रुपये की नकदी और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया मंगलवार की सुबह परिवार के लोग जागे तो देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा हुआ था जिसको देखकर परिवार के लोग हैरान हो गए पीड़ित ने बताया कि एक पर्स जिसमें एक एटीएम कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस और 15 हजार रुपये की नगदी व अन्य दस्तावेज मौजूद थे जिनको अज्ञात चोर चुरा कर ले गए घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल का निरीक्षण किया जिसके बाद पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई तहरीर मिलने पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

# कार्य खुद-बुर्द करने पर ईओ ने पांच के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेडा अधिशासी अधिकारी द्वारा मंगलवार को थाने में तहरीर देकर कस्बा निवासी पांच लोगों जिनमें तीन महिलाएं भी हैं के खिलाफ सरकारी कार्य पूर्ण होने के बाद उसे खुर्द बुरद करने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत झबरेड़ा अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि 23 अगस्त को नगर पंचायत द्वारा कस्बे के मोहल्ला गढी बाहर में जल निकासी के लिए नाली व कुछ सड़क का निर्माण कराया गया था ।निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मोहल्ले के ही निवासी इकबाल अहमद रिहान अहमद साँजीदा पत्नी शहजाद नेहा पत्नी आजाद अहमद तथा शैंजिदा पत्नी इस्लाम द्वारा सरकारी कार्य पूरा होने के बाद उसे खुरद बुरद कर दिया गया है। तथा उक्त लोग सरकारी संपत्ति पर कब्जा करना चाहते हैं। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया की की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस सहित एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लकसर ने जानकारी देते हुए बताया पूर्व में सोशल मीडिया में फायर करने का वीडियो भी आया था थाने के सामने आज फिर किसी बड़ी घटना करने की फीराक में घूम रहा था अभियुक्त उन्होंने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश पर पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 25 सितंबर 2025 को थाना क्षेत्र से चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम गौरव पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम गंगदासपुर थाना कोतवाली लक्सर उम्र 20 वर्ष बताया उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल प्रदीप कन्नोजिया अनिल वर्मा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश को मंगलौर महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** राजकीय महाविद्यालय मंगलौर, रुड़की में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुक्त विश्वविद्यालय के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी ने मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से छात्रों को अपनी सुविधा और अपने समय पर अध्ययन करने का अवसर मिलता है, जो उनके लिए बहुत ही लाभदायक भी है।

बीएसएम (पीजी) कॉलेज रुड़की के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौतमबीर जी ने कहा कि मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से छात्रों को अपने कैरियर के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल रही है।उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं छात्रों एवं उनके परिजनों से इसका लाभ उठाने को कहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.प्रेमलता कुमारी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से छात्रों को अपने भविष्य को उज्ज्वल



बनाने में मदद मिल सकती है। इससे पूर्व अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ.अनुराग ने सभी का स्वागत करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लाभों के बारे में चर्चा की एवं मुक्त विश्वविद्यालय के अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. तीर्थप्रकाश जी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# खड़ी कार पर विवाद में चले लाठी-डंडे, पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कार खड़ी करने पर हुए विवाद में दो गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीन लोगों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कार खड़ी करने पर हुए विवाद में दो गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले। देर रात्रि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के टांडा भनेड़ा गांव में कार खड़ी करने को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चल पड़े। इसमें एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। झगड़े की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया और झगड़ा कर रहे तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। साथ ही घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंगलौर पर भर्ती कराया। वहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रुड़की सिविल अस्पताल भेजा। कोतवाल शांति कुमार गंगवार ने बताया कि घायल हुए मुंतजिर, उस्मान, मोहम्मद आलिम, शाहिन व एजाज अहमद को सिविल अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया गया है। झगड़ा कर रहे फिरोज, वसीम व फैसल का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है। घायलों की ओर से अब तक तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बेटा अंकित व उसकी पत्नी प्रीति का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने अंकित व प्रीति को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

नाथीराम पुत्र हरसा नि. ग्राम निरंजनपुर थाना व तह. लक्सर हरिद्वार।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उसके वाहन को भी सीज कर दिया है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया मुख्यलय द्वारा चलाया जा रहे हैं अभियांन ऑपरेशन लगाम के तहत गठित पुलिस टीम के द्वारा वाहन चेकिंग अभियांन के दौरान एक व्यक्ति को शराब पीकर वाहन चलाते हुए एक ट्रक डमफर को ओवरलोड पाए जाने पर संबंधित करवाई कर वहनों को सीज कर दिया गया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर का नाम शुभम पुत्र शेरवांन निवासी महाराजपुर कोतवाली लक्सर उम्र 18 वर्ष बताया है।

# कंटेनर से दो बाइक सवारों की मौत पर चालक के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** इकबालपुर मार्ग पर ग्राम साबतवाली के पास तीन दिन पूर्व बाइक व कंटेनर की टक्कर होने से हुई सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। एक मृतक के भतीजे द्वारा कंटेनर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम डेलना निवासी परविंदर कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि 23 अगस्त की रात्रि लगभग 9:00 बजे उसका चाचा सिताब सिंह बाइक से झबरेड़ा से अपने गांव डेलना आ रहा था। ग्राम साबतवाली के पास कंटेनर चालक द्वारा गलत साइड में आकर लापरवाही तथा उतावलेपन से कंटेनर को चलाते हुए चाचा की बाइक में टक्कर मार दी ।टक्कर लगते ही उसका चाचा कंटेनर के पहिए के नीचे दब गया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। थाना निरीक्षक का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कंटेनर चालक का शीघ्र ही पता लगाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवती को परेशान करने पर चिकित्सक पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती को परेशान करने के आरोप में पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार रात आरोपी युवती के घर के बाहर पहुंच गया और गेट पर खड़े होकर उसे आवाज देने लगा। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और बाद में नोटिस देकर छोड़ दिया। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चिकित्सक डॉ. नितिन वर्ष 2021 से लगातार उसका पीछा कर रहा है। वह बार बार फोन और मैसेज करके उसे परेशान करता है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को एक सेवानिवृत्त जिला जज का बेटा बताया। गंगनहर कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि युवती की शिकायत पर चिकित्सक डॉ. नितिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है।

## कैंची व चाकू सहित तीन हमलावर पकड़े

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर कालसो में दो दिन पूर्व दो पक्षों मारपीट हो गई थी। इसमें गौरव नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को परिजनों ने रुड़की अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से उसे ऋषिकेश रेफर कर दिया था। वहीं घायल के पिता कंवरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही विजयपाल, मुन्ना निवासी व अरुण निवासी अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर पर उसके पुत्र गौरव को कमरे में बंद कर जान से मारने की नीयत से कैंची व चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

# भारतीय किसान यूनियन ने झबरेड़ा थानाध्यक्ष से की नलकूप पर हो रही चोरियों के खुलासे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भारतीय किसान यूनियन रोड राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह अपने कुछ किसान साथियों के साथ मंगलवार को थाने मे आए तथा थाना निरीक्षक से मिलकर क्षेत्र में किसानों के नलकूपों पर लगातार हो रही चोरियों की रोकथाम करने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन रोड राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह के नेतृत्व में कुछ किसान मंगलवार को थाने में आकर थाना निरीक्षक से मिले। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह ने थाना निरीक्षक अजय सिंह को बताया कि काफी समय से कस्बा व क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों के खेतों में लगे नलकूपों से लगातार विद्युत उपकरणों की चोरिया हो रही है ।अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर विद्युत केबल तथा विद्युत स्टार्टर चोरी किए जा रहे हैं। कई बार विद्युत विभाग के अलावा किसानों द्वारा भी विद्युत उपकरणों की चोरियों की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई हुई है। किसानों का आरोप है कि किसानों के नलकूपों पर लगातार विद्युत उपकरणों की चोरी होने से किसानों को आर्थिक हानि के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी होती है। पुलिस द्वारा अभी तक भी चोरी करने वाला गैंग जो क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। उसमें से एक भी चोर को नहीं पकड़ पाई है। थाना निरीक्षक अजय सिंह



द्वारा किसानों को विद्युत उपकरणों की चोरी करने वाले गैंग का शीघ्र पता लगाकर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। इस अवसर पर मुजम्मिल हसन अंकित रोड शाहबाज नाजिम सचिन कुमार रिजवान अली इंदर सिंह रोड सतीश कुमार राजवीर सिंह अनमोल कुमार शाहबाज आदि किसान उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जहां पूरे देश में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस मनाया जा रहा है। वहीं लक्सर में भी अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में पहुंचकर गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस मनाया। इस दौरान अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे कार्यक्रम में पहुंचे अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के नीरज गुर्जर योगेंद्र पवार शशांक चौधरी ने बताया कि हमारा इतिहास दबाया गया है जो हमें पढ़ाया गया है असल में हमारा इतिहास उससे कहींअलग है आज अपने इतिहास को सभी के सामने उजागर करने की जो मुहिम हम लोग चला रहे हैं उसमें हमें हर हाल में कामयाबी मिलेगी और हमारा दबाया गया इतिहास उजागर होगा हम अपने दबे हुए इतिहास को सभी के सामने उजागर करना चाहते हैं। हमारे गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज द्वारा जो कार्य किए गए हम उन्हें सर्व समाज के सामने लाना चाहते हैं। जितने भी मंदिर बनाए गए धर्मशालाएं बनाई गई हम उन सभी का जिर्णोधार करवाना चाहते हैं। इसे लेकर अखिल



भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने एक मुहिम देश भर में चलाई हुई है यहां पर सैकड़ो गुर्जर समाज के मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के सवाल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय महागठबंधन के तहत वोट अधिकार यात्रा बिहार में निकाल रहे हैं। उन्हें भारी जनसमर्थन भी मिल रहा है। अब यह कितना सही है और कितना गलत यह तो तभी पता चलेगा जब इस प्रकरण की जांच हो, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि वोटों के फर्जीवाड़े को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल उछाले हैं, उनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से वह बेहद गंभीर मामले की श्रेणी में आते हैं, आखिर जब चुनाव प्रक्रिया ही दूषित हो जाएगी तो फिर उससे बनने वाली सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी।

जिस तरह केंद्रीय सरकार चुनाव आयोग के बचाव में लगी है। उसे भी कहीं से स्वस्थ परंपरा नहीं कहा जा सकता। होना तो यह चाहिए था कि नेता प्रतिपक्ष के हर सवालों के जवाब को ढूंढने की कोशिश की जाती, लेकिन हो इसके उलट रहा है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वोट मोदी की सुनियोजित योजना का हिस्सा है, इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के समय मनमानी की जाती है और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती। राहुल का कहना है कि पीएम तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। राहुल की बात में यहां दम दिखाई देता है, क्योंकि इलेक्शन कमिश्नर चुनाव के लिए जो सरकार ने प्रक्रिया अपनाई है, उससे बिल्कुल साफ है कि इलेक्शन कमिश्नर वही बनेगा जिसको सरकार चाहेगी, क्योंकि तीन सदस्य कमेटी में जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है, उसके दो सदस्य एक कैबिनेट मंत्री होता है और तीसरा विपक्ष का नेता, तो ऐसे में 2-1 से फैसला जिसके पक्ष में जाएगा वह इलेक्शन कमिश्नर बनेगा। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि साल 2023 में एक नया कानून बनाया, जिसमें कहा गया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। इस कानून को राहुल गांधी वोट चोरी करवाने के संदर्भ में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अभी तक इस पूरे मामले में सरकार बैकफुट पर दिखाई दे रही है और उस तरह के जवाब सरकार की तरफ से नहीं आ रहे हैं, जिस तरह के जवाबों की उनसे दरकार है। राहुल गांधी कई उदाहरण भी पेश कर रहे हैं, उन्होंने कर्नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंटर में 7 विधानसभा सीट हैं अगर एक को हटा दें, तो कांग्रेस सातों पर जीत रही थी, लेकिन जिस सीट पर एक लाख नए वोटर जोड़े गए वे सभी भाजपा के खाते में चले गए और नतीजा बदल गया। राहुल गांधी यह भी कह रहे हैं कि अब उनके समझ में आ रहा है कि अमित शाह किस आधार पर यह कहते हैं कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। उन्होंने कहा जब मैंने पहली बार उनके मुख से यह बात सुनी थी, तब मैं हैरत में पड़ गया था कि आखिर वह ऐसा कैसे कह सकते हैं। बात सही भी है कोई भी पहले से यह तय नहीं कर सकता कि अगली सरकार किसकी बननी है, लेकिन भाजपा के नेता डंके की चोट पर सरकार बनने के दावे करते रहते हैं। इससे पहले कि जनता का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से डगमगाए, राजनेताओं को चाहिए कि वह तमाम दलगत राजनी. ति से ऊपर उठकर पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अपनाने पर ध्यान लगाएं।

## भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा



मैं नक्सल समर्थक बिल्कुल नहीं और भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा है, सलवा जुडूम का फैसला सुप्रीम कोर्ट का फैसला था और वह माओवादियों के पक्ष में नहीं था, अगर ऐसा होगा, तो अब तक इसे चुनौती क्यों नहीं दी गई, उपराष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री समेत सभी सांसदों-मंत्रियों को पत्र लिखकर अपने लिए समर्थन मांगूंगा, अगर मैं चुना जाता हूं, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता संविधान की रक्षा करना होगी, सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता, उपराष्ट्रपति पद के लिए अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है, किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए।

**-बी सुदर्शन रेड्डी, उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी, विपक्ष**

# एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा





यशोदा श्रीवास्तव

राहुल गांधी की बिहार में वोट अधिकार यात्रा का फायदा आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को कितना हो पाता है, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इस यात्रा से एक बात यह सामने आई है कि राहुल गांधी के पिछले बिहार यात्राओं के बनिस्बत इस बार की यात्रा में जनता का समर्थन भरपूर है, साथ ही उनके भाषणों को जनता खूब सुन रही है।

जाहिर है राहुल की इस यात्रा में भीड़ कहीं न कहीं से जुटाई ही जा रही होगी, लेकिन उसे कोई प्रलोभन दिया जा रहा हो, ऐसा नहीं है। बिहार में फिलहाल अभी तक राहुल जहां जहां गए वहां की सच्चाई यही है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी का वोट चोरी का मुद्दा जमीनी है जिसे जनता खूब पसंद कर रही है। राहुल गांधी के बिहार में वोट अभियान यात्रा को लेकर संशय था कि इसमें पप्पू यादव कहां हैं? दरअसल वोट अधिकार यात्रा में राहुल और तेजस्वी यादव ही दिखते थे। यह अलग बात है कि यदा-कदा गठबंधन के कुछ और सहयोगी भी दिख जाते थे। पूर्णिया में राहुल और तेजस्वी के नेतृत्व वाली वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने इस सवाल पर विराम लगा दिया।

पप्पू यादव की लालू यादव परिवार से मतभेद जगजाहिर है। पूर्णिया से पप्पू यादव के निर्दल चुनाव लड़ने के पीछे लालू यादव ही थे जिन्होंने उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं लेने दिया जबकि राहुल गांधी टिकट देना चाहते थे। बहरहाल पूर्णिया में वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने अपनी ताकत का एहसास कराया ही, तेजस्वी यादव को बिहार का जननायक बताते हुए उनका शानदार खैरमकदम भी किया। इसे लालू और पप्पू यादव के बीच सब कुछ ठीक ठाक हों जाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि पप्पू यादव और लालू यादव परिवार की कटुता पर विराम लगने से बिहार में कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को फायदा मिल सकता है।

बिहार की राजनीति में पप्पू यादव एक मजबूत स्तंभ हैं। सबसे कम उम्र में उन्हें विधायक होने का भी तमगा हासिल है और सर्वाधिक बार निर्दलीय सांसद होने का भी खिताब इन्हीं के हिस्से है। बिहार की राजनीति मुख्यतः लालू यादव की पार्टी आरजेडी और नीतीश कुमार की जदयू के इर्द-गिर्द ही सिमटती दिखती है। इनके साथ गठबंधन में चाहे जो हो, उनको यदि फायदा मिलता है तो इन्हीं के बदौलत। हां जदयू गठबंधन की मुख्य सहयोगी भाजपा इस बार कुछ अलग करने की कोशिश में जरूर है। पप्पू यादव कभी लालू यादव के खासमखास थे। 2004 में वे राजद उम्मीदवार के रूप में ही मधेपुरा से लोकसभा का उपचुनाव जीते थे। सपा से भी एक बार सांसद चुने गए थे। 2015 में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी जन अधिकार पार्टी। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी भारी ताम झाम के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन एक भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली। बता दें कि पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्य सभा की सांसद हैं। कोरोना हो या बाढ़ हर वक्त लोगों के बीच मौजूद रहने वाले पप्पू यादव को झटका लगा जब वे 2020 के विधानसभा चुनाव में खुद ही हार गए। यह अचरज की बात है कि विधानसभा चुनाव में खराब रिकॉर्ड वाले पप्पू यादव लोकसभा का चार चुनाव निर्दल जीतने में कामयाब होते रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले उन्होंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर लिया था। उनकी इच्छा पूर्णिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की थी। आरजेडी ने इस पर पानी फेर दिया था लिहाजा उन्हें निर्दल लड़ना पड़ा। वे जीते भी। पूर्णिया में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान पप्पू यादव और तेजस्वी यादव के बीच कटुता समाप्त होने के संकेत मिले हैं। कांग्रेस खासकर राहुल गांधी स्वयं चाहते थे कि बिहार की राजनीति में ताकतवर दोनों यादव परिवार एक हों।पूर्णिया में पप्पू यादव और तेजस्वी के बीच मेल मिलाप देख दोनों दलों के नेताओं को खुशी हुई है। लोगों का आकलन है कि विधानसभा चुनाव में बिहार के सीमांचल में इसका फायदा कांग्रेस गठबंधन को मिलना चाहिए। आरजेडी के साथ कांग्रेस का गठबंधन भले ही है या ये दोनों लंबे समय तक साथ रहना चाहते हों लेकिन कांग्रेस बिहार में अपनी मजबूती के लिए लगातार संघर्षरत है। कुछ दिन पहले बिहार में कांग्रेस ने एक और आंदोलन किया था ष्रोजगार दो या गद्दी छोड़ोष। इस आंदोलन की रूपरेखा बिहार के युवा प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तैयार की थी। बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों पर आयोजित यह कार्यक्रम काफी कामयाब रहा। इस कार्यक्रम में देश भर के नाम. चीन कांग्रेस नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किया गया था। इसके पहले कन्हैया कुमार ने युवाओं के रोजगार और पलायन के मुद्दे पर बिहार भर की पद यात्रा की थी। चुनाव के ठीक पहले बिहार में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को वोट अधिकार यात्रा की जरूरत बैठे बिठाए चुनाव आयोग ने दे दी एस आई आर के बहाने। विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले चुनाव आयोग का यह फैसला चौंकाने वाला था। एस आई आर के जरिए बिहार के 65 लाख वोटर मताधिकार से मरहूम कर दिए। नया वोटर लिस्ट बनाने में गड़बड़ियों का पहाड़ खड़ा किया गया। चुनाव आयोग इसे अपनी गलती मानने से लाख इनकार करे, पहाड़ जैसी यह गलती हुआ तो उसी के नेतृत्व में है। बस यही वह वजह है कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट अधिकार यात्रा को निकल पड़ा। इस यात्रा में मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर ऐसी मारक टिप्पणी पिछले दस सालों में शायद ही कभी सुनी गई हो। राहुल और तेजस्वी के ऐसे तीखे भाषणों की यद्यपि कि आलोचना भी हो रही है लेकिन बिहार के श्रोताओं को भाषणबाजी की शायद यही शैली पसंद है। एस आई आर की बात करें तो वोटरों के इस छान बीन में जिन 65 लाख छांटें गए लोगों को लेकर बहस और हल्ला गुल्ला मचा है,उस पर गौर करें तो साफ पता चलता है कि ए छंटनी न भी हो तो भी इसका फायदा विपक्ष को नहीं मिलने वाला।कम से कम पिछले तीन लोकसभा चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो भाजपा ही ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करती हुई नजर आएगी।। यही हाल विधानसभा चुनावों का भी रहा है। फिर ऐन विधानसभा चुनाव के वक्त चुनाव आयोग को एस आई आर की जरूरत क्यों पड़ी? क्या इस बार जदयू भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता से हटने का डर था? यह लंबी बहस का विषय है। हां यह जरूर है कि भाजपा को जिस जिस प्रदेश में सत्ता से दूर होने का खतरा हुआ, भाजपा वहां हर हाल जीतने को पूरी ताकत झोंक देती है। महाराष्ट्र और हरियाणा इसका उदाहरण है। बिहार में भी ऐसा न हो इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिहार में वोटरों की छंटनी पर बिहार की महिला कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का कहना है कि छांटे गए वोटर किसको वोट करेंगे,सवाल यह नहीं है, हमारी लड़ाई वोट के अधिकार की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खानपान से कविता तक राज करती है उर्दू

**सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।**



डा. सैयद अहमद खान

उर्दू यह सिर्फ एक जुबान नहीं, बल्कि तहजीब की नर्मी, मुहब्बत की मिठास और संस्कृति की जड़ में बहती वह धारा है, जिसने हिंदी को हमेशा संवारकर रखा है। हिंदी और उर्दू का रिश्ता बहनापे का है। एक के बिना दूसरी अधूरी है, लेकिन अफसोस कि आज की नफरती हवाओं में इस रिश्ते को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं।

उर्दू को एक खास मजहब, एक खास तबके की जुबान बताकर हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। मगर यह भूल है, क्योंकि उर्दू को मिटाना, दरअसल अपनी ही संस्कृति को मिटाना है।

### रोजमर्रा की जिंदगी में उर्दू

सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।

### कविताओं और शायरी का जादू

हिंदी कविताओं का रंग अधूरा है अगर उसमें उर्दू का तिलिस्म न हो। मंचों पर गूंजती कविताएं हों या फिल्मों के गीत हर जगह जज्बात, ख्वाब, आरजू जैसे अल्फाज कानों को छूते हैं और दिल में उतर जाते हैं। यही उर्दू का जादू है, जो कविता को सुर देता है और शायरी को रूह।

### स्वाद की दुनिया में उर्दू

जरा पुरानी दिल्ली की गलियों में चलिए अगर वहां से उर्दू हटा दी जाए तो न दुकानों के नाम बचेंगे, न पकवानों की पहचान। जलेबी का खमीर न हो तो मिठास कैसे बनेगी? बिरयानी, कोरमा, कबाब, निहारी इन नामों के बिना तो हमारी थालियां बेरौनक हो जाएंगी। उर्दू सिर्फ किताबों की भाषा नहीं, वह हमारे जायके में भी है, हमारी महक में भी है। वाकई, यह भाषा मिटती नहीं, क्योंकि यह हर दिल में जिंदा है।

### नफरत नहीं, मुहब्बत की जुबान

सच्चाई यही है कि उर्दू और हिंदी का रिश्ता तोड़ना किसी हुकूमत के बस की बात नहीं। यह रिश्ता जुबानों



का ही नहीं, बल्कि तहजीब और मोहब्बत का है। नई पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि जिन व्यंजनों का वह लुत्फ उठाती है, जिन गीतों की धुन पर झूमती है उनमें उर्दू की रूह बसी है। इसलिए जरूरत नफरत को बढ़ाने की नहीं, बल्कि उर्दू को गले लगाने की है। क्योंकि हिंदी और उर्दू साथ हों, तो हमारी जिंदगी की जुबान और भी रंगीन, और भी खुशबूदार हो जाती है।

(लेखक उर्दू डवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भरपेट संतुलित भोजन कई बीमारियों के लिए टीके से कम नहीं

यह तो जानी-मानी बात है कि जीवित रहने, स्वास्थ्य और बीमारियों के बचाव के लिए पोषण अनिवार्य है। 1970 के दशक में यह तक कहा गया था कि निमोनिया जैसे सांस सम्बंधी रोगों, दस्त (डायरिया) व अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध पर्याप्त भोजन ही सबसे कारगर टीका है। यह देखा जा चुका था कि कुपोषण की हालत में पूरक पोषण से संक्रमणों के प्रकोप में कमी आती है। हाल ही में झारखंड में एक परीक्षण किया गया था। रैशन्स यानी रिड्यूसिंग एक्टिवेशन ऑफ ट्यूबरकुलोसिस थ्रू इम्प्रूवमेंट ऑफ न्यूट्रिशनल स्टेटस अर्थात पोषण की स्थिति में सुधार के जरिए सक्रिय टीबी में कमी। इस परीक्षण ने स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि पूरक पोषण परिवारों में टीबी प्रकोप को 50 प्रतिशत तक कम करता और कुपोषित मरीजों में मृत्यु दर को भी 35-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

टीका भी तो यही करता है कि व्यक्ति को किसी संक्रमण से लड़ने या बीमारी से बचने में मदद करता है और इस लिहाज से पोषण की भूमिका टीके की अवधारणा का विस्तार ही है। 1970 के दशक में पोषण विशेषज्ञ और विश्व स्वास्थ्य संगठन में पोषण निदेशक रहे डॉ. मॉइजेस बेहर ने अपने एक लेख में कहा था, एक ओर तो टीकाकरण या पर्यावरण में सुधार जैसे विशिष्ट उपायों द्वारा संक्रामक रोगों पर नियंत्रण से समुदाय की पोषण की स्थिति बेहतर होती है। दूसरी ओर, पर्याप्त भोजन संक्रामक रोगों के ज्यादा गंभीर



प्रभावों से सुरक्षा देता हैय उन रोगों के संदर्भ में भी जिनके लिए हमारे पास सटीक या आसान उपाय उपलब्ध नहीं हैं। फिलहाल तो समुचित भोजन ही दस्त, श्वसन तथा अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध सबसे कारगर टीका है। यह बात रैशन्स परीक्षण में प्रत्यक्ष रूप में सामने आई ही है, लेकिन इसके कई ऐतिहासिक प्रमाण भी उपलब्ध हैं। ए प्रमाण हमें बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में हुए कुछ 'कुदरती प्रयोगों' से मिले हैं।

**कुछ अनायास प्रयोग**

यूके में 1918 में टीबी मरीजों की देखभाल और पुनर्वास के लिए पैपवर्थ विलेज सेटलमेंट स्थापित किया गया था। इसके पीछे सोच यह थी कि मात्र सेनेटोरियम उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीबी के मरीजों के लिए रोजगार व सामुदायिक जीवन जैसे सहारे की भी जरूरत होती है। यहां रह रहे सक्रिय टीबी ग्रस्त मरीजों के संपर्क में आए परिवारों में टीबी के प्रकोप में जो 84 प्रतिशत की कमी आई थी, उसके लिए समुचित पोषण को मुख्य कारण माना गया था। आश्चर्य की बात यह थी कि उस दौरान टीबी संक्रमण के कुल प्रसार में कोई कमी नहीं आई थी मगर पोषण ने संक्रमण को बीमारी में परिवर्तित होने से बचा लिया था।

जर्मनी के युद्धबंदी शिविरों में ब्रिटेन तथा रूस के युद्धबंदी सैनिक एक जैसे हालात में रह रहे थे। देखा गया कि ऐसे एक शिविर में मात्र 1.2 प्रतिशत ब्रिटिश सैनिकों में ही टीबी विकसित हुई थी जबकि 15 प्रतिशत रूसी सैनिक टीबी से ग्रस्त हुए। यानी रूसी सैनिकों के मुकाबले ब्रिटिश सैनिकों में टीबी का प्रकोप 92 प्रतिशत कम रहा। इसका कारण इस तथ्य से जोड़कर देखा गया था कि रेड क्रॉस द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त पोषण पार्सल (1000 किलोकैलोरी तथा 30 ग्राम प्रोटीन) मात्र ब्रिटिश सैनिकों को मिलता था। ऐसे ही एक अन्य युद्धबंदी शिविर में एक ब्रिटिश डॉक्टर आर्किबाल्ड कोक्रेन ने पाया था कि टीबी का प्रकोप रूसियों में 6 प्रतिशत, फ्रांसिसियों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटिश सैनिकों में शून्य प्रतिशत था। गौरतलब है कि फ्रांसिसियों को भी 1944 के बाद अतिरिक्त फूड पैकेट मिलना बंद हो गया था। युद्धबंदी शिविरों में किए गए इन अवलोकनों के अलावा आम आबादी के आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2015-2023 के दरम्यान दुनिया भर में टीबी के प्रकोप में 8.3 प्रतिशत तथा टीबी मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। सवाल यह उठता है कि रासायनिक उपचार और (टीबी के लिए) बीसीजी टीका आने से पहले के दौर में टीबी के प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों की क्या स्थिति थी। पहली बात तो यह है कि यूके जैसे जिन देशों में आज टीबी का बोझ कम है, वहां भी अतीत में टीबी का प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों का आंकड़ा काफी अधिक था। एक अनुमान के मुताबिक 1851 में यूके में श्वसन सम्बंधी टीबी से प्रति लाख आबादी में 268 मौतें होती थी। और तो और, वहां हर चार में से 1 मौत टीबी के कारण होती थी। गौर करने वाली बात यह है कि यूके में टीबी प्रकोप और मृत्यु में गिरावट रासायनिक उपचार और टीकाकरण जैसे उपाय लागू होने से पहले हो गई थी। 1891 में टीबी से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी और यह मात्र 139 प्रति लाख रह गई थी।

यूके में 1913 में टीबी का प्रकोप प्रति एक लाख आबादी में 300 था और मृत्यु दर प्रति लाख आबादी में 100 थी और 1940 में यह इसकी 50 प्रतिशत रह गई थी। गौरतलब है कि टीबी के लिए रासायनिक उपचार 1947 में उपलब्ध हुआ था। रासायनिक उपचार शुरू होने से पहले यू।के। में टीबी प्रकोप 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कम हो रहा था और उपचार उपलब्ध होने के बाद गिरावट की दर 10 प्रतिशत वार्षिक हो गई थी।

1962 में थॉमस मैककिओन का महत्वपूर्ण पर्चा प्रकाशित हुआ था जिसमें उन्होंने 1850 से 1950 की अवधि में यूके में टीबी सम्बंधी मौतों में गिरावट के विभिन्न कारकों का विश्लेषण किया था। उनका निष्कर्ष था कि टीबी प्रकोप में गिरावट का प्रमुख कारक जीवन स्तर में सुधार, खासकर पोषण में सुधार रहा था। 1850 के दशक के बाद यूके में कामगारों की आमदनी में सुधार हुआ था। यह देखा गया था कि आमदनी में सुधार और श्वसन सम्बंधी टीबी से मृत्यु दर में गिरावट लगभग एक ही दर पर हुए थे। मैककिओन का सुझाव था कि बेहतर पोषण से व्यक्तियों में रोग के विरुद्ध प्रतिरोध पैदा होता है और यह मृत्यु दर में गिरावट का कारण बनता है। इसके पक्ष में उन्होंने कुछ परोक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे।

वैसे नोबेल विजेता रॉबर्ट फोगेल ने 1850 से 1950 के बीच यूके में कैलोरी के उपभोग में वृद्धि के प्रत्यक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे। इसी सम्बंध में एक और प्रमाण यह था कि 1870 से 1970 के बीच ब्रिटेन समेत यूरोपीय लोगों के कद में औसतन 11 सेमी (यानी प्रति दशक 1 सेमी) की वृद्धि हुई थी। कद को किसी भी आबादी के पोषण व जीवन स्तर का एक सूचकांक माना जाता है। इस बात के और भी प्रमाण प्रस्तुत हुए हैं कि यू।के। में टीबी के प्रकोप व मृत्यु दर में कमी का सम्बंध पोषण में सुधार से रहा है।

**पोषण, संक्रमण और प्रतिरक्षा**

1968 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित एक मोनोग्राफ में पोषण व संक्रमण के बीच दो-तरफा सम्बंध की समीक्षा की गई थी। मोनोग्राफ में स्पष्ट किया गया था कि पोषण की स्थिति टीबी समेत कई संक्रमणों की आवृत्ति, गंभीरता और मृत्यु दर पर असर डालती है और संक्रमण अपने तईं पोषण की स्थिति को बदतर करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 देशों की सुंदरियों ने देखा ताजमहल



**आगरा।** सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन इंटरनेशनल की फाइनलिस्ट ने मंगलवार को ताजमहल का दीदार किया। 25 देशों से आई इन सुंदरियों को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लग गई। मिस टीन इंटरनेशनल विश्व की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसमें दुनिया भर से मॉडल्स भाग लेती हैं।

इस बार भारत इसकी मेजबानी कर रहा है और जयपुर में 31 अगस्त को इसका ग्रैंड फिनाले होगा। ग्रैंड फिनाले से पहले आगरा आई फाइनलिस्ट ताजमहल की खूबसूरती देख मंत्रमुग्ध हो गईं। वे हर पल को मोबाइल कैमरों में कैद करती दिखीं। कई पर्यटकों ने भी उनके साथ सेल्फी ली। सुंदरियों ने ताजमहल की खूबसूरती के साथ उसके इतिहास को जानने में भी गहरी रुचि दिखाई। इन सुंदरियों में बोत्सवाना की मार्गरेट नाशा, कनाडा की जीनी अलीशा वेंटूरा, कोलंबिया की वालेरिया मोरालेस वैलेरी, क्यूबा की अमालिया मार्टिनेज, डोमिनिक गणराज्य की एस्मेलिन तेजस, फीजी की निशिका शयाली, फ्रांस की एनेस होल्ट्ज़मैन मिरांडा, जर्मनी की लॉरीना विन्सेटिना, भारत की कजियाह लिज मेजो, जापान की किक्यो स्वाडा, मैक्सिको की ग्रेसिया नोवेलो, नामीबिया की एलेन एंगलब्रेक्ट, नीदरलैण्ड की लियोरा स्मिट, पैराग्वे की फ्लोरें. सिया गोंजालेज, पेरू की अलमेंद्रा लीमास, फिलीपींस की अन्ना मार्गरेट मर्केडो, प्यूर्टो रीको की सबरीना मारिया फेलिसियानो, रोमानिया की मारी घिसे, स्पेन की लोरेना रूइज़, श्रीलंका की थानुशी अमाया, अमेरिका की एलेनिस क्यूवास, वेनेजुएला की तातियाना ज़ाम्ब्रानो बर्मुड़ेज़, वियतनाम की न्युंगा था जुआन माई और जिम्बाब्वे की जूली तुंगामिराई शामिल थीं।

# पाक में आतंकवाद-रोधी अभियान में पांच आतंकी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस और आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) के संयुक्त अभियान में पांच आतंकवादी और एक राहगीर मारे गए और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सीटीडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान रविवार को प्रांत के अपर दीर जिले में शुरू किया गया और सोमवार तड़के तक भारी गोलीबा. री जारी रही। बयान में आगे कहा गया है कि घायल पुलिसकर्मियों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकवादी पुलिस पर पहले हुए एक हमले से जुड़े थे, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए थे।

# ट्रम्प समर्थक नेता ने फायरगन से कुरआन को लगाई आग

## कहा: ईसाई देशों पर कब्जा कर रहे मुस्लिम, अगर चुनाव जीती, तो इस्लाम का खात्मा कर दूंगी



■ वैलेंटिना ने दिसम्बर 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास की रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार वैलेंटिना गोमेज ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कुरान (इस्लाम की पवित्र किताब) जलाते हुए नजर आ रही हैं।

वायरल वीडियो में वैलेंटिना कुरान को फायर गन से आग लगाते हुए कहती है कि मैं टेक्सास में इस्लाम का खात्मा कर दूंगी, हे ईश्वर, मेरी मदद करो। मुसलमान, ईसाई देशों पर कब्जा करने के लिए बलात्कार और हत्याएं कर रहे हैं। वैलेंटिना ने लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा: (मुझे संसद तक पहुंचने में मदद करो, ताकि तुम्हें कभी भी मुसलमानों के फेंके गए पत्थरों का सामना नहीं करना पड़े। वो 2026 में टेक्सास के 31वें कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहीं हैं। वैलेंटिना ने दिसम्बर, 2024 में न्यूयार्क में डमी को गोली मारने का नाटक भी किया था। जिसे उन्होंने अप्रवासी के प्रतिक के तौर पर रखा था। इसके साथ ही अमेरिकियों के खिलाफ हिंसक अपराध करने वाले प्रवासियों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की मांग की थी। भड़काऊ बयानों के कारण उनके वीडियो हटा दिया गया और उन्हें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया गया था। इस पर वैलेंटिना ने कहा था कि उनके वीडियो पर प्रति. बंध और उनके अकाउंट को इनएक्टिव करना सभी को दिखाता है कि वे सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं, क्योंकि वे जैसा देखती हूं वैसा ही कहती है। इसी समय उन्होंने एक वीडियो में एलजीबीटीआईक्यू+ किताबों को जलाने का वीडियो भी शेयर किया था। इसको लेकर उनका दावा है कि ये किताबें बच्चों पर बुरा असर डाल रही हैं। हालांकि, उनकी ये हरकतें वोटरों का समर्थन नहीं जुटा सकीं और वह रिपब्लिकन प्राइमरी में केवल 7. 4 प्रतिशत वोट हासिल कर छठे स्थान पर रहीं थी। अपनी चुनावी हार के बावजूद, गोमेज सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, जहां वे राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार जाहिर करती रहती हैं। भड़काऊ बयानों के कारण उन्हें कई बार सोशल मीडिया से बैन भी किया जा चुका है। गोमेज ने दिसम्बर में हारने के बाद टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी।

## टैरिफ विवाद को लेकर जर्मन अखबार का बड़ा दावा

# मोदी ने नहीं उठाया ट्रम्प का फोन



भारत के पीएम ने चार बार बातचीत से किया इन्कार, अमेरिकी डेलीगेशन को भी दिल्ली आने से रोका

अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी और भारत को डेड इकोनॉमी कहने से मोदी नाराज

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को चार कॉल किए थे, लेकिन पीएम मोदी ने उनसे एक बार भी बात नहीं की। इससे दोनों नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया। यह दावा जर्मन न्यूज पेपर एफएजेड ने किया है। हालांकि अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि ये काल कब किए गए थे। अखबार के मुताबिक ट्रम्प की आक्रामक ट्रेड पालिसी और भारत को 'डेड इकोनामी' कहने से मोदी नाराज हैं। पहले दोनों नेताओं के बीच अच्छे रिश्ते थे, लेकिन अब भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए होने वाली बातचीत रद्द कर दी है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आने से रोक दिया गया। ट्रम्प ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें से 25 प्रतिशत टैरिफ जुर्माने के तौर पर लगाया गया है, जो 27 अगस्त यानी कल से लागू होगा। ट्रम्प का कहना है कि भारत के रूसी तेल खरीदने की वजह से पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। अखबार में एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है- आमतौर पर ट्रम्प का तरीका यह है कि पहले वे किसी देश पर व्यापार घाटे को लेकर हमला बोलते हैं, फिर ऊंचे टैरिफ की धमकी देते हैं। इसके बाद डरकर बात. चीत शुरू होती है और आखिरकार वह ऊंचा टैरिफ लगाकर, फिर कुछ छूट देकर खुद को विजेता बताने की कोशिश करते हैं। कई देशों के साथ ऐसा हुआ है और ट्रम्प ने यह दिखाया कि अमेरिकी बाजार पर उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लेकिन मोदी ने इस बार झुकने से इन्कार कर दिया। न्यूयॉर्क के न्यू स्कूल के भारत-चीन इंस्टीटयूट के को-डायरेक्टर मार्क फ्रेजियर का कहना है कि अमेरिका की भारत को चीन के खिलाफ इस्तेमाल करने की रणनीति नाकाम हो रही है। भारत ने कभी भी चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह खड़े होने का वादा नहीं किया था। अखबार ने लिखा है कि पीएम मोदी को ट्रम्प के बर्ताव से बहुत ज्यादा बुरा महसूस हुआ है। वह मोदी को उस पुराने अपमान की याद दिला रहे हैं, जो लगभग एक दशक पहले उन्हें जिनपिंग से मिला था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तब गुजरात आए थे और मोदी से दोस्ती का वादा किया था, लेकिन उसी समय चीन की सेना हिमालय में भारतीय इलाके में घुस आई थी। इसके बाद भी मोदी ने जिन. पिंग से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश की, लेकिन हालात तब और बिगड़ गए जब चीनी सैनिकों से भारतीय जवानों की झड़प हो गई। उस घटना के बाद से कहा जाता है कि मोदी के मन में गहरी कड़वाहट बैठ गई। अब ट्रम्प का रवैया भी कुछ ऐसा ही हो गया है। फरवरी में वे मोदी को व्हाइट हाउस बुलाकर उनकी तारीफ कर रहे थे और उन्हें एक फोटो एल्बम भेंट कर रहे थे। दोनों देशों के रिश्ते काफी बेहतर चल रहे थे। यहां तक कि दिल्ली के पास ही ट्रम्प के नाम से लग्जरी टावर बने, जिनके 300 फ्लैट (कीमत 108 करोड़ रुपये तक) एक ही दिन में बिक गए, लेकिन हाल की घटनाओं ने माहौल बदल दिया। ट्रम्प ने भारत को 'डेड इकोनामी' कहकर अपमानित किया। इससे दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। 2014 में शी जिनपिंग भारत दौरे पर आए थे। इसके कुछ समय बाद ही डोकलाम में दोनों देशों की सेना आमने-सामने आ गई थी। अखबार में बताया गया है कि मोदी, वियतनाम लीडर और ट्रम्प के बीच हुए विवाद को लेकर भी सतर्क थे। दरअसल, ट्रम्प ने वियतनाम के सुप्रीम लीडर तो लम से टैरिफ मामले को लेकर फोन पर बात की थी।

## भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9:31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक हो जाएगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है कि जो डयूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी। ट्रम्प के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, आटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है।

# ट्रम्प ने चीन पर 200% टैरिफ लगाने की दी धमकी

■ कहा: मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा
■ हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता: डोनाल्ड ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रम्प ने ओवल आफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वाशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है। ट्रम्प ने कहा कि चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता।

अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा। ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की। में चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है। इससे पहले ट्रम्प ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवम्बर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव आर्डर पर साइन किया है। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वार चला। ट्रम्प ने चीन पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ। चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की, सप्लाई पर रोक लगा दी थी। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन किसी भी स्थान पर रूस से बातचीत को तैयार: सिबिहा

**मास्को।** यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन किसी भी प्रारूप एवं स्थान पर रूस के साथ उच्च स्तरीय शांति वार्ता करने के लिए तैयार है। सिबिहा ने एक्स पर कहा कि हम किसी भी प्रारूप और भौगोलिक क्षेत्र में नेताओं के स्तर पर बैठकें करने के लिए तैयार हैं। सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शीर्ष यूरोपीय राजनयिकों और सिबिहा के साथ फोन पर बातचीत की जिस दौरान वे लंबे समय से चले आ रहे वार्ता के माध्यम से यूक्रेनी संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए।

### फ्रांस ने यहूदी-विरोधी आरोपों पर अमेरिकी दूत को तलब किया

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने यहूदी-विरोधी आरोप लगने के बाद अमेरिकी राजदूत चार्ल्स कुशनर को तलब किया है। अमेरिकी राजदूत ने फ्रांस पर आरोप लगाया था कि उसने यहूदी-विरोधी भावना से निपटने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए। अमेरिकी राजदूत की टिप्पणी को फ्रांस के आंत. रिक मामलों में हस्तक्षेप माना गया है जो वास्तविकता से कोसों दूर है।

### ब्रिटेन में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि हम पुष्टि करते हैं कि आज सुबह आइल ऑफ वाइट में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। विमान में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। इससे पहले, वायु दुर्घटना जांच शाखा ने कहा था कि उसने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



जम्मू-कश्मीर। लगातार बारिश के मद्देनजर जम्मू में बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा के लिए बैठक करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

# गाजा अस्पताल पर इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों की मौत

इजरायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों में अंतराल पर लगातार हमले किए

**दुबई।** गाजा के एक अस्पताल पर दो इजरायली हमलों में पांच पत्रकारों, चिकित्साकर्मियों और अन्य लोगों की मौत के बाद इज़रायल नेतृत्व की जोरदार निंदा हो रही है। सीएनएन की एक रिपोर्ट में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि सोमवार को किए गए हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायल ने खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल पर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर लगातार हमले किए।

नासिर अस्पताल ने बताया कि कुछ ही अंतराल पर किए गए दो हमलों में पत्रकार, स्वास्थ्यकर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के लोग मारे गए, जो शुरुआती हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंचे थे। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बाद में पत्रकारों और वहां पहुंचने वाले लोगों के इन हमलों के मारे जाने की बात स्वीकार की और उनकी मौतों को एक 'दुखद दुर्घटना' बताया। अस्पताल के प्रवक्ता और नर्सिंग प्रमुख डा. मोहम्मद साकर ने बताया कि उन हमलों में पांच पत्रकार और चार स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। इन पत्रकारों में अल जज़ीरा के कैमरामैन मोहम्मद सलामा, रॉयटर्स के लिए काम करने वाले हुसाम अल-मसरी, इस पूरे युद्ध के दौरान एसोसिएटेड प्रेस (एपी) और अन्य मीडिया संस्थानों के साथ काम कर चुकीं मरियम अबू दग्गा और स्वतंत्र पत्रकार मोआथ अबू ताहा और अहमद अबू अज़ीज़ शामिल हैं। गाज़ा के नागरिक सुरक्षा संगठन ने कहा कि हमले में उसके एक कर्मचारी की भी मौत हो गई। इज़रायली हमलों में अस्पताल की एक बालकनी को निशाना बनाया गया, जिसका इस्तेमाल पत्रकार खान यूनिस का ऊपर से नज़ारा देखने के लिए करते थे।

## ईरान ने की गाजा के अस्पताल पर इजरायली हमले की निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने सोमवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के नासिर अस्पताल पर हुए घातक इजरायली हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह हमला एक जघन्य अपराध था जिसमें पांच पत्रकारों सहित कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बघाई ने कहा कि क्रूर बमबारी एक युद्ध अपराध था जिसे इजरायल ने फलस्तीनियों के खिलाफ अपनी नरसंहार योजना के अंतर्गत अंजाम दिया ताकि फलस्तीन को एक राष्ट्र और पहचान के रूप में समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि इजरायल द्वारा गाजा और पश्चिमी तट में मानव एवं मानवा. धिकारों के घोर उल्लंघन के प्रति संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की निष्क्रियता शर्मनाक है। उन्होंने फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार को रोकने और इजरायली अपराधियों को दंडित करने की सभी सरकारों की कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला।

# बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को पालना मुश्किल

## देश की इकोनॉमी पर दबाव बढ़ रहा, म्यांमार भेजने के लिए दुनिया से मदद मांगी



**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

यूनुस ने कहा- यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए। म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे। तब शेख हसीना सरकार ने लाखों रोहिंग्या लोगों को शरण दी थी। इस घटना के 8वें सालगिरह पर युनूस ने रोहिंग्याओं की घर वापसी के लिए 7 प्वाइंट का एक रोडमैप भी जारी किया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है। बांग्लादेश के काक्स बाजार में 8 सालों से रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों ने शरोहिंग्या नरसंहार स्मृति दिवसश मनाया। इस दौरान शरणार्थियों के हाथों में घर वापसी की तख्तियां थी। जिसपर लिखा था: नो मोर रिफ्यूजी लाइफ (शरणार्थी जीवन अब और नहीं)। इस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और डिप्लोमैट्स ने हिस्सा लिया। म्यांमार के रखाइल प्रांत में अराकान सेना के दमन से बचने के लिए रोहिंग्या मुसलमान 25 अगस्त 2017 बांग्लादेश के भाग कर आए थे। इन्हें शेख हसीना की तत्कालीन सरकार ने काक्स बाजार में शरण दी थी। उस समय करीब 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश आए थे। वहीं 3 लाख से अधिक शरणार्थी पहले से ही बांग्लादेश में रह रहे थे। वर्तमान में काक्स बाजार में दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी राजदूत को निष्कासित किया

■ ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने ईरान के राजदूत अहमद सादेघी को निष्कासित कर ईरान में अपने दूतावास को बंद कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने यहूदी विरोधी हमलों में ईरान की कथित लिप्तता के कारण यह कदम उठाया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के सुरक्षा खुफिया संगठन ने देश की संघीय पुलिस के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई यहूदी समुदाय के खिलाफ कई यहूदी विरोधी हमलों की जांच में पाया है कि इनमें से कम से कम दो हमलों को ईरानी सरकार का समर्थन प्राप्त था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा ये ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता की घटनाएं थीं। यह हमारे समाज पर एक हमला है, जिसका उद्देश्य भय पैदा करना, आंतरिक विभाजन को बढ़ावा देना और सामाजिक एकता को नष्ट करना है। हमारे समाज पर ये हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और ऑस्ट्रेलियाई सरकार इसके जवाब में कड़ी और निर्णायक कार्रवाई कर रही है। हमने ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राज. दूत को सूचित कर दिया है कि उन्हें और तीन अन्य ईरानी राजनयिकों को निष्कासित कर दिया जाएगा। हमने तेहरान स्थित अपने दूतावास में कामकाज स्थगित कर दिया है और हमारे सभी राजनयिक अब किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए भी कानून पारित करेगी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108